सुप्रभात
रांची, गुरुवार
31.10.2024
* * नगर संस्करण। पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
रांची और धनबाद से एक साथ प्रकाशित
सबकी बात सबके साथ
दिवाली की शुभकामनाएं
khabarmantralive.com

khabarmantra.net | कार्तिक, कृष्ण पक्ष, चतुर्दशी/अमावस्या, संवत् 2081 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 12 । अंक : 110


12 सलमान खान को फिर मिली धमकी

### सूचना और शुभकामना


दीपावली के शुभ अवसर पर खबर मन्त्र के पाठकों और शुभेच्छाओं को शुभकामनाएं। दीपोत्सव को लेकर खबर मन्त्र कार्यालय और प्रेस 31 अक्टूबर को बंद रहेगा। अखबार का अगला अंक पाठकों को 02 नवंबर को मिलेगा।-- संपादक

# अयोध्या दीपोत्सव : 35 मिनट में जलाये गये 25 लाख से अधिक दीये

### एक साथ दो कीर्तिमानों की साक्षी बनी रामनगरी

एजेंसी

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में प्रभु श्रीराम के दिव्य-भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद बुधवार को आयोजित आठवां दीपोत्सव इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में अंकित हो गया। इसमें दो विश्व कीर्तिमान स्थापित हुए। राम की पैड़ी पर 25 लाख से अधिक दीये 35 मिनट में जलाये गये और सरयू माता की महाआरती में 1600 साधु-संत और भक्त शामिल हुए। यह दीपोत्सव इसलिए भी विशेष रहा कि रामनगरी एक नहीं बल्कि दो कीर्तिमानों की साक्षी बनी। 25 लाख से अधिक दीयों का प्रज्ज्वलन और 1600 अर्चकों की एक साथ सरयू की महाआरती का विश्व कीर्तिमान बना। यह आयोजन वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना चुका है और अब यह पहला सांस्कृतिक आयोजन है एक दिन और एक घंटे की समयावधि में एक ही आयोजन में दो विश्व कीर्तिमान एक नया अध्याय है। एक ओर दीयों की लौ से राम की पैड़ी, भजन संध्या स्थल और चौधरी चरण सिंह घाट आलोकित रहा।



**योगी ने याद किया पहला दीपोत्सव :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दीपोत्सव 2024 के अवसर पर रामकथा पार्क में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार ने अयोध्या के लिए जो वादे किए थे उन्हें पूरा किया। लोकसभा चुनाव में अयोध्या से भाजपा प्रत्याशी की हार का दर्द व्यक्त करते हुए सीएम ने कहा- मां सीता की अग्निपरीक्षा बार-बार नहीं होनी चाहिए, हमें इस अभिशाप से बाहर निकलना होगा। दीपोत्सव के पहले संस्करण को याद करते हुए कहा कि तब रामकथा मंडप छोटा था। उस वक्त यहां एक ही नारा लगता था कि 'योगी जी एक काम करो, मंदिर का निर्माण करो। तब मैंने कहा था- विश्वास है, प्रभुराम की कृपा अवश्य बरसेगी।

## न्यूज डायरी

### पद्मश्री मुकुंद नायक बीमार, एम्स रेफर



**रांची।** पद्म श्री मुकुंद नायक कुछ दिनों से बीमार चल रहे हैं। उन्हें बेहतर इलाज के लिए दिल्ली एम्स ले जाया गया है। इससे पहले मुकुंद नायक को बुधवार को पारस अस्पताल में भर्ती कराया गया था। दरअसल उन्हें स्पाइनल कोड में दर्द के अलावा अन्य दिक्कतें थी।

### जेएलकेएम के 76 उम्मीदवार और वादे 75

**रांची।** जयराम महतो की पार्टी झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा अब तक चुनावी अखाड़े में 76 उम्मीदवारों को मैदान में उतार चुका है। पार्टी ने बुधवार को अपना मेनिफेस्टो भी जारी कर दिया। इस मेनिफेस्टो में 75 वादे किए गए हैं। पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष देवेंद्र नाथ महतो ने बताया कि हम सभी वादों पर खरे उतरेंगे।

### पांच हजार रिश्वत लेते प्रधानाध्यापक गिरफ्तार

**पलामू।** एंटी करप्शन ब्यूरो, पलामू की टीम ने गढ़वा जिले के नगर उंटारी स्थित राजकीय मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनिल विश्वकर्मा को गिरफ्तार किया है। प्रधानाध्यापक मिड डे मिल के चेक पर साइन करने के लिए ₹5000 रिश्वत ले रहे थे। एसीबी ने आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा दिया है। प्रधानाध्यापक की गिरफ्तारी के बाद स्कूल में हडकंप है।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 74500 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 102000 रु./प्रति किलो |




## देवघर एसपी को हटाने पर भड़के हेमंत सोरेन, कहा

# दलित और आदिवासियों से भाजपा को है परेशानी

### प्रतिक्रिया

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** देवघर एसपी अजीत पीटर डुंगडुंग को हटाये जाने पर सीएम हेमंत सोरेन भड़क गये हैं। श्री सोरेन ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि दलित और आदिवासी अफसरों से भाजपा को परेशानी है। भारत निर्वाचन आयोग ने राज्य सरकार को लेटर लिखकर श्री डुंगडुंग के स्थान पर तीन आइपीएस अधिकारियों का पैनल मांगा है। सीएम ने सोशल मीडिया पर इसे साझा करते भाजपा को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा है कि दलित आइएएस अफसर को हटाया गया, लगातार परेशान किया गया। अब आदिवासी आइपीएस अफसर को लगातार परेशान किया जा रहा है। भाजपा को घेरते हुए कहा कि उसे आखिर दलितों, आदिवासियों से इतनी परेशानी क्यों है।



गौरतलब है कि देवघर के पूर्व डीसी रहे मंजूनाथ भजंत्री को भी आयोग की पहल पर पूर्व में वहां से हटाया गया था। यहां तक कि उनके देवघर के पुराने रिकॉर्ड को देखते ही अभी हाल ही में रांची डीसी के पद से भी हटाया गया और वरुण रंजन को डीसी बनाया गया। अब देवघर एसपी के मामले में भी ऐसा ही किया जा रहा है। सांसद निशिकांत दुबे की शिकायत पर लोकसभा चुनाव 2024 के ठीक पहले अजीत पीटर डुंगडुंग को देवघर से हटाया गया था, हालांकि चुनाव संपन्न होते ही राज्य सरकार ने फिर से अजीत पीटर डुंगडुंग को देवघर का एसपी बना दिया था। पर अब विधानसभा चुनाव को देखते निर्वाचन आयोग ने उन्हें फिर से देवघर से हटाये जाने का फैसला लिया है। इसी मुद्दे पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कड़ी आपत्ति जतायी है।

### अब तक 121.14 करोड़ के अवैध सामान और नकदी किये गये जब्त

**रांची।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा है कि 2019 के विधानसभा चुनाव से इस बार अधिक प्रत्याशी मैदान में हैं। इन बढ़े प्रत्याशियों के लिए निर्वाचन आयोग के पास पर्याप्त इवीएम हैं। इसके अलावा स्वच्छ, निष्पक्ष और स्वतंत्र मतदान के लिए तैयारी पूरी है। उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता उल्लंघन को लेकर अब तक कुल 22 प्राथमिकी दर्ज की गयी है और उस पर कार्रवाई की प्रक्रिया चल रही है। उन्होंने बताया कि राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 121.14 करोड़ के अवैध सामान और नकदी जब्त की गयी है। इसमें सर्वाधिक जब्ती राज्य पुलिस की ओर से की गयी है। एक करोड़ से अधिक जब्ती वाले जिले में 3.03 करोड़ के साथ खूंटी जिला सबसे आगे है जबकि 2.80 करोड़ के साथ गिरिडीह दूसरे और 1.97 करोड़ के साथ पूर्वी सिंहभूम जिला का स्थान तीसरा है।

## गुप्त सूचना पर रांची पुलिस ने की छापेमारी

# जीडी गोयनका स्कूल से ₹1,14,99,980 बरामद

### बड़ी कार्रवाई

एजेंसी

**रांची।** रांची पुलिस ने नामकुम थाना क्षेत्र के जीडी गोयनका स्कूल में बुधवार को छापेमारी के दौरान एक करोड़ 14 लाख 99 हजार 980 रुपये बरामद किए हैं। पुलिस ने छापेमारी के दौरान विभिन्न ब्रांड के तीन विदेशी शराब की बोतल, एक अमेरिकन टूरिस्टर बैग और दो मोबाइल फोन भी जब्त किया है। रांची के उपायुक्त वरुण रंजन और एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने संयुक्त रुप से देर शाम संवाददाता सम्मेलन में बताया कि जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल परिसर में चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करने एवं मतदान में धन-बल का उपयोग करने के उद्देश्य से नकद रुपये छिपाकर रखे जाने की सूचना मिली थी जिसके बाद यह कार्रवाई की गयी।



एसएसपी ने बताया कि छापेमारी टीम में करीब 100 की संख्या में सशस्त्र बल को शामिल किया गया। स्कूल की तलाशी के दौरान स्कूल के अध्यक्ष मदन सिंह और विद्यालय के अन्य कर्मी थे। इस क्रम में उप-प्रधानाध्यापक के कमरे में लकड़ी की अलमारी से नकद रूपये बरामद हुए। बरामद रुपये के संबंध में चुनाव आचार संहिता का उल्लघंन के आरोप में नामकुम थाना में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। बरामद रकम के वैध स्रोत के संबंध में पता किया जा रहा है। आयकर विभाग को भी इसकी सूचना दे दी गयी है।






## चार नवंबर को चाईबासा और गढ़वा में मोदी की जनसभा

# झारखंड में जीत के साथ विकास का सूर्योदय होगा : शिवराज सिंह चौहान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्रीय कृषि मंत्री सह भाजपा झारखंड के चुनाव प्रभारी शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस की सरकार रहते हुए झारखंडवासी सुखी नहीं रह सकते। झारखंड में आज घोर अंधकार है। विकास कार्य ठप है। अपहरण, डकैती, लूट अंधेरा बनकर छाया हुआ है। मां बहन और बेटी अंधकार में है। झारखंड को अगर बचाना है दीपावली के बाद जो चुनाव होने वाले हैं उसमें आप भाजपा और एनडीए की सरकार लेकर आयें। तभी विकास का प्रकाश फैलेगा। झारखंड में विकास के सूर्योदय का उदय होगा।

### चार को पीएम मोदी, दो को आयेंगे अमित शाह



केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि 4 नवंबर को पीएम मोदी झारखंड आ रहे हैं। वे चाईबासा और गढ़वा में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले 2 को गृह मंत्री अमित शाह रांची पहुंचेंगे। वे उसी दिन शाम भाजपा नेताओं के साथ चुनावी तैयारियों की समीक्षा करेंगे। अगले दिन श्री शाह धालभूमगढ़, सिमरिया और बरकट्ठा में चुनावी रैलियों को संबोधित करेंगे। मोदी और शाह के नेतृत्व में प्रदेश के प्रमुख नेता झारखंड में चुनावी अभियान का शंखनाद करेंगे।

**भाजपा का प्रण :** श्री चौहान ने कहा कि भाजपा का प्रण है झारखंड की रोटी, बेटी, माटी हम बचाएंगे। विदेशी घुसपैठियों को रोकेंगे। भारत में रहने वाला हर नागरिक हमारा भाई है लेकिन विदेशी घुसपैठिये बाहर निकाले जायेंगे। नौजवानों को रोजगार मिले इस बाबत पहले कैबिनेट में ही 2 लाख 87 हजार खाली पदों को भरने का फैसला होगा। भाजपा एनडीए की सरकार बनने के बाद हर महीने की 11 तारीख को मां बहनों के खाते में 2100 रुपए डाले जायेंगे।




# आदर्श आचार संहिता के अनुपालन में राजनीतिक दलों का सहयोग अपेक्षित : के. रवि कुमार

## मतदाता सूची में नाम होने पर वोटर आईडी कार्ड के अलावा अन्य 12 डॉक्यूमेंट दिखाकर भी कर सकते हैं वोट

- राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी (सीईओ) ने बुधवार को निर्वाचन सदन में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। मौके पर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल विधानसभा निर्वाचन में आदर्श आचार संहिता का अनुपालन करते हुए प्रचार-प्रसार करें।

उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता के दिशानिदेर्शों से केवल प्रत्याशियों को ही नहीं अपितु अपने कार्यकर्ताओं को भी अवगत कराते हुए उसका अनुपालन सुनिश्चित कराएं। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता पहचान पत्र के अलावा अन्य 12 पहचान पत्र चिह्नित किए गए हैं, जिसे दिखाकर मतदाता सूची में नाम रहने पर मतदाता अपने मताधिकार का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस से भी कर सकते हैं वोट :** सीईओ ने कहा कि इस 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान पत्र में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र, राज्य सरकार, पीएसयू, सार्वजनिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंक, डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों, विधायकों, एमएलसी को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेबिलिटी आईडी शामिल हैं। बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों द्वारा विधानसभा निर्वाचन में आने वाली समस्या अथवा संशय की स्थिति के बारे में जाना। उसके बाद भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अनुपालन करते हुए उसके निराकरण संबंधी जानकारी भी उपलब्ध कराई।

इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ। नेहा अरोड़ा, ओएसडी गीता चौबे सहित सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# हेमंत सरकार घुसपैठियों की बनवा रही आधारकार्ड : हिमंता

- भाजपा सरकार बनेगी तब महिलाओं के खाते में जायेंगे 2100 रुपये

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची/बहरागोड़ा।** हिमंता बिश्व सरमा ने हेमंत सरकार पर हमला बोला है। श्री सरमा बुधवार को बहरागोड़ा में पार्टी प्रत्याशी डॉ दिनेशानंद गोस्वामी के पक्ष में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि झामुमो सरकार बांग्लादेश के घुसपैठिये को हर दिन राज्य में बसा रही है। ये घुसपैठिये राज्य की आदिवासी बेटियों से शादी करके उनके जमीनों को हड़पते हैं और मुखिया बन जाते हैं लेकिन, गठबंधन सरकार घुसपैठिये के खिलाफ कुछ नहीं करती है। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में हजारों लाखों घुसपैठिये घुसकर सामाजिक वातावरण पूरी तरह से हिला कर रख दिया है।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि झारखंड में भाजपा सरकार बनेगी तो बांग्लादेश से जितने मुसलमान आकर यहां बस रहे हैं, आदिवासियों के जमीनों पर कब्जा कर उनके हक अधिकारों को छीन रहे हैं। उनको कानून के रास्ते लात मारकर बाहर करेंगे। यह राज्य घुसपैठियों के लिए नहीं है। उन्होंने कहा कि झारखंड में हिंदुओं और आदिवासियों की संख्या कम होती जा रही है। मामला झारखंड हाईकोर्ट में भी है। केंद्र सरकार ने हलफनामा दाखिल किया कि घुसपैठिये मदरसा में आ रहे हैं।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता और मंत्री इरफान अंसारी ने सीता सोरेन के खिलाफ अभद्र भाषा का व्यवहार किया है। सीता सोरेन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भाभी हैं लेकिन हेमंत सोरेन इसके बाद भी इरफान अंसारी को जेल नहीं भेजते हैं। उन्होंने गठबंधन सरकार पर वादा खिलाफी का आरोप लगाया। गठबंधन सरकार ने नाना, नानी, दादा-दादी का पेंशन बंद कर दिया है। उन्होंने घर में बहु और मां के बीच झगड़ा लगा दिये हैं। एक का पेंशन काट दूसरे के खाते में पैसा डालकर झगड़ा कराया जा रहा है। जब भाजपा की सरकार बनेगी तो महिलाओं के खाते में 2100 रुपये डाले जायेंगे।

### दूसरे चरण की 38 सीटों के लिए 634 उम्मीदवारों का हुआ नामांकन

# सबसे अधिक बोकारो और धनवार में 27-27 व सबसे कम देवघर में 8 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

**एक नवंबर नामांकन वापसी का अंतिम दिन**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** झारखंड की 81 विधानसभा सीटों पर दो चरणों में मतदान होना है। पहला चरण 13 नवंबर को और दूसरा चरण 20 नवंबर को होगा। वहीं 23 नवंबर को चुनाव के नतीजे आयेंगे। दूसरे चरण में 38 विस सीटों पर मतदान होना है। 29 अक्टूबर को दूसरे चरण के नॉमिनेशन के अंतिम दिन 297 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा। वहीं 38 सीटों पर कुल 634 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया है। सबसे अधिक बोकारो और धनवार में 27-27 प्रत्याशियों ने नॉमिनेशन किया है। वहीं देवघर में सबसे कम 8 प्रत्याशियों ने पर्चा भरा है। नॉमिनेशन के बाद बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच की गयी। वहीं 1 नवंबर को नॉमिनेशन वापस लेने का अंतिम दिन होगा।

**दूसरे चरण में 38 सीटों कितने प्रत्याशी**

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| राजमहल - | 15 | सारठ - | 18 | गोमिया - | 21 |
| बोरियो - | 16 | देवघर - | 8 | बेरमो - | 18 |
| बरहेट - | 11 | पौड़ेयाहाट - | 13 | बोकारो - | 27 |
| लिट्टीपाड़ा - | 10 | गोड्डा - | 21 | चंदनकियारी - | 12 |
| पाकुड़ - | 21 | महगामा - | 13 | सिंदरी - | 10 |
| महेशपुर - | 18 | रामगढ़ - | 18 | निरसा - | 11 |
| शिकारीपाड़ा - | 13 | मांडू - | 21 | धनबाद - | 19 |
| नाला - | 21 | धनवार - | 27 | झरिया - | 12 |
| जामताड़ा - | 19 | बगोदर - | 19 | टुंडी - | 24 |
| दुमका - | 14 | जमुआ - | 12 | बाघमारा - | 13 |
| जामा - | 17 | गांडेय - | 17 | सिल्ली - | 16 |
| जरमुंडी - | 19 | गिरिडीह - | 17 | खिजरी - | 22 |
| मधुपुर - | 18 | डुमरी - | 13 | कुल- | 634 |

## संस्कृतिकर्मियों ने शहीदों की दी श्रद्धांजलि

**रांची।** बांग्ला सांस्कृतिक कर्मी वृंद के सदस्यों ने दिवाली की पूर्व संध्या पर बुधवार को शहीद चौक स्थित जिला स्कूल परिसर में दीया और मोमबत्ती जलाकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। स्कूल परिसर में स्थापित 1858 के सिपाही विद्रोह के शहीद विश्वनाथ शाहदेव और शहीद गणपत राय की प्रतिमा के समक्ष दीया जलाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही, देश की सीमाओं की रक्षा के लिए तैनात भारतीय सेना के जवानों के लिए जयकारा लगाया गया। मौके पर बांग्ला सांस्कृतिक कर्मी वृंद के संयोजक सुविधा लहरी समेत बड़ी संख्या में वन समुदाय के लोग मौजूद थे।

# राज्य के मेडिकल कॉलेजों और सदर अस्पतालों का मैनेजेंट होगा दुरुस्त

- मुख्य सचिव की अध्यक्षता में हुई प्रशासनिक समिति की बैठक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** राज्य के मेडिकल कॉलेजों, सदर अस्पतालों, अनुमंडलीय अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों की मैनेंजमेंट व्यवस्था दुरुस्त की जाएगी। इसके लिए चीफ सेक्रेट्री की अध्यक्षता में हुई प्रशासनिक समिति की बैठक हुई। इसमें विकास आयुक्त, प्रधान सचिव योजना एवं विकास, वित्त सचिव और कार्मिक सचिव भी शामिल हुए। बैठक में राज्य के मेडिकल कॉलेज, सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में संविदा के आधार पर वरीय अस्पताल प्रबंधक, वित्तीय प्रबंधक और आइटी एक्सक्यूटिव की नियुक्ति करने की अनुशंसा की गई।

**मेडिकल कॉलेजों में 25 पद पर होगी नियुक्ति**

राज्य के मेडिकल कॉलेजों में 15 वरीय अस्पताल प्रबंधक, पांच वित्तीय प्रबंधक, और पांच आइटी एक्सक्यूटिव की संविदा के आधार पर बहाली होगी। कुल 25 पदों पर नियुक्ति की अनुशंसा की गई है।

**संविदा के आधार पर होगी वरीय अस्पताल प्रबंधक, वित्तीय प्रबंधक और आइटी एक्सक्यूटिव की नियुक्ति**

**सदर अस्पताल में 72 पदों पर नियुक्ति की अनुशंसा**

राज्य के सदर अस्पतालों में 24 वरीय अस्पताल प्रबंधक, 24 वित्तीय प्रबंधक और 24 आइटी एक्सीक्यूटिव की बहाली होगी। कुल 72 पदों पर नियुक्ति की जाएगी। अनुंडलीय अस्पतालों में 13 अस्पताल प्रबंधक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 188 अस्पताल प्रबंधक की नियुक्ति की अनुशंसा की गई है।


**फैक्ट फाइल**

बैठक में निर्णय लिया गया कि कुल 298 पदों पर नियुक्ति होगी। मेडिकल कॉलेज और सदर अस्पताल के वरीय अस्पताल प्रबंधक को प्रति माह 60 हजार रुपए वेतन दिए जाएंगे। मेडिकल कॉलेज और सदर अस्पताल के वित्तीय प्रबंधक को प्रति माह 60 हजार रुपए वेतन दिए जाएंगे। मेडिकल कॉलेज और सदर अस्पताल के आइटी एक्सक्यूटिव को प्रति माह 60 हजार रुपए वेतन दिए जाएंगे। अनुमंडल और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अस्पताल प्रबंधक को प्रति माह 41 हजार रुपए दिए जाएंगे।

### पहले चरण में 13 को कई मंत्रियों, 3 पूर्व सीएम की प्रतिष्ठा भी दांव पर

# बन्ना समेत कई मंत्रियों व सीपी, भानू, चपंई के भाग्य का फैसला









**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के पहले चरण में कई मंत्रियों और विधायकों के भाग्य का फैसला होगा। वहीं इसी चरण में एक पूर्व सीएम और दो के परिजनों की प्रतिष्ठा भी दांव पर है। पहले चरण की स्क्रूटनी के बाद मैदान में 743 उम्मीदवार बचे हैं। बुधवार को नाम वापसी का समय भी बीत गया। 13 नवंबर को पहले चरण का मतदान है। ज्यादातर सीटों पर इंडिया गठबंधन और एनडीए की सीधी टक्कर है। पहले चरण में पक्ष-विपक्ष के कई दिग्गजों (मंत्रियों और विधायकों) के भाग्य का फैसला होना है। कई बड़े चेहरे चुनाव की चुनौतियों से दो-चार होंगे।

**कई मंत्रियों व दिग्गजों की प्रतिष्ठा दांव पर**

पहले चरण में मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव, दीपक बिरुआ, बैजनाथ राम, मिथिलेश ठाकुर, विधायक अंबा प्रसाद, रामचंद्र सिंह, बन्ना गुप्ता, सबिता महतो, समीर मोहंती, सुखराम उरांव, निरल पूर्ति, भूषण तिर्की, भूषण बाड़ा, विकास मुंडा, दशरथ गागरई, शिल्पी नेहा तिर्की, जिगा सुशासन होरो, चमरा लिंडा, नमन विक्सल कोंगाड़ी, मंत्री सत्यानंद भोक्ता की बहू रश्मि प्रकाश, भाजपा छोड़कर झामुमो में आये गणेश महली, कांग्रेस से डॉ अजय कुमार चुनाव मैदान में हैं। वहीं एनडीए से पूर्व सीएम चंपई सोरेन, पूर्व मंत्री नीरा यादव, सीपी सिंह, सुदर्शन भगत, भानु प्रताप शाही, नीलकंठ सिंह मुंडा, सरयू राय, राजा पीटर, रामचंद्र सहिस, अमित यादव, कुशवाहा शशिभूषण मेहता, आलोक चौरसिया, कोचे मुंडा, पुष्पा देवी, नवीन जायसवाल, कमलेश सिंह भी मैदान में हैं। इसके अतिरिक्त कई पूर्व विधायक की किस्मत का फैसला भी पहले चरण में होगा। वहीं पूर्व सीएम रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास साहु, मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा और अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा के भाग्य का फैसला भी होगा।

## सिल्ली विस सीट : दूसरे चरण की स्क्रूटनी पूरी, 15 नामांकन हुए स्वीकृत

**रांची।** विधानसभा चुनाव 2024 में दूसरे चरण के मतदान के लिए 61-सिल्ली विधानसभा क्षेत्र के लिए स्क्रूटनी का कार्य बुधवार को पूरा किया जा चुका है। स्क्रूटनी के बाद एक अभ्यर्थी का नामांकन अस्वीकृत किया गया, जबकि शेष 15 अभ्यर्थियों के नामांकन स्वीकृत किये गए, निर्दलीय अभ्यर्थी विजय कुमार का नामांकन अस्वीकृत किया गया। 15 स्वीकृत अभ्यर्थियों का नामांकन स्वीकृत : डॉ अमित कुमार- निर्दलीय, रामेश्वर महतो- झारखंड मुक्ति मोर्चा (उलगुलान), अजीत कुमार- बहुजन समाज पार्टी, अनिल कुमार महतो- पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक), पंकज महतो- निर्दलीय, मनोरंजन भट्टाचार्य- निर्दलीय, रविंद्र लाल यादव- झारखंड पार्टी, अमित कुमार- झारखंड मुक्ति मोर्चा, अनिल सिंह मुंडा- भारत आदिवासी पार्टी, राजेश्वर महतो- निर्दलीय, हेमंती देवी- निर्दलीय, विकास सिंह मुंडा- निर्दलीय, धनपति महतो- निर्दलीय, सुदेश कुमार महतो- आजसू, देवेंद्र नाथ महतो- जेएलकेएम का नामांकन स्वीकृत हुआ।

# दीपावली के बाद झारखंड के चुनावी दंगल में नजर आयेंगे कई फायर ब्रांड नेता

- मियां-बीबी के बल झामुमो झारखंड का चुनावी जंग जीतने को तैयार
- वहीं, झारखंड भाजपा और कांग्रेस के नेताओं को है अपने आका का इंतजार

**सुधीर**

**रांची।** झारखंड में दोनों चरणों के चुनाव के लिए नॉमिनेशन फार्म भर दिये गये हैं। पहले चरण का नामांकन खत्म हो गया है। दूसरे चरण का नामंकन भी दीवाली के बाद खत्म हो जायेगा। ऐसे में अब झारखंड विधानसभा चुनाव के इलेक्शन कैंपेन में में वोटरों को लुभाने के लिए फायर ब्रांड नेता राज्य के विभिन्न हिस्सों में देखने को मिलेंगे। वह अपनी लाग-लपेटवाली बातों से वोटरों को अपने वश में करने का हरसंभव प्रयास करेंगे। झारखंड में अब तो खास कर कांग्रेस और भाजपा के स्टार प्रचारकों का आना-जाना लगा रहेगा। इससे पहले भी यहां भाजपा के एक वर्तमान और एक पूर्व मुख्यमंत्री जनता के बीच जाकर सरकार की नाकामियां और अपनी खुबियां गिनाते नजर आ रहे हैं। एक-एक सीट का कैलकुलेशन करते हुए आगे बढ़ रहे हैं।

**इन नेताओं पर झारखंड के नेताओं को भरोसा :** झारखंड के नेताओं में खुद का दम नहीं दिख रहा है। झामुमो को छोड़ दोनों बड़े दल अपने-अपने आका के आने का इंतजार कर रहे हैं। शायद उनके आने से कोई चमत्कार हो जाये। झारखंड विधानसभा का चुनाव फतह करने को कांग्रेस ने राहुल गांधी, मल्लिकार्जन खरगे, प्रियंका गांधी, सोनिया गांधी सहित 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। वहीं भाजपा के इलेक्शन कैंपेन में सबसे पहले तीन नवंबर को अमित शाह आएंगे। वे तीन रैलियों को संबोधित भी करेंगे। वहीं पीएम मोदी चार नवंबर को चाईबासा और गढ़वा में दो रैलियों को संबोधित करेंगे। इन दो रैलियों के जरिये पीएम 20 विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं तक अपनी बातों को पहुंचाएंगे। जानकारी के अनुसार, पीएम झारखंड में छह रैलियों को संबोधित करेंगे।

**मियां-बीबी ने दे रखी है सभी को चुनौती :** राजनीति के जानकारों की मानें तो झारखंड में झामुमो देश की सबसे बड़ी पार्टी पर भी वोटरों को लुभाने में भारी पड़ रही है। झामुमो के कार्यकारी अध्यक्ष और राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी सह गांडेय की विधायक कल्पना मुर्मू सोरेन वोटरों के बीच लोक लुभावन नारों को परोसने में काफी आगे हैं। यही कारण है कि मियां-बीबी ने झारखंड में भाजपा के सभी नेताओं को चुनौती दे रखा है। इतना ही नहीं, पार्टी झारखंड में 30 से अधिक सीटों को जीतने का दावा कर रही है।

**मुख्यमंत्री का चेहरा नहीं, चुनाव जीतना पहली प्राथमिकता :** असम के सीएम सह झारखंड बीजेपी के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा ने बुधवार को चाईबासा में पीएम के कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया। वहां उन्होंने पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। सीएम फेस पर कहा कि पार्टी मुख्यमंत्री का चेहरा सामने कर चुनाव नहीं लड़ती है। मुक्यमंत्री के मामले में जो आलाकमान का निर्णय होगा, उसे सभी को मानना होगा। हमारी पहली प्राथमिकता चुनाव जीतने की है। कोल्हान की सभी 14 सीटों पर भाजपा की जीत होगी।

# भ्रष्टाचार, रोजगार व घुसपैठ के नारों संग परवान चढ़ रहा चुनाव

**उदय चौहान**



**रांची।** झारखंड में भ्रष्टाचार, रोजगार एवं घुसपैठ बड़ा चुनावी मुद्दा है। इन्हीं मुद्दों के ईर्द-गिर्द चुनावी बयार बह रही है। भाजपा ने माटी, बेटी व रोटी बचाने की बात कर रही है। चुनाव में नारों का बड़ा महत्व है। विधानसभा चुनाव में सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेताओं की ओर से रोज नये नारे और जुमले गढ़े जा रहे हैं। भाजपा ने माटी, रोटी व बेटी बचाने के बहाने हेमंत सरकार के पिछले पांच वर्षों के कार्य कसौटी पर कसा है। वहीं, सत्ताधारी घटक दलों की ओर से भाजपा पर झूठ व फरेब परोसने का आरोप लगाया जा रहा है। इसके अलावा कहीं-कहीं बाहरी-भीतरी के मुद्दे भी उठाये जा रहे हैं। वोटरों को रिझाने के लिये हर नेता हरसंभव प्रयास में जुटा है। इसी तर्ज पर भाजपा ने अभी विधानसभा चुनाव में क्या मिला, नारा दिया है। इस नारे के बहाने हेमंत सरकार के पिछले पांच वर्षों के कार्य कसौटी पर कसे जा रहे हैं। वादों को पूरा नहीं करने के आरोप से लेकर आम आदमी की अनदेखी के आरोप इसमें शामिल हैं।

**भाजपा ने माटी, बेटी, रोटी बचाने का नारा किया बुलंद**

भाजपा के क्या मिला नारे के जवाब में झामुमो कब मिलेगा, का नारा दे रहा है। इसमें झारखंड के कोयला रायल्टी मद के बकाया एक लाख 36 हजार करोड़ रुपये के भुगतान में केंद्र सरकार तथा भाजपा द्वारा रुचि नहीं दिखाने का आरोप है। चौराहों पर इसके बड़े-बड़े होर्डिंग लगाये गये हैं और विज्ञापन भी छपवाये जा रहे हैं। झारखंड में भाजपा का माटी, बेटी, रोटी नारा बुलंद कर रही है। इस नारे के माध्यम से आदिवासी अस्मिता का सवाल उठाकर बांग्लादेशी घुसपैठियों द्वारा आदिवासी महिलाओं का उत्पीड़न, मतांतरण, जमीन पर कब्जा और धोखा देकर विवाह करने तथा इसके परिणामस्वरूप आदिवासियों की संख्या में लगातार कमी आने का मुद्दा उठाया जा रहा है। यह झामुमो के अरसे से चले आ रहे प्रभावी नारे जल, जंगल, जमीन का जवाब भी है। इस नारे के माध्यम से झामुमो आदिवासियत और झारखंडियत के जमीनी सवालों को उभारकर खुद को उसका संरक्षक बताता रहा है। हालांकि, इस चुनाव में झामुमो इसका कम इस्तेमाल कर रही है। जैसे-जैसे चुनाव की तिथि नजदीक आयेगी चुनावी नारों में तल्खी आती जायेगी। सत्ता पक्ष एवं विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर अभी फूल स्पीड में चल रहा है।



# व्यापम जैसे महा घोटाले के आरोपी शिवराज सिंह चौहान को भ्रष्टाचार की बात नहीं करनी चाहिए : कांग्रेस

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मुख्य प्रवक्ता संजय पांडे ने भाजपा पर पलटवार करते हुए कहा है कि केन्द्रीय मंत्री सह झारखंड भाजपा प्रभारी शिवराज सिंह चौहान झारखंड की जनता आपसे जानना चाहती है कि रघुवर दास की सरकार ने अपने शासनकाल के 5 सालों में महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कौन से ऐसे कदम उठाए, जो मइंया समान योजना, सर्वजन पेंशन योजना से अच्छा था, जिसे बंद कर दिया गया है। भाजपा के नेता सिर्फ झारखंड में लोगों को भ्रमित कर झूठ पर झूठ बोले जा रहे हैं, लेकिन वे यह नहीं बता रहे हैं कि झारखंड में भाजपा के पिछले सरकारों ने झारखंड वासियों के लिए, आदिवासियों के लिए, महिलाओं के लिए, युवाओं के लिए, गरीबों के लिए, दलितों के लिए, पिछड़ों के लिए ऐसा कौन सा काम किया है, या केंद्र में स्थापित मोदी जी की सरकार ने झारखंड के हित में किया जिसके कारण जनता उन्हें वोट दे।

महिला सशक्तिकरण के नाम पर 2100 देने का वादा बीजेपी करती है, क्या यह वादा 15 लाख हर खाते में, की तरह है, जो सिर्फ भाजपा के लोगों को मिला, झारखंड की जनता को तो नहीं मिला। क्या बीजेपी का वादा 2 करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने जैसा है, जो झारखंड के युवाओं को तो नहीं मिला।

किसान को प्रति एकड़ 5 हजार देने की बात शिवराज जी करते हैं, अब झारखंड की जनता तय करें कि प्रति एकड़ 5000 रुपये अधिक होता है, या दो लाख तक का कर्ज माफी। सिर्फ कहना और करने में बहुत अंतर होता है शिवराज जी।

आप लोगों ने और आपके नेताओं ने झारखंड वासियों के लिए कितने वादे किए हैं, बड़े-बड़े बातें की, सुनहरे सपने दिखाए, परंतु धरातल पर उतर कुछ नहीं। आपके 17 साल के शासन में झारखंड और झारखंडियों को सिर्फ निराशा मिला। जिसके कारण दुखी होकर पिछले चुनाव में झारखंड की जनता ने महाकठबंधन को पूर्ण बहुमत से सरकार में बैठाया। ऐसी बातें बोलकर झारखंड की जनता के जनादेश का, आशीर्वाद का, समर्थन का सीधे तौर पर अपमान शिवराज जी कर रहे हैं।

स्पीड न्यूज

### बुनियादी विद्यालय पोलपोल में सतर्कता कार्यक्रम सम्पन्न

**मेदिनीनगर।** पावर ग्रिड कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 के अंतर्गत सदर प्रखंड मेदिनीनगर के पोलपोल स्थित राजकीय बुनियादी विद्यालय के बच्चों के मध्य चित्रांकन प्रतियोगिता आयोजित कर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। इस प्रतियोगिता में प्रतिभागी के रूप में विद्यालय के कक्षा 1 से 8 के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### छठ पर्व में व्रतियों के लिए पथ में जल जमाव

**मेदिनीनगर।** कायस्थ महासभा के स्नेह रंजन श्रीवास्तव ने जिला प्रशासन से सुरभी नगर बाई पास रोड वार्ड आठ में पथ में जल जमाव से अवगत कराते हुए पहल करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि छठ पर्व शुद्धता व निष्ठा का प्रतीक है। इस पथ से होकर छठव्रती पर्व करने व अर्ध्य देने घाटों तक जाते है। जल जमाव में व्रतियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

### पूर्व स्पीकर ने पुत्र के समर्थन में किया दौरा

**मेदिनीनगर।** झारखंड विधानसभा के पूर्व स्पीकर सह पूर्व विधायक इंदर सिंह नामधारी ने डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चैनपुर प्रखंड के सेमरा, सलतुआ, बहरा खूर्द, खुर कला, रबदा, जयनगरा, बंधुआ सहित दर्जनों गांव का भ्रमण किया। उन्होंने अपने पुत्र निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी के पक्ष में जनता से मतदान करने की अपील की।

### संत मरियम स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम

**मेदिनीनगर।** भारतीय संस्कृति, सभ्यता व लोक आस्था का पर्व दीपावली व छठ पूजा के मौके पर चैनपुर स्थित संत मरियम किड्स स्कूल में सुंदर सा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव, चैनपुर प्रखंड के प्रमुख गायत्री देवी, निदेशक आनंद कुमार व अन्य शिक्षकों के द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन किया। जहाँ विद्यालय में अध्यनरत नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा नाटक व भगवान राम के भजनों पर नन्हे पांवों का झूमने का दृश्य सम्मोहक दिखा।

### सड़क दुर्घटना में मध्य प्रदेश के युवक की मौत

**पाटन पलामू।** थाना क्षेत्र के सखुई गांव में बीती रात मध्य प्रदेश के छतरपुर जिला निवासी स्वर्गीय दुलीचंद अहिरवाल के पुत्र देशराज अहिरवाल उम्र 32 वर्ष की मौत हो गई। इस घटना के बारे में मृतक के परिजनों ने बताया कि देशराज अहिरवाल का ससुराल पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के स्थानीय निवासी लाल मोहन मोची के घर है। दो दिन पहले देशराज अहिरवाल अपने पत्नी और बच्चों के साथ छठ पूजा करने अपना ससुराल पाटन आया हुआ था। बीती रात मंगलवार को देशराज अहिरवाल बाइक पर सवार होकर पाटन सखुई किसी काम से गया था।

### आर्यावर्त मॉडर्न स्कूल में मना रंगोली दीप उत्सव

**हुसैनाबाद पलामू।** शहर के कृष्णानगर में स्थित आर्यावर्त मॉडर्न पब्लिक स्कूल में दीपावली के सुभवसर पर विद्यालय के बच्चों ने भव्य व आकर्ष रंगोली सह दीप उत्सव प्रतियोगिता आयोजित किया। इस मौके पर अतिथि के रूप में पूर्व छात्र संघ नेता व पत्रकार गौतम पटेल, बीरेंद्र क्रांतिकारी,शिक्षक योगेंद्र यादव, विद्यालय के प्रधानाचार्य ऋषिकेश चौबे ने संयुक्त रूप से बच्चों के द्वारा बनाये गये रंगोली का अवलोकन किया तथा बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चियों को मेडल देकर सम्मानित किया।

### समता स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**हुसैनाबाद पलामू।** देश भर में दीपावली की तैयारी जोरों पर लोग अपने जीवन मे प्रकाश के इस पर्व को रंगोली उत्सव के रूप में भी मनाते हैं। बुधवार को जपला शहर के अमन चैन मोहल्ला में स्थित समता स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मौके पर प्राचार्य अक्षय चौहान ने कहा कि दिप उत्सव व रंगोली हमारे पुरातन संस्कृतियों से जुड़ा है।

# ये हैं पूर्वी सिंहभूम के विधानसभा में भाग्य आजमा रहे रणबांकुरे और उनका चुनाव चिह्न

- पूर्वी से अमित और सोमनाथ और बहरागोड़ा से धीरेंद्रनाथ ने लिया नामांकन वापस



- 13 को कीजिएगा पहले मतदान, तब करना है घर आकर जलपान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**जमशेदपुर।** विधानसभा निर्वाचन 2024 के मद्देनजर नाम वापसी के अंतिम तिथि को तीन प्रत्याशियों ने नाम वापस लिया। 44- बहरागोड़ा एवं 45- घाटशिला के आर.ओ. ने एसडीओ कार्यालय घाटशिला के सभागार में तथा 46-पोटका, 47-जुगसलाई, 48-जमशेदपुर पूर्व एवं 49 जमशेदपुर पश्चिम के आर.ओ. द्वारा समाहरणालय सभागार में प्रेस वार्ता को संबोधित किया गया। 44-बहरागोड़ा से धीरेन्द्रनाथ बेरा, निर्दलीय प्रत्याशी तथा 48-जमशेदपुर पूर्वी से सोमनाथ बनर्जी, निर्दलीय व अमित कुमार, निर्दलीय प्रत्याशी ने नामांकन वापस लिया है।

**44- बहरागोड़ा विधानसभा क्षेत्र**

1. दिनेशानंद गोस्वामी, बीजेपी- कमल
2. सनत महतो, बहुजन समाज पार्टी - हाथी
3. समीर कुमार मोहंती, झारखंड मुक्ति मोर्चा - तीर-कमान
4. स्वपन कुमार महतो, सीपीआई एम - हथौड़ा, हंसिया और सितारा
5. अमर भकत, भागीदारी पार्टी (पी) - हान्डी
6. अशोक महतो, एनसीपी - घड़ी
7. अर्जुन कुमार टुडू, भारत आदिवासी पार्टी- हॉकी और बॉल
8. हर प्रसाद सिंह सोलंकी, एसयूसीआई कम्यूनिस्ट - बैटरी- टॉर्च
9. कविता साव, निर्दलीय - चूड़ियां
10. दुर्गापद घोष, निर्दलीय - केतली
11. फनी भूषण महतो, निर्दलीय- ट्रक
12. रंजीत चाटियाल, निर्दलीय - हेलमेट
13. राम मुर्मू, निर्दलीय- कोट
14. सूरज गोप, निर्दलीय- बल्ला

**45- घाटशिला विधानसभा क्षेत्र**

1. बाबूलाल सोरेन, भारतीय जनता पार्टी- कमल फूल
2. रामदास सोरेन, झारखंड मुक्ति मोर्चा- तीर-कमान
3. इंद्रजीत मुर्मू, भारत आदिवासी पार्टी- हॉकी और बॉल
4. दिकू बेसरा, एसयूसीआई कम्यूनिस्ट - बैटरी टॉर्च
5. पार्वती हांसदा, निर्दलीय- फलों से युक्त टोकरी
6. मनोज मार्डी, अम्बेडकराईट पार्टी ऑफ इंडिया- कोट
7. रामदास मुर्मू, जेएलकेएम- कैंची
8. सूर्य सिंह बेसरा, जे पी पी- हान्डी
9. पंचानन सोरेन, निर्दलीय- कांच का गिलास
10. बिक्रम किस्कु, निर्दलीय- बल्ला
11. रामदेव हेम्ब्रम, निर्दलीय- एयरकंडीसनर
12. सुनील कुमार मुर्मू, निर्दलीय- डीजल पम्प

**48- जमशेदपुर पूर्व विधानसभा क्षेत्र**

1. डॉ. अजय कुमार, कांग्रेस - हाथ
2. आनंद पत्रलेख, बहुजन समाज पार्टी- हाथी
3. पूर्णिमा साहू, भारतीय जनता पार्टी- कमल
4. इंदल कुमार सिंह, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक- फलों से युक्त टोकरी
5. कृष्णा हांसदा, भारत आदिवासी पार्टी- हॉकी और बॉल
6. तरुण कुमार दे, जेएलकेएम - कैंची
7. पवन कुमार पांडेय, एनसीपी- घड़ी
8. माधवेन्द्र मेहता, जेपीपी - हान्डी
9. सुरजीत सिंह, राईट टू रिकॉल पार्टी प्रत्याशी- प्रेशर कुकर
10. अभिषेक कुमार, निर्दलीय - हेलिकॉप्टर
11. कंचन सिंह, निर्दलीय - उपहार
12. कृष्णा लोहार, निर्दलीय - फुटबॉल
13. गोपाल लोहार, निर्दलीय - अलमारी
14. दिनकर कच्छप, निर्दलीय - सीसीटीवी कैमरा
15. धर्मेंद्र सिंह, निर्दलीय - खाने से भरी थाली
16. बब्लू खुटिया, निर्दलीय - ऑटो रिक्शा
17. रविन्द्र सिंह, निर्दलीय - सेब
18. राजकुमार सिंह, निर्दलीय - एयर कंडीसनर
19. रोशन सुंडी, निर्दलीय - कटहल
20. शिव शंकर सिंह, निर्दलीय - गैस का चूल्हा
21. शुभम सिन्हा, निर्दलीय - बेबी वॉकर
22. सागर कुमार तिवारी, निर्दलीय - सीटी
23. सुग्रीव मुखी, निर्दलीय - हेलमेट
24. सौरभ विष्णु, निर्दलीय - बाल्टी

**49- जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र**

1. बन्ना गुप्ता, कांग्रेस- हाथ
2. वृंदावन दास, बहुजन समाज पार्टी- हाथी
3. अजित यादव, समाजवादी पार्टी- साइकिल
4. अशोक कुमार, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया (डेमोक्रेटिक)- फलों से युक्त टोकरी
5. काशिफ रजा सिद्दकी, आजाद समाज पार्टी- केतली
6. प्यारेलाल साहू, लोकहित अधिकार पार्टी- सेब
7. महेश कुमार, राइट टू रिकॉल पार्टी- प्रेशर कुकर
8. रंजीत दास, आदर्श संग्राम पार्टी - दूरबीन
9. राम बचन, भारतीय आजाद सेना- बांसुरी
10. राशिद हुसैन, अव्व्व्व- पतंग
11. बिपिन कुमार सिंह, एसयूसीआई कम्यूनिस्ट- बैटरी टॉर्च
12. सरयू राय, जदयू - गैस सिलेण्डर
13. सौरभ कुमार ओझा, एनसीपी- घड़ी
14. अन्नी अमृता, निर्दलीय- माईक
15. डॉ उमेश कुमार, निर्दलीय - स्कूल का बस्ता
16. ओम प्रकाश आनन्द, निर्दलीय - ऑटो रिक्शा
17. चन्दन प्रसाद, निर्दलीय - एयरकंडीसनर
18. जी जयराम दास, निर्दलीय - डम्बल्स
19. जितेंद्र सिंह, निर्दलीय - ट्रक
20. प्रभात कुमार सिंह, निर्दलीय- सिलाई की मशीन
21. मृत्युंजय कुमार, निर्दलीय - नागरिक
22. विकास सिंह, निर्दलीय- बाल्टी
23. विजय तिवारी, निर्दलीय - अलमारी
24. शम्भू नाथ चौधरी, निर्दलीय - बेबी वॉकर
25. संतोष कुमार राय, निर्दलीय - गैस का चूल्हा
26. संतोषी बाई, निर्दलीय - पानी का टैंक
27. सरयू दुसाध, निर्दलीय - कांच का गिलास
28. सरोजनी साह, निर्दलीय- बल्लेबाज

# मीरा मुंडा जीती तो देंगे भूमिज भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल करने का तोहफा : अर्जुन मुंडा

**पोटका विधानसभा क्षेत्र**

- पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने दक्षिण पोटका का किया दौरा विभिन्न पार्टी के समर्थक, ग्राम प्रधान ने थामा भाजपा का दामन

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



जन संपर्क करते अर्जुन मुंडा।

**पोटका/ जमशेदपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री सह पूर्व केन्द्रीय मंत्री अर्जुन मुण्डा ने कहा है कि पोटका से भाजपा सह एनडीए प्रत्याशी मीरा मुंडा की जीत होती है तो भूमिज भाषा को विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा में शामिल कराया जाएगा। इसके साथ ही भूमिज भाषा को आठवीं अनुसूची में शामिल कराया जाएगा। पोटका में अपनी धर्मपत्नी मीरा मुंडा के पक्ष में जन संपर्क करते हुए अर्जुन मुंडा ने याद दिलाया कि इसके पूर्व में भी भाजपा सरकार ने ही भूमिज भाषा को द्वितीय राजभाषा का दर्जा दिलाया था।

मुंडा ने आज पोटका विधानसभा के कोवाली क्षेत्र का दौरा किया। इस क्रम में वे सर्व प्रथम पूर्व विधायक स्व. अमुल्य सरदार के पत्नी एवं पुत्र मनोज सरदार से मिले तथा उनका हाल जाना। मांगडू में वीर सिदू कान्हू को नमन कर मधु नायक के नेतृत्व में ग्राम प्रधान वारियार माझी सहित सेकड़ो पूरूष एवं महिलाओं ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा पर आस्था रखते हुए पार्टी का दामन थामा` नारदा में ग्राम प्रधान सह भाजपा कोवाली मंडल उपाध्यक्ष हिरो सरदार तथा ग्रामीण, कुन्द्रुकोचा में अवित्र सरदार और ग्रामीणों से मिले। नारदा लाल बाजार में भी ग्रामीणों से मिलकर अपील की।

पोटका के कुन्द्रुकोचा गाँव ग्राम प्रधान बुध्देश्वर सरदार और ग्रामीणों से मिलकर मुण्डा जी ने भाजपा के प्रत्याशी श्रीमती मीरा मुण्डा को आने वाले 13 नम्बर को ज्यादा से ज्यादा संख्या में कमल फूल छाप में वोट देकर विजय बनाने की अपील की।

इस अवसर पर भाजपा नेता मनोज कुमार सरदार, उपेन्द्रनाथ सरदार, गणेश सरदार, मधु नायक, कमल नायक, धनंजय नायक, रूपाई वास्के, कुश वारिक, राहुल महतो, गोरा कर्मकार, प्रकाश सरदार, विशाल खांडवाल आदि उपस्थित रहे।

दूसरी ओर, भाजपा के केंद्रीय कार्यालय हाता में हेसरा गांव के ग्राम प्रधान रवि रंजन प्रधान भाजपा में शामिल हुए। भाजपाइयों ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा महिला मोर्चा के सीमा मंडल, जिला मंत्री मनोज राम, कवाली मंडल के अध्यक्ष रविन्द्र सरदार, पिंटू सारंगी, बुद्धेश्वर सारंगी, दुलाल मंडल, मनोज सरदार आदि उपस्थित थे।

**एक नजर में**

### भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा ने दिन भर किया जनसंपर्क, शाम में सूर्य मंदिर में जलाया दीपक



**जमशेदपुर।** पूर्वी विधानसभा क्षेत्र की भाजपा प्रत्याशी पूर्णिमा साहू का लोगों से मिलकर समर्थन और आशीर्वाद लेने का सिलसिला लगातार जारी है। बुधवार को उन्होंने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न इलाकों में जाकर नागरिकों से मुलाकात की और दीपावली पर्व की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान लोगों से आग्रह किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'वोकल फॉर लोकल' अभियान को सशक्त बनाने के लिए सभी अधिक से अधिक स्थानीय उत्पादों का उपयोग करें। विशेष रूप से कुम्हारों द्वारा बनाए गए मिट्टी के दीयों का उपयोग कर इस दीपावली को न केवल खास बनाएं, बल्कि समाज के गरीब वर्गों के जीवन में भी उजियारा लाएं। पूर्णिमा साहू ने बमार्माइंस के शिवनगर, कंचन नगर, मनीफीट और ईस्टप्लांट बस्ती में घर-घर जाकर लोगों का समर्थन हासिल किया। उन्होंने सीतारामडेरा और बारीडीह के कई इलाकों में भी लोगों से मिलकर उनकी समस्याएं सुनीं और उनके ठोस समाधान का आश्वासन दिया। इस दौरान महिलाओं ने विशेष रूप से स्वागत कर पदयात्रा में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और समर्थन जताया। पूर्णिमा साहू ने लोगों से अपील किया कि चुनाव में भाजपा के 'कमल' के निशान को चुनकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों को मजबूत करें और झारखंड में सुशासन और जनसेवा को समर्पित विकासोन्मुखी भाजपा सरकार बनाएं। इसी बीच, भाजपा जमशेदपुर महानगर के पूर्व अध्यक्ष चंद्रशेखर मिश्रा के नेतृत्व में ब्राह्मण समाज की महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वसम्मति से भाजपा के पक्ष में मजबूती से समर्थन का निर्णय लिया गया। बारीडीह वर्कर्स फ्लैट के बूथ संख्या 90 में बूथ अध्यक्ष सुमित श्रीवास्तव के नेतृत्व में घर-घर जाकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की गई।

## गैस चूल्हा से सबके घरों में उन्नति और समृद्धि पहुंचाना मेरा लक्ष्य : शिवशंकर

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- शिवशंकर सिंह ने बैठक कर दिया नारा-वोट करो शान से, चूल्हे के निशान पर



**जमेशदपुर।** पूर्वी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के बागी व निर्दलीय प्रत्याशी शिवशंकर सिंह, बतौर निर्दलीय प्रत्याशी अपने चुनाव चिह्न गैस चूल्हा के साथ चुनाव मैदान में हैं। केबुल कंपनी गेट के सामने अपने चुनावी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए शिवशंकर सिंह ने कहा कि विरोधी ऐसी अफवाह उड़ा रहे थे कि दबाब की वजह से या येन केन प्रकारेण या भाजपा के वरीय नेताओं के कहने पर चुनाव से अपना नाम वापस ले लेंगे, चुनाव में बैठ जाएंगे, तो ऐसी सभी खबरों को झुठलाते हुए आज अपने चुनाव चिह्न गैस चूल्हा के साथ आपके समक्ष हूं। श्री सिंह ने कहा कि पिछली बार गैस सिलेंडर ने इतिहास रचा था तो इस बार हमारी बहनों और माताओं का खास डिमांड था कि इस बार चुनाव चिह्न गैस चूल्हा रखा जाए और इसके जरिए ही हम लोग घर घर तक पहुंचेंगे और अपने विरोधियों का नाश करेंगे।

## अमित शाह तीन को धालभूमगढ़ में तो पीएम की सभा 4 को चाईबासा में

- कोल्हान फतह को भाजपा ने स्टार प्रचारकों की झोंक रही ताकत
- माल एवं दंडछत्र समाज को दिलायेंगे एससी का दर्जा : हिमंता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



बहरागोड़ा में चुनावी सभा को संबोधित करते हेमंता विस्वा सरमा।

**बहरागोड़ा/ जमशेदपुर।** कोल्हान प्रमंडल की 14 सीटों पर भाजपा फतह करने को लेकर बेताब है। इस बेताबी का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि केंद्र सरकार में नंबर वन पीएम नरेंद्र मोदी जहां 4 नवंबर को चाईबासा में चुनावी जनसभा को संबोधित करने आ रहे हैं जबकि नंबर 2 हैसियत रखने वाले गृहमंत्री अमित शाह एक दिन पूर्व यानी 3 नवंबर को धालभूमगढ़ में चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। उक्त जानकारी बहरागोड़ा में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए असम के मुख्यमंत्री एवं झारखंड में भाजपा प्रभारी हिमंता विस्व सरमा ने कहा कि बहरागोड़ा क्षेत्र के माल एवं दंडक्षत्र समाज के लोगों को अनुसूचित जाति का दर्जा देने के लिए भाजपा पहल करेगी। आगामी 3 नवंबर को देश के गृहमंत्री अमित शाह धालभूमगढ़ आ रहे है। बहरागोड़ा विधानसभा भाजपा प्रत्याशी डॉ दिनेशानंद गोस्वामी के पहल पर डॉक्टर गोस्वामी के साथ माल यानी मल्ल छत्र समाज एवं दंड छत्र माझी का एक प्रतिनिधिमंडल उस दिन गृह मंत्री से मिलेगा।

### सरायकेला में गणेश महाली को जीताने को इंडिया गठबंधन ने लिया संकल्प



**गम्हरिया/जमशेदपुर।** इंडिया गठबंधन में शामिल सभी दलों की संयुक्त बैठक गम्हरिया स्थित होटल पारस में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता झामुमो जिलाध्यक्ष डॉ0 शुभेंदु महतो ने किया। इस मौके पर सर्वप्रथम विभिन्न दलों के नेताओं द्वारा झामुमो प्रत्याशी गणेश महाली को फूल माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। बैठक में आगामी विधानसभा चुनाव में महागठबंधन प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए रणनीति तैयार की गई। इस दौरान बैठक में शामिल विभिन्न दलों के नेताओ ने प्रत्याशी गणेश महाली को भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया है। इस मौके पर प्रत्याशी गणेश महाली ने कहा कि महागठबंधन सरकार के पांच सालों की उपलब्धि के कारण जनता दोबारा बहुमूल्य वोट देकर जीताने का काम करेगी। उन्होंने कहा कि सरकार ने महिला, वृद्ध, युवा, किशोरी सभी को समान रूप से उनका अधिकार देने का काम किया है। आबुआ आवास से बेघर लोगों को घर दिया गया है। जबकि बिजली बिल माफ योजना का लाभ बड़ी संख्या में राज्य के लोगों को मिला है। उन्होंने दावा किया कि केवल सरायकेला विधानसभा नहीं बल्कि पूरे झारखंड में महागठबंधन की जीत होगी। बैठक को पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू ,झामुमो केंद्रीय सचिव गणेश चौधरी, कांग्रेसी नेता देबू चटर्जी, कार्यकारी जिलाध्यक्ष अम्बुज कुमार समेत कई नेताओं ने भी संबोधित किया। इस मौके पर रुद्र प्रताप महतो, सुधीर महतो, अमृत महतो,कृष्ण बास्के, गुरुचरण मुखी, डब्बा सोरेन, जगदीश महतो, बबलू प्रधान, राजेश गोप, कोकिल मंडल, प्रदीप बारिक, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी (सूचनाधिकार विभाग) के प्रदेश उपाध्यक्ष वैद्य संजय कुमार, इंटक प्रदेश सचिव राणा सिंह, प्रदेश सचिव (अल्पसंख्यक विभाग) रिजवान खान राजद नेता अर्जुन यादव, वरीय कांग्रेसी , समरेंद्र नाथ तिबारी,प्रमेन्द्र कुमार मिश्रा युवा जिलाध्यक्ष, बीरेन्द्र कुमार, रमेश बालमुचू, ओम प्रकाश, संजय सिंह, वीरेंद्र राय समेत इंडिया गठबंधन के सभी दलों के काफी संख्या में कार्यकर्ता कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## पत्नी को मेयर बनाना चाहते थे बन्ना, इसलिए निगम चुनाव में विलंब करवाया : सरयू राय

- कहा,-पश्चिमी क्षेत्र में लगातार बढ़ रही हैं आपराधिक घटनाएं
- विरोध करने वालों की आवाज दबा दी जाती है
- कमल फूल को आगे रख सिलेंडर को प्रचारित करना है : अभय सिंह

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



एनडीए की बैठक को संबोधित करते जद यू सह एनडीए प्रत्याशी सरयू राय।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी से एनडीए उम्मीदवार सरयू राय ने बुधवार को कहा कि स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता अपनी पत्नी को मानगो नगर निगम का मेयर बनाना चाहते थे, इसलिए उन्होंने नगर निगम चुनाव में जान-बूझ कर विलंब करवाया। अब हाईकोर्ट के आदेश के तहत विस चुनाव के ठीक बाद नगर निगम चुनाव होगा। इसमें मेयर वही बनेगा, जिसे मानगो की जनता सबसे ज्यादा वोट देगी। जाहिर है, उस लिहाज से भी यह विस चुनाव बहुत अहम है। इसलिए जरूरी है कि मानगो में दो तिहाई से ज्यादा मत प्राप्त करने का प्रयास हमें करना चाहिए। बिष्टुपुर के मिलानी हॉल में जमशेदपुर पश्चिमी विस क्षेत्र चुनाव संचालन समिति की बैठक में सरयू राय ने कहा कि पश्चिमी विधानसभा में आपराधिक कृत्य लगातार बढ़ते जा रहे हैं।

## सिख धर्म गुरु का अपमान बर्दाश्त नहीं मंत्री को बर्खास्त करे बीजेपी : डॉ अजय

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

- जनता तय करे गुंडागर्दी चाहिए या सुरक्षित एवं विकसित जमशेदपुर



**जमशेदपुर।** पूर्वी कांग्रेस के प्रत्याशी डॉ अजय ने चुनावी सभा में बीजेपी के केंद्रीय राज्य मंत्री द्वारा दिए गए सिख धर्म गुरु को अपमानित करने वाले बयान की भर्त्सना करते हुए नरेंद्र मोदी से मंत्री को अविलंब बर्खास्त करने की मांग की। मंगलवार को प्रेस बयान जारी कर डॉ अजय ने कहा कि बीजेपी हमेशा नफरत की राजनीति करती रहती है। बीजेपी की मानसिकता लोगों को अपमानित करने की रही है। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है। समय समय पर बीजेपी के नेताओं ने सिख समाज को अपमानित करने का काम किया है। किसान आंदोलन में सिख समुदाय को आतंकवादी तक कहा गया। सिख समुदाय हमेशा देश की रक्षा के लिए आगे रहा है। किसी भी धर्म के बारे में अपशब्द बोलने का अधिकार किसी को नहीं।

### ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया सघन जांच अभियान



**मेदिनीनगर।** जिला ट्रैफिक प्रभारी समाल अहमद ने रेडमा चौक पर सघन जॉच अभियान चलाया। मौके पर उन्होंने चार पहिया, दोपहिया वाहन तथा टेंपो का जांच किया। उन्होंने बताया कि जांच के दौरान चार पहिया वाहन को सीट बेल्ट लगाने की चेतावनी दी गई। दोपहिया वाहन के चालक को हेलमेट पहन कर गाड़ी चलाने का निर्देश दिया गया एवं टेंपो चालकों को अपने निर्धारित रूप में चलने के लिए आदेश दिया गया और सभी गाड़ियों को जांच कर छोड़ दिया गया। उन्होंने कहा कि बुधवार को सघन जांच अभियान चलाया गया जिसमें नो इंट्री में पांच ई रिक्शा, चार टेंपो और पांच पहिया वाहनों को जब्त किया गया है। जिला परिवहन कार्यालय से वाहनों को चालान फाईन के लिए भेज दिया गया। चालान फाइन राशि 24050 रुपया आया है।

## अपने घर के समीप छोटे मंदिर और किसी गरीब के घर एक दीपक अवश्य जलायें : बन्ना गुप्ता

- जन संपर्क के दौरान बोले बन्ना-घर घर पहुंचाएंगे मइंया योजना का लाभ, हर महिला को मिलेगा सम्मान

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



जनसंपर्क पर निकले जमशेदपुर पश्चिम के कांग्रेस सह इंडिया गठबंधन प्रत्याशी बन्ना गुप्ता।

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी बन्ना गुप्ता ने मतदाताओं को दीपावली की बधाई देते हुए कहा कि दीपोत्सव का पर्व हर घर में उजियाला लाए। मैंने निजी प्रयास से अपने कार्यकताओं को लगाकर जगह जगह कैम्प लगवाए और सरकार की योजनाओं को घर घर पहुंचाने का काम किया है। मेरा प्रयास है कि जमशेदपुर पश्चिमी की हर माता को मइंया योजना का लाभ मिले। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में चल रही इस सरकार ने हर महिला को 2500 रुपए मासिक देने का लक्ष्य निर्धारित किया है। अभी वर्तमान में एक हजार मासिक आना आरंभ हो गया है जिनका नहीं आया है, उनका पैसा आदर्श आचार संहिता के बाद उनके खाते में आ जाएगा। दिसंबर माह से सभी के खाते में रूपए 2500 आया करेगा।

बन्ना गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस की पूरी टीम मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में लक्ष्य को पूर्ण करने हेतु प्रयासरत है। मैं संकल्पित हूँ कि जमशेदपुर के हर महिला, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग, श्रमिक, छोटे व्यापारी, पत्रकार, अधिवक्ताओं को सरकारी पेंशन, बीमा इत्यादि प्रत्येक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचे। मैं आह्वान करता हूँ कि इस दीपावली में एक दीपक शहीदों के नाम पर जलाएं। एक दीपक अपने घर के समीप अवस्थीत छोटे छोटे मंदिर में जलाएं. एक दीपक अपने घर के समीप किसी गरीब के घर पर अवश्य जलाएं। आपके घर के आस पास कोई बुजुर्ग या कोई महिला अकेली जीवनयापन कर रही हो तो उसके आंगन में भी एक दीपक प्रज्जवलित करें।

बन्ना गुप्ता ने कहा कि दीपावली का पर्व द्वेष को मिटाने और भाईचारा का प्रकाश फैलाने का पर्व है। इस दिन चुनावी राजनीति को दरकिनार कर मैं पार्टी और दलगत राजनीति से ऊपर उठकर क्षेत्र की तमाम जनता और हर पार्टी के कार्यकताओं को दीपावली की शुभकामनाएं देता हूँ।

## स्पीड न्यूज

### हर घर शुद्ध पेयजल पहुंचायेंगे : दिलीप



**मेदिनीनगर।** डालटनगंज चैनपुर भंडरिया विस क्षेत्र के मेदिनीनगर निगम क्षेत्र के बैरिया एवं सदर प्रखंड के भीमगड़ा, चियांकी, कुंडलवा, खामडीह, शंभूचक इत्यादि गांवों में युवा नेता सह निर्दलीय प्रत्याशी दिलीप सिंह नामधारी ने दौरा कर अपने पक्ष में लोगों से मतदान की अपील की। बैरिया के ग्रामीणों के आग्रह पर दिलीप ने भरोसा दिलाया कि चुनाव जीतने के बाद सबसे पहले प्राथमिकता देते हुए यहां घर घर पानी की व्यवस्था कराऊंगा। मौके पर कई ग्रामीण भी थे।

### भुइयां समाज देगा बिनोद सिन्हा को समर्थन



**मेदिनीनगर।** पांकी विस क्षेत्र में अखिल भारतीय भुइयां समाज ने जिलाध्यक्ष राजू भुइयां के नेतृत्व में कुशवाहा बिनोद सिन्हा को अपना समर्थन देने का निर्णय लिया है। समाज के सदस्यों ने इस समर्थन के साथ अपने अधिकारों की रक्षा और क्षेत्र के समग्र विकास में कदम बढ़ाने का संकल्प लिया है। समाज के सदस्यों का मानना है कि पांकी में परिवर्तन लाकर एक जनप्रिय नेतृत्व को उभारना है जो उनकी समस्याओं को सही मायनों में समझ सके और हल कर सके। समिति ने स्पष्ट किया है कि उनका एकमात्र मिशन इस बार कुशवाहा बिनोद सिन्हा को विधानसभा में पहुंचाना है।

### डबल इंजन की सरकार से ही विकास : कमलेश



**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद हरिहरगंज विधायक सह भाजपा प्रत्याशी कमलेश कुमार सिंह ने हुसैनाबाद प्रखंड के दर्जनों गांव बाजारी बुधवा, बुधवा, उदित बिगहा, लपेया, सड़या, भदई पर, नौडीहा, काजीनगर, बिलासपुर, बनाही आदि का दौरा कर मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में मतदान का आग्रह किया। कहा कि भाजपा सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास पर काम करने वाली पार्टी है। क्षेत्र व राज्य का विकास डबल इंजन की सरकार से ही संभव होगा।

### दर्जनों राजद कार्यकर्ता सपा में शामिल



**विश्रामपुर (पलामू)।** समाजवादी पार्टी ने बुधवार को विश्रामपुर प्रखंड के घरटिया में मिलन समारोह किया, जिसमें दर्जनों राजद कार्यकर्ता सपा में शामिल हुए। समारोह की अध्यक्षता सपा नेता कन्हाई मेहता ने किया। राजद कार्यकर्ताओं ने सपा नेता अभिमन्यु सिंह में आस्था जताते हुए सपा में शामिल हुए और पार्टी प्रत्याशी अंजू सिंह को जिताने का संकल्प लिया। सभी लोगों का कन्हाई मेहता ने पार्टी में स्वागत किया। शामिल होने वालों में मगन यादव, कल्पनाथ सिंह, सतेंद्र यादव, भारदूल यादव, प्रभु यादव, द्वारिका यादव, बलराम यादव, गोपाल सिंह प्रमुख हैं।

### डॉ मेहता ने बनाया भयमुक्त पांकी : रामदास




**नीलांबर पीतांबरपुर पलामू।** भाजपा प्रत्याशी डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता के पक्ष में तैलिक साहू समाज के प्रमंडलीय अध्यक्ष सह चर्चित व्यवसायी रामदास साहू ने मनातु प्रखंड क्षेत्र चक, मनातू, रगंया रहरीया, तरहसी, वेदानी, नावाडीह सहित दर्जनों गांवों में घर-घर जाकर डॉ मेहता को अपार मतों से विजयी बनाकर झारखंड में भाजपा सरकार बनाने की बात कही। डॉ मेहता ने ग्रामीणों से मुलाकात कर धनतेरस, दीपावली और छठ की शुभकामना दी और एक बार फिर समर्थन करने का आग्रह किया। कहा कि कम समय में हमने पांकी विस क्षेत्र को विकास के साथ अमन चैन शांति का पैगाम दिया। श्री साहू ने कहा कि अब पांकी में दहशत गर्दी समाप्त हो गयी है। अब पांकी, मनातू भय मुक्त हुआ है। मौके पर राजा गुप्ता, सुनिल कुशवाहा, लाला प्रसाद यादव, कमेश यादव, विगु साहू सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

### बिश्रामपुर : ब्रह्मदेव प्रसाद के चुनावी कार्यालय में जनसभा, मिला समर्थन



**बिश्रामपुर पलामू।** विश्रामपुर विस क्षेत्र के प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद के चुनावी कार्यालय में एक विशाल जनसभा की गयी। जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। जनसभा में ब्रह्मदेव ने अपने चुनावी भाषण से क्षेत्र के विकास के लिए अपनी प्रतिबद्धता और योजनाओं को प्रस्तुत किया। बताया कि अगर उन्हें जनता का समर्थन और सहयोग मिलता है, तो वे क्षेत्र के बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाओं में सुधार लायेंगे। मौके पर बिश्रामपुर क्षेत्र के कई ग्रामीणों ने ब्रह्मदेव को समर्थन देने का आश्वासन दिया और उनके साथ कदम मिलाकर चलने का वादा किया। सभा में शशांक सिंह, बब्लू गुप्ता, सुरेंद्र भारती, राजन सिंह, डॉक्टर एमडी कुमार, चंदन पासवान, पिंटू राम, उसी प्रसाद यादव, अर्जुन परहिया, प्रमिला देवी, विनोद परहिया, नारायण बैगा, रमेश पाल, मुकेश पाल, अरविंद कुमार, रवि, मंटू पाल, डॉक्टर नंददेव, राकेश विश्वकर्मा, रेखा देवी, तारा देवी, पिंकी देवी, पानपती देवी सहित कई अन्य स्थानीय नागरिक उपस्थित थे। ग्रामीणों ने ब्रह्मदेव को जीत का भरोसा दिलाया।

# चुनाव बहिष्कार करने या इसे बढ़ावा देनेवालों पर होगी कड़ी कानूनी कार्रवाई : उपायुक्त

- जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने की प्रेस वार्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** विधानसभा चुनाव को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशिरंजन ने प्रेस वार्ता कर चुनाव संबंधित कई जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पलामू जिला के पांच विधानसभा क्षेत्र पांकी, डालटनगंज, विश्रामपुर, छतरपुर व हुसैनाबाद से कुल 99 प्रत्याशियों ने नामांकन परचा दाखिल किया था। इसमें से पांच प्रत्याशियों का नामांकन रद किया गया है। जिसमें पांकी विस से देवेंद्र सिंह, डालटनगंज विस से अयूब अंसारी, विश्रामपुर से अमित दुबे, हुसैनाबाद से अनिता देवी व मौसलेहुदीन तौसिफ का नाम शामिल है। इस प्रकार पांच विस क्षेत्र में कुल 94 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन होगा।



**खास बातें :** आचार संहिता का उल्लंघन करनेवाले प्रत्याशियों पर प्राथमिकी दर्ज होगी। इस मामले में अभी तक दो प्राथमिकी दर्ज हुई है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पलामू जिले में कुछ क्षेत्रों से चुनाव बहिष्कार करने की खबरें आ रही है। इस मामले में चुनाव बहिष्कार करने या बढ़ावा देनेवालों के विरूद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की जायेगी। गढ़वा जिला के कुछ मतदान केंद्र डालटनगंज विस क्षेत्र में पड़ते हैं। वैसे आठ पोलिंग बूथों पर हेलीकॉप्टर से पोलिंग पार्टी को भेजे जाने की तैयारी है। निरीक्षण के दौरान कुछ जगहों पर प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी अनुपस्थित मिले थे। साथ ही कुछ वैसे प्रशिक्षणार्थी हैं जो प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहे हैं वैसे लोगों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने जिले के मतदाताओं से आग्रह किया कि 13 नवंबर को होनेवाले मतदान में सभी लोग अपने बूथों पर मतदान जरूर करें। पलामू जिला के पांच विस क्षेत्रों में 1796 मतदान केंद्र बनाये गये हैं। जहां चुनाव होंगे। मॉनिटरिंग के लिए ऑब्जर्बर के साथ बैठक हुई थी जिसमें कई निर्देशों का अनुपालन किया गया। प्रेस वार्ता में इवीएम वीवीपैट कोषांग प्रभारी सह डीडीसी मो शब्बीर अहमद, मीडिया कोषांग प्रभारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डा असीम व अन्य मौजूद थे।

# पांकी : पांकी विधायक ने सुड़ी पंचायत के सिकंदरा टोला में ग्रामीणों से की मुलाकात

- पांकी प्रखंड के ग्राम पंचायत डंडार कला में विस चुनाव को लेकर बैठक
- पांकी विस में अधूरे कार्यों को हर हाल में पुरा करेंगे : डॉ शशिभूषण

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र के पांकी प्रखंड के ग्राम पंचायत डंडार कला में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विधायक प्रतिनिधि मनोज सिन्हा के नेतृत्व में ग्रामीणों ने फूल माला, मांदर और बुके के साथ जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर सभी से कमल के फूल पर वोट देने की अपील की गई। मौके पर डा मेहता ने कहा कि जनता के समर्थन से हम पांकी के विकास के अपने संकल्प को और सशक्त करेंगे। मौके पर विधायक प्रतिनिधि मनोज सिन्हा, जसवंत कुमार, अखिलेश ठाकुर, अरुण पासवान विनोद कुमार, अमित सिंह एवं कई लोग उपस्थित थे।



**खास बातें :** पांकी विस क्षेत्र के पांकी प्रखंड के पंचायत सुड़ी के सिकंदरा टोला में विधायक डॉ मेहता ने ग्रामीणों से मुलाकात की और आगामी विधानसभा चुनाव में कमल के फूल पर वोट देने की अपील की। इस दौरान ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को उनके समक्ष रखा, जिनके समाधान का आश्वासन जल्द ही दिया गया। उन्होंने कहा कि आपका समर्थन और विश्वास ही हमारी प्रेरणा है। साथ मिलकर पांकी के विकास की दिशा में कदम बढ़ाएंगे। उन्होंने कहा कि पांकी विस क्षेत्र के अधूरे कार्यों को पूरा करने के लिए जनता मुझे समर्थन देगी। कहा कि क्षेत्र में विकास के कई उल्लेखनीय कार्य किये गये हैं। मौके पर योगेन्द्र उरांव, सुधीर तिवारी समेत कई लोग मौजूद थे।

#### निवर्तमान विधायक सह भाजपा प्रत्याशी ने जनसंपर्क कर मांगा समर्थन

# बिश्रामपुर मझिआंव विस क्षेत्र को विकसित करना लक्ष्य है: चंद्रवंशी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर (पलामू)।** निवर्तमान विधायक सह भाजपा प्रत्याशी रामचंद्र चंद्रवंशी ने बुधवार को बिश्रामपुर प्रखंड के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क चलाया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया और विकास के नाम पर लोगों से समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के विकास हेतु लगातार कार्य किये हैं जिसका प्रतिफल है कि आज क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है। अब बिश्रामपुर को पूर्ण विकसित करना ही मेरा लक्ष्य है। हमारा प्रयास है कि बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र झारखंड का सबसे विकसित क्षेत्र के रूप में स्थापित हो। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां लोगों के समक्ष रखी और अपने कार्यकाल में कराए गए उल्लेखनीय कार्यों के बारे में भी बताया। मौके पर भाजपा नेता टिकैत चौबे, डॉ वी पी शुक्ला, शिवबंश मिश्रा, मुखिया धर्मेंद्र चौधरी, अमरेश तिवारी, उपेंद्र तिवारी, धीरन तिवारी, संजय तिवारी, विकास चौबे, मनोज शुक्ला, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे सहित कई लोग मौजूद थे।



विधानसभा क्षेत्र में सघन जनसंपर्क अभियान के दौरान निवर्तमान विधायक व अन्य।

# भाजपा प्रत्याशी आलोक चौरसिया ने भंडरिया विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों का किया दौरा

- दस वर्षों में किये गये विकास कार्यों से जनता को कराया अवगत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भाजपा प्रत्याशी सह निवर्तमान विधायक आलोक चौरसिया ने भंडरिया प्रखण्ड के जनेवा, लीलवापथर, सरईडिह, मदगढी, करचाली, कंजीया और भंडरिया का दौरा किया। साथ ही उन्होंने क्षेत्र के अधूरे विकास कार्यों को पूरा करने के लिए जनता से मतदान की अपील की।

मौके पर श्री चौरसिया ने ग्रामीणों के साथ संवाद किया और उन्हें पिछले दस वर्षों के दौरान किए गए अपने विकास कार्यों की जानकारी दी। इनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क निर्माण और ग्रामीण विकास से जुड़े अनेक कार्य शामिल हैं, जो उन्होंने विधानसभा में किये हैं।



लोगों से अपने पक्ष में वोट की अपील करते भाजपा प्रत्याशी व अन्य।

उन्होंने 10 वर्षों की सेवा और विकास कार्यों का बखान करते हुए वे जनता के बीच अपने पक्ष में समर्थन की अपील की। उन्होंने लोगों से 13 नवंबर को होने वाले मतदान में अपना समर्थन देने का आग्रह किया। इस दौरान जनता का उन्हें भरपूर समर्थन मिल रहा है और लोग उनके विकास कार्यों के प्रति आभार व्यक्त कर रहे हैं।

इसके पूर्व भंडरिया विस क्षेत्र के कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने श्री चौरसिया को माला पहनाकर स्वागत किया। इधर, ग्रामीणों का कहना है कि आलोक चौरसिया ने अपनी मेहनत और कार्यकुशलता से क्षेत्र में एक स्थायी छाप छोड़ी है और उनका साथ देकर वे इसी विकास को आगे बढ़ाना चाहते हैं। आलोक चौरसिया का यह चुनाव प्रचार न केवल चुनावी दौरों तक सीमित है, बल्कि वे जनता की उम्मीदों को नया आयाम देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। जनसंपर्क अभियान में काफी संख्या में लोग शामिल थे।

## पेयजल समस्या सुलझाने के लिए कोयल नदी को बांध कर भागीरथ प्रयास करेंगे : केएन त्रिपाठी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी सह पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने चैनपुर प्रखंड के अवसाने, चांदो, बसरिया कला, कंकारी व भडगांवा में किया जनसंपर्क

**मेदिनीनगर।** इंडिया महागठबंधन के प्रत्याशी सह पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी ने चैनपुर प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने चैनपुर प्रखंड के अवसाने पंचायत में अवसाने, खपिया, छेछानी, दुबा आदि चांदो पंचायत के तेतरियादामर, कोईरियाडीह, बसरिया कला पंचायत के अलगडीहा, तुरियाभंडार, खूरा, चांदो, दोकरा, सोकरा, बसरिया खुर्द, दुलसुलमा रजहारा, बसरिया कला, कंकारी पंचायत के अदनिया, ननफुलिया, पाल टोला, चौधरी टोला, हरिजन टोला, हुकवा, अजलतुआ एवं भडगावां पंचायत के पिंडरा, भडगावां, चट्टीपार आदि समेत कई गांवों का भ्रमण कर क्षेत्र के लोगों से सर्वांगीण विकास के लिए सहयोग व समर्थन के लिए अपील की। श्री त्रिपाठी ने कहा कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान लोग हमारे पक्ष में गोलबंद हो रहे हैं। चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में समस्याओं का अंबार है। जनता को बुनियादी सुविधा तक नहीं मिली है।



## बिश्रामपुर विस क्षेत्र में सिंचाई, बिजली, शिक्षा व चिकित्सा व्यवस्था होगी बहाल : नरेश सिंह

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- पांडू प्रखंड क्षेत्र में राजद प्रत्याशी नरेश सिंह का तूफानी दौरा

**पांडू पलामू।** समाजसेवी सह राजद के प्रदेश महासचिव नरेश सिंह ने पांडू प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों गांव में तूफानी दौरा किया। राजद के पक्ष में लोगो को मतदान करने की बात कही। पांडू प्रखंड के ग्राम डाला कलां में सभा की। कहा कि 20 वर्षों से चंद्रवंशी ने जनता के विकास का पैसा लूटा और सभी विकास के पैसा से सिर्फ अपना विकास किया है। जिससे बिश्रामपुर विस के गरीब जनता का विकास नहीं हो सका। आज सभी किसान गरीब जनता परेशान है। यहां के गरीब पलायन कर रहे हैं। सिंचाई की व्यवस्था नहीं है। शिक्षा, चिकित्सा का अभाव है। बिश्रामपुर की जनता अब बदलाव चाहती है। कहा कि बिश्रामपुर विस क्षेत्र में सिंचाई, बिजली, शिक्षा और चिकित्सा का व्यवस्था बहाल करायेंगे। जनसंपर्क में श्यामराज यादव, रघुनाथ सिंह, निर्मल यादव, महेंद्र सिंह, राधेश्याम यादव, सचिता सिंह, राहुल यादव, नरेश ठाकुर, गोरख ठाकुर ,महेंद्र सिंह, चंदीप यादव, रमेसर ठाकुर, पच्चू पासवान, अवध विश्वकर्मा, रघु भुइयां आदि थे।



### शिक्षक दुर्गा प्रसाद यादव का निधन



**नीलांबर पितांबरपुर।** प्रखंड के डबरा टोला मुड़ाथान निवासी सह उमवि जोगिया सोहड़ी के सहायक अध्यापक दुर्गा यादव (47) पिता रघुनाथ यादव का निधन हो गया। वह दो सप्ताह से फेफड़ा में संक्रमण (निमोनिया) से ग्रसित थे। मेदिनीनगर में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें रांची रेफर कर दिया था। रांची में ही इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी एवं दो पुत्रियों को छोड़ गये। शिक्षक संघ ने उनके निधन पर गहरा शोक जताया है।

### वार्ड नौ के वार्ड सदस्य ने किया स्वेटर वितरण



**पंडवा पलामू।** पंचायत के पंडवा राजहरा कोलियरी के आंगनबाड़ी केंद्र पंडवा में वार्ड नंबर 9 के वार्ड सदस्य अजय भुईयां के द्वारा सभी बच्चों के बीच स्वेटर का वितरण किया गया। मौके पर वार्ड सदस्य ने कहा कि बच्चों को स्वेटर से ठंड में निजात मिलेगी।

### 320 ग्राम गांजा के साथ युवक गिरफ्तार



**हरिहरगंज पलामू।** स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना पर छापेमारी कर 320 ग्राम गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक शक्ति कुमार पिता सरजू साव थाना क्षेत्र के कौवाखोह का निवासी है। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना पर विशेष छापेमारी अभियान चलाते हुए युवक को 320 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया गया है। पुलिस थाना कांड संख्या 150/24 के तहत मामला दर्ज कर उसे बुधवार को न्यायिक हिरासत में मेदिनीनगर जेल भेज दिया। छापेमारी अभियान में एसआई राकेश कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल शामिल थे।

### स्कूली वैन ने ट्रक में मारी टक्कर, दो गंभीर

**हरिहरगंज पलामू।** थाना क्षेत्र अंतर्गत वन विभाग चेकनाका के समीप एनएच 98 पर स्कूली वैन ने ट्रक में पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। जिससे स्कूली वैन पर सवार दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। घटना बीते मंगलवार की रात्रि करीब 11 बजे की बतायी जाती है। घायलों की पहचान बिहार के औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र के तमसी गांव निवासी पंकज कुमार सिंह और विकास सिंह के रूप में हुई है। बताया जाता है कि जिनेथ क्रिश्च एकेडमी की स्कूली वैन छतरपुर से औरंगाबाद की ओर जा रही थी। तभी अनियंत्रित वैन की टक्कर ने पीछे से ट्रक में टक्कर मार दी। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर दोनों घायलों को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया।

## परिवार बढ़े तो उसे स्वस्थ रहने के लिए पौधे लगायें: डॉ कौशल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- पर्यावरणविद ने बच्चे के नामकरण महोत्सव पर परिजनों को पौधा भेंट किया

**छतरपुर पलामू।** डाली बाजार पंचायत के कौशल नगर में वृक्षों पर रक्षाबंधन कर दीपोत्सव मनाया गया। वहीं जमशेदपुर के बाबून हातुन के ओम प्रकाश सिंह के पोता और धनंजय कुमार के पुत्र का नामकरण ट्री मैन डॉ कौशल किशोर जायसवाल और डाली बाजार के मुखिया पूनम जायसवाल ने बच्चे को आशीर्वाद स्वरूप हिमाचल का कपूर का पौधा देकर शुभकामनाएं दी। पर्यावरणविद ने पर्यावरण बचाने का संकल्प दिलाया। कहा कि यदि परिवार में लोगों की संख्या बढ़े, तो उनके स्वस्थ रहने के लिए पौधे लगायें। मौके पर ओम प्रकाश सिंह, लीला देवी, माधुरी देवी, शीला देवी, ललन प्रसाद, नवीन कुमार, चंचला देवी, रविंद्र कुमार, सत्येंद्र सिंह थे।



## ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में हुई दीपोत्सव लोक संगीत और रंगोली प्रतियोगिता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** ऑक्सफोर्ड पब्लिक स्कूल में बुधवार को दीपावली पूर्व दीपोत्सव किया गया। दीपोत्सव में रंगोली एवं लोक संगीत प्रतियोगिता हुई। प्राचार्य डॉ एके सिंह एवं शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारंभ किया। छात्रों ने छठ महापर्व पर विशेष महापूजा की। छठ पर पूजा भारती एवं तनु प्रिया ने विस्तृत वर्णन किया। छात्राओं ने छठ पर मनमोहक झांकी प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने लोक संगीत एवं रंगोली प्रतियोगिता का खूब आनंद उठाया। तत्पश्चात विद्यालय के चारों सदनों के विद्यार्थियों ने रंगोली प्रतियोगिता का प्रदर्शन किया गया। जिसमें बालिका कनिष्ठ समूह में किट्स सदन प्रथम स्थान पर रहे। इलियट, शेक्सपियर सदन द्वितीय स्थान रहे तथा बायरन सदन तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वरिष्ठ समूह में कीट्स सदन प्रथम स्थान पर, इलियट सदन द्वितीय स्थान पर रहे।



# कानू समाज के हित में काम करनेवाले प्रत्याशी को ही देंगे वोट : अनिल गुप्ता

- अखिल भारतीय कानू महा संघ पलामू ने की प्रेस वार्ता
- कानू समाज के लोगों को एकजुट होने की जरूरत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अखिल भारतीय कानू महासंघ के ओमप्रकाश गुप्ता, अनिल गुप्ता समेत सदस्यों ने चियांकी हवाई अड्डा के पास प्रेस वार्ता किया। प्रेस वार्ता में अनिल गुप्ता ने कहा कि डालटनगंज विस क्षेत्र के प्रतिनिधि क्षेत्र में केवल मतदान के समय आते हैं। चुनाव जीत जाने के बाद कानू समाज के हित के बारे में नहीं सोचते हैं। कानू समाज को हमेशा वोट बैंक समझा जाता है। उन्होंने कहा कि जो कानू समाज के बारे में सोचेगा कानू समाज का सर्वांगीण विकास करेगा उस प्रत्याशी को इस बार जिला के कानू समाज वोट देंगे। उन्होंने कहा कि कानू समाज अब गोलबंद हो गया है। कानू समाज को एकजुट हुए बिना हक व अधिकार नहीं मिल सकता है। उन्होंने कहा कि कानू समाज के लोग डालटनंज विस क्षेत्र में 12 हजार, पांकी विस में 20 हजार, हुसैनाबाद में 10 हजार व विश्रामपुर में आठ हजार, छतरपुर में तीन हजार हैं। इतनी आबादी होने के बाद भी कानू समाज का सुध लेनेवाला कोई नहीं है। ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि जिले में कानू समाज के लोगों की संख्या 53 हजार है इसके बावजूद किसी भी दल के प्रतिनिधि इस समाज की बात नहीं करते हैं। कानू समाज के हित के बारे में सोचनेवाले पार्टी प्रत्याशी या निर्दलीय प्रत्याशी का समर्थन करेंगे। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सभी को वोट देने का अधिकार है। कानू समाज ने निर्णय लिया है कि जो उनकी मांगों को पूरा करेगा उसी प्रत्याशी को कानू समाज के लोग वोट देंगे। प्रेस वार्ता में अवधेश विद्यार्थी, परमेश्वर साव, सचिव भोला साव, विजय साव, महेंद्र गुप्ता, संगठन मंत्री राम प्रदीप साहु, संतोष साहु, विरेंद्र साहु, मुन्ना साहु, अभिषेक कुमार, मुन्ना, मुरारी साहुसंजय साहु, राजेश साहु, विशष्ट साहु भी थे।



पत्रकार वार्ता में जानकारी देते कानू समाज के पदधारी।

# कोयल नदी पर तटबंध और चेकडैम बना कर खेतों तक लायेंगे पानी : अंजू सिंह

- विधानसभा में उठेगी विश्रामपुर क्षेत्र के जनता की आवाज
- सपा प्रत्याशी अंजू सिंह ने विश्रामपुर विस क्षेत्र के कई गांवों में चलाया जनसंपर्क अभियान

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**विश्रामपुर पलामू।** 77-विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी (सपा) उम्मीदवार अंजू सिंह ने कई गांवों में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया। उन्होंने नवगढ़, शेखडीहा, लुंबा, सतबहिनी, रहनबीघा, लहरबंजारी, सेमरी, केवाल पर, लकड़िही, मुरमा कला, दावार पर सहित दर्जनों गांवों में जाकर विश्रामपुर विस क्षेत्र के विकास के लिए अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। इस दौरान दौरान उन्हें जनसमर्थन मिल रहा है।



**खास बातें :** उन्होंने कहा कि विश्रामपुर विस क्षेत्र की जनता उनके साथ है। यहां के जनता की आवाज झारखंड विधानसभा में गूंजेगी। यहां की जनता पलायन व बेरोजगारी के मजबूर नहीं होगा। विधायक बनने पर ऊंटारी रोड के कोयल नदी पर तटबंध बनवाकर कटाव को रोकने का कार्य होगा। वहीं चेकडैम बनवाकर क्षेत्र के किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध करायी जायेगी। इससे किसानों के खेतों हरियाली छायेगी और फसल का उपज बेहतर हो सकेगा। कोयल का पानी बहकर दूसरे राज्यों में चली जाती है। सकारात्मक सोच के साथ कार्य करने से स्थानीय लोगों को काफी फायदा होगा। इसके अलावा क्षेत्र में सुशिक्षित समाज की दिशा में कार्य की जायेगी। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा दिया जायेगा। अंजू सिंह क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान तेज कर दिया है। जनसंपर्क में अंजू सिंह के साथ प्रभारी रामबचन राम, अध्यक्ष दशरथ बैठा, अशोक बैठा, राहुल शर्मा, पप्पू सिंह, लाल बिहारी रजवार, गौरी शंकर शर्मा, सुरेश चौधरी, प्रमिला देवी, रीना देवी, संदीप मेहता, उपेंद्र गुप्ता, रवि बैठा, उपेंद्र चौधरी, उपेंद्र साव, भोला मेहता व सैकड़ों स्थानीय शामिल थे।

# बेरमो विधायक ने कुरपनिया पंचायत मे किया चुनावी दौरा



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बेरमो।** नामांकन प्रक्रिया खत्म होते ही बेरमो विधानसभा में चुनावी तापमान काफी बढ़ गया है। हर प्रत्याशी अपनी अपनी जीत सुनिश्चित करने के लिए हर तरह के हत्थकंडे अपनाने से कोई गुरेज नहीं कर रहे हैं और नेताओं, प्रत्याशियों का क्षेत्र का भ्रमण तेज हो गया है। इसी क्रम में बुधवार को संध्या लगभग छह बजे के आसपास बेरमो के वर्तमान रहे विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप कुमार सिंह का काफिला कुरपनियां पंचायत पहुचा। कुरपनिया पंचायत के सिर्फ पानी टंकी एरिया में उनके द्वारा तीन चुनावी नुक्कड़ सभा किए गए। जिसमें कुरपनिया गोल्डन स्पोर्टिंग कल्ब, कुरपनियां इमामबाड़ा के समीप तथा राय साहब फाइल इमली पट्टी में आयोजित हुआ। जिन सभाओं में लोगो की भारी भीड़ उमड़ आई थी जो समर्थन मे नारेबाजी कर रहे थे। इमामबाड़ा के समीप आयोजित सभा की अध्यक्षता स्थानीय युवा नेता मो जुबैर ने सभा का संचालन करते हुए कहा कि हम लोग आपको अपने से अलग कभी नहीं समझे और आपने भी उस रिश्ते को बाखूबी निभाने का काम किए हैं। जबकि पूर्व विधायक सह वर्तमान में कांग्रेस के प्रत्याशी श्री सिंह ने अपने संबोधन में जो बातें कही वह लोगो को प्रभावित कर गई। उन्होंने कहा कि बेरमो स्व राजेंद्र बाबू की राजनीतिक बगिया है यहां जात धर्म से उपर उठकर राजनीति होती है और मै सौभाग्य शाली हु कि अब इस बगिया की रखवाली करने की जवाबदेही जनता ने हमे सौपा है। उन्होंने अपने लगभग तीन वर्षों के कार्यकाल की कार्यो की झलक पेश करते हुए कहा कि भाजपा या अन्य नेताओं के बहकावे मे किसी भी किमत पर ना आये।

# बोकारो : सीबीआई एसपी ने भ्रष्टाचार व नैतिकता पर आयोजित कार्यशाला का किया उद्घाटन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बोकारो/चंद्रपुरा।** डीवीसी चंद्रपुरा ताप विद्युत केंद्र में मनाए जा रहे सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत तेजस भवन के सम्मेलन कक्ष में भ्रष्टाचार की रोकथाम के लिए सत्यनिष्ठा और नैतिकता की संस्कृति का महत्व विषय पर आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन सीबीआई के पुलिस अधीक्षक प्रहलाद किशोर झा और वरिष्ठ जीएम रामप्रवेश शाह ने किया। पुलिस अधीक्षक झा ने उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सरकारी कर्मियों को कार्यालय कार्य में पारदर्शिता बरतनी चाहिए।

जिम्मेदारी पारदर्शिता नियम कानून जवाबदेही सत्यनिष्ठा आदि पहलुओं पर ध्यान रखते हुए लोगों का कार्य का निपटारा करना अति आवश्यक है। वरिष्ठ जीएम रामप्रवेश साह ने झा के कार्यशैली की प्रशंसा की। समारोह का संचालन प्रबंधक राजकुमार चौधरी ने और धन्यवाद ज्ञापन वरिष्ठ प्रबंधक अभिषेक घोष ने किया।

मौके मुख्य रूप से डीजीएम संजीव कुमार दिलीप कुमार राजीव रंजन राजीव रंजन ओझा ललन प्रसाद गुप्ता पवन कुमार हरि मुकुंद प्रजापति मुकेश कुमार सौर्य कुमार दलाई अक्षय कुमार राजकुमार चौधरी श्वेता रानी अभिनंदन कुमार सत्येंद्र कुमार मनीष कुमार अभिषेक घोष मोहम्मद इम्तियाज अशोक कुमार कोल नवीन कुमार कृष्णा बास्के अजय कुमार कैलाश यादव सुमन कुमार आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में

### सीसीएल ढ़ोरी मे सेवानिवृत्त कर्मियो को दी गयी विदाई



बेरमो।सीसीएल ढोरी एरिया के पांच सेवानिवृत्त कर्मियो को महाप्रबंधक कार्यालय के सभागार में समारोह आयोजित कर विदाई दी गयी।। जीएम रंजय सिंहा और श्रमिक प्रतिनिधियों ने शॉल ओढ़ाया और मोमेंटो, उपहार व श्रीफल देकर सम्मानित किया। उनके सुखमय भविष्य की कामना की। जीएम रंजय सिंहा ने कहा कि सेवानिवृत्त कर्मियों से नये कामगारों को काफी कुछ सीखने को मिला है। कहा कि कंपनी हित में की गयी इनकी सेवा को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। सेवानिवृत्त कर्मी कंपनी से मिली राशि का सदुपयोग करें। समारोह का संचालन एसओपी प्रतुल कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन कार्मिक प्रबंधक सुरेश सिंह ने किया। मौके कार्मिक प्रबंधक मोहम्मद तौकीर आलम सहित यूनियन नेता रविंद्र कुमार मिश्रा, भीम महतो, गोवर्धन रविदास, विनय सिंह, जवाहर लाल यादव, अविनाश सिंह, आदि मौजूद थे।

### गिरजा शंकर पांडेय के निधन से यूनियन को अपूरणीय क्षति बताई

बेरमो। बेरमो विधानसभा सीट से इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी कुमार जयमंगल के पक्ष में वोट मांगने के लिए राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन ढोरी क्षेत्र के पदाधिकारी सीसीएल ढोरी के एएडीओसीएम (अमलो) स्थित12 नंबर पहुंचे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शाखा अध्यक्ष जयराम सिंह ने किया।सर्वप्रथम यूनियन के रिजनल कमेटी के अध्यक्ष गिरजा शंकर पांडेय के निधन पर शोक प्रकट किया गया। उपस्थित लोगों ने कहा कि उनके निधन से यूनियन को अपूरणीय क्षति बताई। उपस्थित लोगो ने बेरमो विधान सभा प्रत्याशी कुमार जयमंगल सिंह का समर्थन करने की अपील की। जिस पर मजदूरो ने पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। कहा कि बेरमो कोयलांचल को बचाने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी को वोट दें। इस दौरान अपने क्षेत्रवासी परिवारजनों से महागठबंधन के पक्ष में मतदान करने की अपील की। आपके आशीर्वाद से हम सभी मिलकर विकास के मार्ग पर आगे बढ़ेंते रहेंगे। ढ़ोरी क्षेत्रीय अध्यक्ष हरेंद्र सिंह व एरिया सचिव शिवनंदन चौहान, मुरारी सिंह, राजेश्वर सिंह, महफूज आलम, आनन्द विश्वकर्मा, लीलू राय, जितेंद्र चामपिया, प्रमोद सिंह, कैलाश चौधरी, गुडडु सिंह, अरविंद सिंह, छोटेलाल शर्मा, विनय कुमार, सिद्धार्थ कुमार, रविंद्र सिंह, फनी भूषण ठाकुर आदि ने लोगों से कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाने की अपील की।

### गोमिया में ओला इलेक्ट्रिक टू व्हीलर शोरूम का उद्घाटन हुआ



बेरमो। गोमिया ।गोमिया प्रखंड अंतर्गत पलिहारी गुरुडीह पंचायत के पुराना सिनेमा हॉल में प्रतिक मोटर्स शोरूम में भारत का न० 01 ओला इलेक्ट्रिक टू व्हीलर के अधिकृत शोरूम का उद्घाटन प्रसिद्ध समाजसेवी श्री दिनेश्वर प्रसाद स्वर्णकार व महेश कुमार स्वर्णकार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। इस दौरान क्षेत्र के कई प्रबुद्धजन मौजुद थे। साथ ही दीपावली के अवसर पर कई ग्राहक मौजूद थे। मौके पर शोरूम के ऑनर विपुल प्रियदर्शी ने बताया कि ओला इलेक्ट्रिक स्कूटी एक बार फुल चार्ज करने पर 195 किलोमीटर तक चल सकती है। इसकी टॉप स्पीड 2.6 सेकंड में 120 किलोमीटर की है। जो अन्य इलेक्ट्रिक वाहनों से अधिक है। पेट्रोल व डीजल के महंगाई के दौर में इलेक्ट्रिक वाहनों को आम जनता काफी पसंद कर रहे हैं। यहां शोरूम में सर्विस की भी सुविधा उपलब्ध है, बैटरी की 8 साल की वारंटी मिलती है। यहां ओला की इलेक्ट्रिक स्कूटी 75 हजार से शुरू होकर डेढ़ लाख तक आसान किस्त व नगद राशि में उपलब्ध है। विपुल प्रियदर्शी ने बताया कि प्रतीक मोटर्स शोरूम में पहले से ही पियाजियों के तीन पहिया वाहन भी उपलब्ध है। यहां अब पियजियो और ओला इलेक्ट्रिक स्कूटी दोनो कंपनियों की वाहन के लिए ग्राहकों को दूर नहीं जाना होगा। इस अवसर पर प्रमोद स्वर्णकार, विनीत प्रियदर्शी विद्यासागर पोद्दार,ओला कम्पनी के सेल्स आफिसर सिद्धार्थ कुमार बैंक ऑफ बड़ौदा गोमिया शाखा के शाखा प्रबंधक अमित मिंज, आईसीआईसीआई बैंक फुसरो शाखा के प्रबंधक, सुनील सिंह, ओमप्रकाश अग्रवाल, मनोज अग्रवाल, रोहित यादव, दामोदर प्रसाद,बंसत प्रजापति आदर्श स्कूल के प्रधानाचार्य पंकज कुमार, शिक्षिका रीता श्रीवास्तव, फुल्केरिया टोप्पो, ओमप्रकाश प्रसाद, मनोज कुमार, अमित कुमार,रोहित कुमार, शांति कुमारी, नेहा कुमारी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

## स्पीड न्यूज

### डीपीएस बोकारो में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन



बोकारो। दीपावली एवं छठ के उपलक्ष्य में डीपीएस बोकारो में विशेष एसेंबली का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रंग-बिरंगे परिधानों में सजे छात्र छात्राओं ने मनोहारी सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से प्रकाश पर्व दीपावली व आस्था के महापर्व छठ की सतरंगी छटा बिखेरी। भक्ति गीत के पश्चात कक्षा 8 की छात्रा श्वेता ने सुविचार प्रस्तुति की। कक्षा 9 की फैजा फारुकी ने स्थानीय व देश विदेश के मुख्य समाचारों से अवगत कराया तथा कक्षा 9 की सौम्या ने बुराई पर अच्छाई की जीत से संबंधित स्वरचित कविता सुनाकर सबकी वाहवाही बटोरी। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की कड़ी में बच्चों की टोली ने छठ गीतों का सुमधुर सामूहिक गायन प्रस्तुत कर वातावरण में भक्ति रस घोल दिया। तदुपरांत डीपीएस स्टार कॉन्टेस्ट के विजेताओं ने गायन वादन और नृत्य में अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस क्रम में डीपीएस स्टार कॉन्टेस्ट सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता पुरस्कृत भी किए गए। कार्यक्रम का संचालन हेड गर्ल ऋद्धिमा कौशल ने किया। सुंदर परिधानों में सजीं छात्राओं ने अपने हाथों में कलाकृतियां लेकर प्रदर्शित कीं। बच्चों की प्रस्तुतियों को सराहते हुए प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने सभी को दीपावली एवं छठ की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने विद्यार्थियों को ज्ञान का प्रकाश फैलाने तथा अपनी परंपरा व संस्कृति से जुड़े रहने का संदेश दिया।

### कांग्रेस ने बोकारो विस क्षेत्रों में चुनाव प्रभारी व सह प्रभारी नियुक्त किया

बेरमो। झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश जी के निदेर्शानुसार झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 में बोकारो जिला अंतर्गत विधानसभा क्षेत्रो में चुनाव प्रभारी व चुनाव सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। चंदनक्यारी विधानसभा क्षेत्र में प्रभारी रामा रावत, सह प्रभारी तूफान साहनी, बोकारो विधानसभा क्षेत्र में प्रभारी सुनील कुमार झा, सह प्रभारी महावीर सिंह चौधरी, बेरमो विधानसभा क्षेत्र में प्रभारी प्रमोद सिंह, सह प्रभारी परवेज अख्तर, गोमिया विधानसभा क्षेत्र में प्रभारी सुबोध मिश्रा सह प्रभारी रामकिशुन रविदास नियुक्त हुए।

# हेमंत सरकार के विकास कार्यों को लेकर हर घर में पहुंचे : एम टी राजा

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**साहिबगंज।** राजमहल विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मंगलहाट में झामुमो नेता व कार्यकर्ता चुनावी मोड पर आ गए। सोमवार को मंगलहाट और लालबाथानी में राजमहल विधानसभा, महागठबंधन के प्रत्याशी एम टी राजा ने कार्यकर्ताओ के साथ बैठक की। इसमें केंद्रीय कमिटी सदस्य झामुमो के नजरुल इस्लाम एवं जिला अध्यक्ष सहजान अंसारी भी शामिल होकर कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाया।

उन्होंने चुनावी रणनीति पर चर्चा करते हुए कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि झामुमो की हेमंत सरकार ने महिलाओं की सशक्तिकरण को लेकर मुख्यमंत्री मंईया सम्मान योजना, अबुआ आवास योजना, सर्वजनन पेंशन समेत कई योजनाएं धरातल पर उतारी है।

अब 18 वर्ष की उम्र से ही युवतियों को भी प्रोत्साहन राशि मिलना शुरू हो जाएगी। जबकि हेमंत सोरेन सरकार ने पहले ही 21 से 49 एवं 50 साल से ही महिलाओं को पेंशन से जोड़ने का काम कर चुकी है। झारखंड सरकार द्वारा प्रत्येक बिजली भोक्ता को 200 यूनिट बिजली मुफ्त दे रही है।

बकाया बिजली बिल भी माफ कराया। ऐसे अनेकों अनेक कल्याणकारी योजनाओं से लाखों लोगों को आच्छादित किया गया है। लाखों लोग जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेकर आगे बढ़ रहे हैं। लेकिन भाजपा के लोग यहां के जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसे जुमलेबाज व ठगबाजों से सजग और सतर्क रहने की बात कही। एम टी राजा ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार के द्वारा किए गए विकास कार्यों को लेकर झामुमो कार्यकर्ता गांव- गांव जाकर हर घर से संपर्क करें। उन्होंने कहा कि आगामी कार्यक्रमों को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए सभी कार्यकर्ता जुट जाएं। झामुमो ही ऐसा राजनैतिक दल है जिसमें बूथ स्तर तक के कार्यकताओं का सम्मान किया जाता है।

कहा कि चुनावी बिगुल बज चूका है। सभी कार्यकर्ता आने वाले चुनाव के लिए अभी से कमर कस लें। उन्होंने कहा की शांति बनाकर अपने काम को करें, किसी का बातो को ध्यान ना दे, जाती धर्म की बातो पर ना पड़े! मौके पर सभी पार्टी के अधिकारी, पदाधिकारी, एवं कार्यकर्त्तागण उपस्थित

# कथारा क्षेत्र में सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 का क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सफल आयोजन

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो।** केंद्रीय कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) के कथारा क्षेत्र में सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के अंतर्गत विभिन्न क्षमता निर्माण प्रशिक्षण कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य अधिकारियों की दक्षता बढ़ाना और नई नीतियों और प्रक्रियाओं की जानकारी देना है। इस क्रम में 'रोड सेल्स गाइडलाइंस' पर प्रशिक्षण विजय कुमार, क्षेत्रीय सेल्स मैनेजर द्वारा प्रदान किया गया, जबकि 'आईटी पहल' पर बिट्टू कुमार, प्रबंधक (ई एंड एम) ने कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया। अर्जुन प्रसाद, स्टाफ ऑफिसर (परियोजना एवं योजना) द्वारा 'माइंस डेवलपर कम ऑपरेटर' विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। 29 अक्टूबर को आयोजित 'फाइनेंस फॉर नॉन फाइनेंस' प्रशिक्षण में राजीव रंजन, क्षेत्रीय वित्त प्रबंधक ने गैर-वित्तीय अधिकारियों को वित्तीय मामलों की बारीकियों से अवगत कराया। इसी कड़ी में बुधवार को 'जेम पोर्टल के माध्यम से सामग्री क्रय' पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ज्ञानेश्वर नाथ, स्टाफ ऑफिसर (एमएम) और जिबिन कुरियाकोस, सहायक प्रबंधक (एमएम) ने सभी को गवर्नमेंट ई-मार्केटप्लेस के जरिए वस्त्रों की पारदर्शी खरीद प्रक्रिया के बारे में प्रशिक्षित किया।

### महाप्रबंधक (कथारा क्षेत्र) का संदेश

महाप्रबंधक संजय कुमार ने इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि कथारा क्षेत्र के अधिकारियों के लिए इस तरह के प्रशिक्षण कार्यक्रम उनकी दक्षता बढ़ाने और नई नीतियों को समझने में सहायक होते हैं। सतर्कता जागरूकता अभियान के तहत आयोजित ये कार्यक्रम पारदर्शिता, जवाबदेही और विकास को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण हैं। हमारा उद्देश्य एक कुशल, सतर्क और जागरूक कार्यबल का निर्माण करना है, जो कंपनी की प्रगति और नैतिकता की मजबूती में योगदान दे। आने वाले समय में कर्मचारियों के लिए भी संबंधित विषयों पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के अंतर्गत क्षेत्र में और भी कई प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, जो सभी को उनके कार्यक्षेत्र में और दक्ष बनाएंगे।

### बीजीएच के नर्सिंग स्कूल में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**बोकारो।** बीजीएच के नर्सिंग स्कूल में सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि के विषय पर हिंदी तथा अंग्रेजी भाषा में आयोजित भाषण प्रतियोगिता में नर्सिंग स्कूल के 40 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में सीजीएम एवं ज्ञानेश झा के साथ वरीय प्रबंधक सुश्री चित्रा पराशर प्रबंधक सौम्या खाटी उपस्थित थे।


**नोटिस**

वाई एम सी ए पब्लिक स्कूल धुर्वा आप सभी को सूचित करता है कि मेरा स्टाफ जो आर बी स्प्रिन्डल स्कूल, किशोर गंज से टीसी और आचरण प्रमाण पत्र ला रहा था। जो शालीमार बाजार से वाई एम सी ए पब्लिक स्कूल धुर्वा के बीच कहीं गिर गया है। अत: जिन किसी को यह मिले, वह दूरभाष संख्या : 0651 – 2950189 पर संपर्क करें।


# कांग्रेस में शामिल हुए भाजपा के कई समर्थक

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**बेरमो/फुसरो।** कांग्रेस पार्टी एवं बेरमो विधायक पर आस्था रखते हुए फुसरो के सिंह नगर निवासी 16वीं लोकसभा के पूर्व सांसद प्रतिनिधि सह फुसरो नगर उपाध्यक्ष जितेंद्र सिंह ने कई समर्थको के साथ कांग्रेस पार्टी का दामन थामा।

यहां पार्टी के बेरमो प्रखंड अध्यक्ष छेदी नोनिया व बेरमो प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार चांडक ने सभी को कांग्रेस का पट्टा ओढ़कर कांग्रेस पार्टी में शामिल किया। बेरमो प्रखंड अध्यक्ष नोनिया व बेरमो प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष चांडक ने सभी को पार्टी में शामिल करते हुए कहा कि आपके पार्टी में आने से कांग्रेस पार्टी में मजबूती प्रदान हुई है। इस दौरान उन्होने जितेंद्र सिंह को फुसरो नगर सचिव का पदभार देकर स्वागत किया।

सदस्यता ग्रहण करने के पश्चात जितेंद्र सिंह ने कहा कि पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ के साथ समाज के उत्थान और विकास के लिए काम करेंगे।


चुनाव कार्य सर्वोच्च प्राथमिकता।

**जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा।**

आवश्यक सूचना

चतरा जिला के प्रभावित बल के सभी महिला/पुरूष गृह रक्षकों को सूचित किया जाता है कि विधान सभा चुनाव 2024 के अवसर पर 70 प्रतिशत गृह रक्षकों को दिनांक– 09.11.2024 से 24.11.2024 तक प्रतिनियुक्त किया जाना है।

अतः कर्त्तव्य के प्रत्याशा में बैठे सभी गृह रक्षकों को आदेशित किया जाता है कि सभी गृह रक्षक जिला समादेष्टा कार्यालय चतरा आकर दिनाक–07.11.2024 तक आगमन दर्ज करा लें ऐसे गृह रक्षक जो विधानसभा चुनाव ड्यिुटी हेतु कॉल–अप नही होगें वैसे गृह रक्षकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई के लिए अनुशंसा कर दी जाएगी।

आदेशानुसार
ह0
जिला समादेष्टा, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा।

PR 339732 Home, Prison And Disaster Management(24-25)D



**विधान सभा आम चुनाव 2024**
**कार्यालयः– जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू**
**(व्यय लेखा जाँच कोषांग)**

प्रेस विज्ञप्ति

विधान सभा आम चुनाव 2024, पलामू जिला अन्तर्गत सभी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र 75–पाँकी 73–मनिका आंशिक, 76–डालटनगंज 77–विश्रामपुर, 78–छतरपुर, 79– हुसैनाबाद के अन्तर्गत सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे चुनाव कार्य में किये जा रहे व्यय से संबंधित लेखा पंजी की जाँच हेतु निम्न निर्धारित तिथियों को स्वंय या अपने एजेंट या विधिवत रूप से प्राधिकृत व्यक्ति के माध्यम से व्यय पंजी सभी अभिलेखों के साथ निरीक्षण हेतु कार्यालय राज्य–कर संयुक्त आयुक्त, पलामू अंचल, डालटनगंज (व्यय लेखा कोषांग) में प्रस्तुत करना सुनिश्चित करेंगें।

| अभ्यर्थी व्यय पंजी की जाँच | व्यय जाँच की तिथि | समय |
|---|---|---|
| व्यय पंजी जाँच की प्रथम तिथि | 02.11.2024 | पूर्वाह्न 10 बजे से 5 बजे अपराह्न |
| व्यय पंजी जाँच की द्वितीय तिथि | 06.11.2024 | पूर्वाह्न 10 बजे से 5 बजे अपराह्न |
| व्यय पंजी जाँच की तृतीय तिथि | 10.11.2024 | पूर्वाह्न 10 बजे से 5 बजे अपराह्न |

नोटः– निरीक्षण के समय निम्न कागजात/प्रपत्र(दो प्रति) के साथ उपस्थित हों–

1. चुनाव प्रयोजनार्थ खोले गये बैंक खाता (पास बुक) की छाया प्रति।
2. अभ्यर्थी या उनके द्वारा नियुक्त अभिकर्ता का प्राधिकार पत्र फोटो एवं हस्ताक्षर अभिप्रमाणित।
3. दैनिक लेखा बही के प्रथम पृष्ठ से अंतिम पृष्ठ जिसमें लेखा संधारित किया गया है की छाया प्रति–(क)
4. रोकड़ बही में प्राप्ति एवं खर्च विवरणी के प्रविष्टि की छाया प्रति–(ख)
5. बैंक लेखा प्रविष्टि की छाया प्रति–(ग)
6. अभिश्रव (भाउचर) की छाया प्रति भाउचर नं0 के साथ हस्ताक्षर सहित।
7. पदाधिकारी द्वारा मांगे गए अन्य कागजात।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–
उपायुक्त, पलामू

PR 339735 (Palamu)24-25*D


# गोड्डा : दीपावली के अवसर पर रायणा पब्लिक स्कूल के शिक्षार्थियों ने किये कई कार्यक्रम प्रस्तुत

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**गोड्डा।** दिवाली के मौके पर रायना पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अपना इस त्यौहार पर स्कूल प्राचार्या रूबी आजाद के साथ कार्यक्रम कर बच्चों का उत्साहवर्धन किया। सभी विद्यार्थियों ने यह दशार्ने के लिए चार्ट पेपर पर दीये बनाए। प्रचार्या रूबी आजाद ने दीपावली का महत्व बताते हुए कहा बुराई के प्रतीक रावण पर विजय प्राप्त करने के बाद जब सीता और लक्ष्मण के साथ जब अयोध्या वापस आये तब पूरी अयोध्या को दीपों से सजाया गया था और उसी दिन से दीपावली का त्यौहार मनाते हैं। उन्होंने बताया की दिवाली प्रकाश पर्व का त्योहार है। सनातन सभ्यता मे आज के दिन श्री राम ने लंका से रावण पर विजय प्राप्त कर अयोध्या पहुंचे थे। उनके आगमन पर अयोध्या वासियो ने पूरे अयोध्या को दीपों से सजाया था। ये प्रकीर्ति के लिये भी अनुकूल है कीट पतेंगे कीटाणु दीपक कई लौ मे जलकर नष्ट हो जाते हैं इससे वायु प्रदूषण मे कमी आती है। स्वछ हवा हमें प्राप्त होती है।

प्राचार्य रूबी आजाद ने छात्रों को दिवाली के बारे में अपनी बातें बताईं और सुरक्षित और खुशहाल दिवाली कैसे मनाई जाए इस बारे में भी बताई। उन्होंने ये भी बताया कि हमें कम से कम पटाके जलाने चाहिए और पर्यावरण को प्रदूषित होने से भी बचाना चाहिए। मौके पर छात्रों ने भाषण भी दिया है। इस प्रतियोगिता में क्लास एलकेजी के हिमांशु राज प्रथम, क्लास प्ले के रेयान अहमद दूसरे स्थान व कक्षा यूकेजी के अर्णव मिश्रा तृतीय स्थान पर रहे।

# बीएसएल ने छात्रों के बीच किया प्रतियोगिता का आयोजन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बोकारो।** बीएसएल के सतर्कता विभाग द्वारा जारी सतर्कता जागरूकता अभियान 2024 के अन्तर्गत बोकारो प्राइवेट आईटीआई में विद्यार्थियों के बीच ज्ञान बिना सत्यनिष्ठा व्यर्थ है सत्यनिष्ठा बिना ज्ञान भयावह है विषय पर आयोजित वाक प्रतियोगिता का में 14 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य महा प्रबंधक सतर्कता एवं एसीवीओ ज्ञानेश झा के साथ सहायक महाप्रबंधक एचआर शिप्रा हेमरोम सतर्कता विभाग के सहायक महाप्रबंधक दिव्यांशु पंत वरीय प्रबंधक चंद्र कमल सिंह बोकारो प्राइवेट आईटीआई के प्रधानाचार्य एसबीपी पांडेय तथा शिक्षकगण उपस्थित थे। प्रतियोगिता में शुभम कुमार झा को प्रथम सुहाना परवीन को द्वितीय रितेश शुक्ला को तृतीय स्थान तथा आशीष कुमार को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। विजेताओं को 2 नवंबर को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन समारोह में पुरस्कृत किया जाएगा।

# शुभ दीपोत्सव

दिवाली धन-धान्य लाभ के साथ खुशहाली का त्योहार है। विशेषकर भारत और भारतवंशी द्वारा दिवाली पूरी दुनिया में मनाया जाता है। विशेषकर व्यापारी वर्ग के लिये आज से ही बही खातों के नये वर्ष का शुभारंभ का दिन भी होता है। धार्मिक कथाओं के अनुसार भगवान राम के वन से अयोध्या आने के दिन पर दिपोत्सव आयोजित किया जाता है। अयोध्या में दुनिया का सबसे बड़ा दिपोत्सव आयोजित कर विश्व कीर्तिमान भी बन रहा है। मंदिर बनने के बाद अयोध्या की पहली दिवाली है। 70 वर्ष से अधिक आयु के लोगों को पांच लाख का स्वास्थ्य बीमा एक अच्छी खबर है। चालू त्योहारी सत्र में लॉजिस्टिक और परिचालन, ई-कॉमर्स तथा आतिथ्य क्षेत्र में नौकरियों में सालाना आधार पर 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पेशेवर नेटवर्किंग मंच अपना डॉट कॉम ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इस दौरान कुल 2.16 लाख नौकरी दर्ज हुए। इस दौरान लॉजिस्टिक और परिचालन क्षेत्र में अवसर सालाना आधार पर 70 प्रतिशत बढ़ गए। दूसरी ओर खुदरा और ई-कॉमर्स में 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई, जबकि रेस्तरां और आतिथ्य क्षेत्र में 25 प्रतिशत की वृद्धि हुई। रैपिडो, डेल्हिवरी, ईकार्ट और शिपरॉकेट जैसी कंपनियों ने विभिन्न पदों के लिए 30,000 से अधिक रिक्तियां दर्ज की हैं। भारतीय रेल में 50 हजार से अधिक रोजगार की सूचना आने वाली है और 50 हजार युवाओं की नियुक्ति प्रकिया जारी है। शेयर बाजार वैश्विक कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। देश में तीसरी बार केन्द्र में स्थिर और मजबूत सरकार बनी है। विदेशी मुद्रा का पर्याप्त भंडार है। सामरिक स्तर पर हमारी पूछ दुनिया में बढ़ रही है। इस दिवाली पर हम प्रदूषण से दूर रहने और प्राकृतिक संसाधनों को संरक्षित रहने के उदेश्यों को भी पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ने का प्रण ले तो सबसे शुभ दिवाली होगी।

## कार्टून वर्ल्ड




## आज का राशिफल

मेष : कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-6-8

वृष : आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-1-3-5

मिथुन : व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-4-7

कर्क : कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें। रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-1-5-8

सिंह : यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-3-6-8

कन्या : आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होंगे। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-6-7-9

तुला : लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-7-8

वृश्चिक : व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-2-5-7

धनु : यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-3-6-8

मकर : मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-4-6-8

कुंभ : आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-6

मीन : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8


# सर्वधर्म समभाव और दीपोत्सव का आनंद



दिवाली एक समृद्ध, सुखी और शांत राष्ट्र के निर्माण के लिए यह जरूरी तत्व है। किन्तु हमें यह भी समझना होगा कि भारत में इस सहिष्णुता की नींव क्या है और अड़चनें क्या हैं। हिन्दू या सनातन चिंतन परंपरा इसके मूल में है जो स्वभाव से समावेशी और बहुलता वादी है, जिसका मानना है कि "ईश्वर एक ही है और उसे अपनी अपनी आस्था और समझ के अनुरूप भिन्न-भिन्न रूपों में माना जा सकता।" सनातन परंपरा हजारों वर्षों में विकसित हुई है और विकसित होती जा रही है। यही हिन्दू या सनातन परंपरा की खूबी है कि यह सतत विकासमान है और इसमें नए-नए ज्ञान को समावेशित करने की छूट है क्योंकि इसका विकास ही शास्त्रार्थ और गहन चिंतन से उपजे विभिन्न दर्शनों के आधार पर हुआ है।

वर्तमान में इसमें प्राचीनतम जादू टोने वाले समाज के तत्वों से लेकर सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, पूर्व मीमांसा और उत्तर मीमांसा के तत्व एक साथ खुशी से पनपते चले आ रहे हैं। बौद्ध धर्म के रूप में भले ही लुप्त हो गया हो किन्तु उसके बहुत से तत्व भारतीय चिंतन में समाविष्ट हो चुके हैं। जैन और अनेक संतों के मत भी फल-फूल रहे हैं। चैतन्य महाप्रभू का संकीर्तन भक्तिमार्ग हो या कबीर का निर्गुण ब्रह्म की उपासना हो, दादू पन्थ, रैदास पंथ, गोरख पंथ आदि अनेक दर्शन थोड़े-थोड़े भेद के साथ स्वीकृत और जनमानस में आत्मसात हो चुके हैं। अनेक आदिवासी समुदायों के विभिन्न मत भी मान्य हैं, जिन सब में कुछ तत्व सांझे हैं। जिनमें सबसे महत्वपूर्ण है दूसरे के मत को भी अपने जितना आदर देना। इनमें से कुछ तो नास्तिक वाद के भी पास हैं, कुछ बहु देव वादी हैं, कुछ एकेश्वर वादी हैं। किन्तु इनका एकेश्वर वाद भी अब्राह्मिक धर्मों की तरह बहुदेव वाद और साकार उपासना को घृणा की दृष्टि से नहीं देखता बल्कि यह समझ कर मान्यता देता है कि मनुष्य की आंतरिक विकास की सीढ़ियों में यह भी एक सीढ़ी है और यह विकास की प्रक्रिया चलती रहनी चाहिए।

धीरे-धीरे साकार पूजा और बहु देव वाद आंतरिक विकास के साथ-साथ एकेश्वर वाद और निराकार उपासना तक पहुंच ही जाते हैं, किन्तु इसका यह अर्थ कदापि नहीं की जब हम डाक्टरेट कर लें तो पहली-दूसरी श्रेणी के विद्यालयों से नफरत करने लग जाएं। समाज में लोग आते रहेंगे और छोटे विद्यालयों की जरूरत बनी ही रहेगी। जब व्यक्ति ज्ञान हासिल कर लेता है तो उसे पुस्तक पेन्सिल की जरूरत नहीं रहती तो क्या उन्हें तोड़ दें, नहीं कभी नहीं, बल्कि जिन्हें उनकी जरूरत है उन्हें दे दें। सनातन धर्म में कहते हैं। इस तरह पूरे ताने-बाने में ही सब धर्मों को मानने वालों के प्रति श्रद्धा का भाव पैदा हो जाता है। सनातनी संस्कार वाला



- कुलभूषण

> वर्तमान में इसमें प्राचीनतम जादू टोने वाले समाज के तत्वों से लेकर सांख्य, योग, न्याय, वैशेषिक, पूर्व मीमांसा और उत्तर मीमांसा के तत्व एक साथ खुशी से पनपते चले आ रहे हैं। बौद्ध धर्म के रूप में भले ही लुप्त हो गया हो किन्तु उसके बहुत से तत्व भारतीय चिंतन में समाविष्ट हो चुके हैं। जैन और अनेक संतों के मत भी फल-फूल रहे हैं।

जीवन के दो विभाग हैं। एक प्रवृत्ति मार्ग और दूसरा निवृत्ति मार्ग। प्रवृति मार्ग का लक्ष्य है, सांसारिक जीवन को सफलता से जीने वाले नियमों को मानना और उन पर चलते हुए अपने और समाज के जीवन को सफल बनाने का प्रयास करते रहना।

इसका फल है, अपने कर्मों के अनुसार बार-बार जन्म लेते रहना। यह एक सतत प्रक्रिया के रूप में चलता रहता है। दूसरा है निवृत्ति मार्ग- इस मार्ग पर वे लोग चलते हैं जो सुख दुःख के झमेले से बाहर निकल जाना चाहते हैं। वे मोक्ष की कामना करते हैं। और उसी के लिए विभिन्न साधना करते हैं। मोक्ष को सबसे उत्तम लक्ष्य माना जाता है। बौद्ध इसको थोड़ा बहुत हेरफेर से निर्वाण समाज किसी दूसरे धर्म के प्रति घृणा के भाव से ऊपर उठ चूका है। वह दूसरे धर्म को घटिया या छोटा साबित करने के चक्कर में कभी नहीं पड़ता। न ही दूसरे धर्म को मानने वाले को अपना धर्म छोड़ कर सनातनी बन जाने को कहता है। बल्कि उसका मानना तो यह है कि न अपना धर्म छोड़ो और न दूसरे का धर्म छुडाओ, क्योंकि रस्ते अलग-अलग हैं पर अंत में सभी को वहीं पहुंचना है तो झगड़ा क्यों।

किन्तु जब अब्राह्मिक धर्मों से पाला पड़ा तो स्थितियां बदल गईं। उनका पहला लक्ष्य ही दूसरे के धर्म पर टीका-टिप्पणी करके धर्मांतरण करवा कर अपने धर्म में लाना है। इसके लिए दूसरे के धर्म को घटिया साबित करना जरूरी है। इसी धंधे में जाकिर नाईक और उन जैसे अनेक धर्म गुरु लगे रहते हैं। उनके लिए यह पुण्य का कार्य है। इसके लिए बाकायदा संस्था गत कार्य की व्यवस्था की जाती है। तबलीग जैसी संस्थाएं यही कार्य करती रहती हैं। इसी तरह ईसाई मिशनरियां भी यही काम करती रहती हैं। अब्राह्मिक धर्मों के कुछ अच्छे नियम हैं जिन्हें फर्ज कहा जाता है। जो एक पुस्तक पर आधारित हैं। उनमें अपने धर्म की श्रेष्ठता का भाव भी कूट-कूट कर भरा जाता है जिससे अन्य धर्मों के साथ उनका टकराव होना स्वाभाविक हो जाता है। उनके लिए दूसरे का धर्म छुड़वा कर अपने धर्म में लाना पुण्य का काम है। इस्लाम और ईसाई धर्म में धर्मान्तरण के तरीकों में थोडा अंतर जरूर है। ईसाईयों ने सेवा और लालच का प्रयोग ज्यादातर किया।

इस्लाम ने शक्ति और शासन के दबाव का प्रयोग किया। आज भी भारत में यह क्रम तो जारी ही है। इससे सनातनी मानस में खतरे की अनुभूति होती है। अविश्वास बढ़ता है। अविश्वास ही सबसे बड़ी फूट की वजह है, जिससे भारत को पार पाना होगा। अब 20 करोड़ और 100 करोड़ लोग कब तक आपसी द्वेष में एक-दूसरे को हानि पहुंचाने के रास्ते पर चलते रहेंगे। भारतीय दक्षिण पंथ भी कई बार अतिवादी प्रतिक्रिया करने लग पड़ा है। किन्तु यह प्रतिक्रिया है। यह समझना होगा। क्रिया नहीं होगी तो प्रतिक्रिया भी नहीं होगी। एक धर्मांतरण करेगा और दूसरा घरवापसी करेगा। इससे अंदर-अंदर दुर्भावना तो फैलेगी।

धर्म की स्वतंत्रता का अर्थ अपने धर्म का धर्मांतरण के लिए प्रचार की छूट के रूप में लेना गलत है। प्रचार का अर्थ होना चाहिए अपने-अपने धर्म की अच्छी-अच्छी बातें समझा कर बेहतर समाज बनाने की कोशिश करना। आचार्य विनोबा भावे जी ने कहा है कि मेरा लक्ष्य यह नहीं है कि मैं मुसलमान को या ईसाई को हिन्दू बनाने का कार्य करूं बल्कि मैं तो हिन्दू को बेहतर हिन्दू, मुसलमान को बेहतर मुसलमान और ईसाई को बेहतर ईसाई बनाना चाहूंगा। यह सोच सब स्वीकार कर लें तो आपसी फूट और अविश्वास का बड़ा कारण समाप्त हो जाएगा। धर्मांतरण बंद होगा तो एक-दूसरे के धर्म की निंदा की जरूरत भी नहीं रहेगी। अगर मिल बैठ कर सोचें तो कठिन हरगिज नहीं है। दिवाली के गणेश ज्ञान और लक्ष्मी ज्ञान के सहयोग से प्राप्त लक्ष्मी की परम्परा को दर्शाती है।

(लेखक, ख्यातिलब्ध पर्यावरणविद् हैं।)

## लेटर टू एडिटर

### मानवता के दुश्मन

**यह** समय जरूरतमंदों की मदद का है ताकि वे बीमारी और संकटकालीन स्थिति से उबर सकें और हम अपने मानवीय होने का प्रमाण दे सकें। मगर, लोग आज जिस तरह हालातों का फायदा उठा रहे हैं, उससे यह महामारी और भयावह हो गई है। कोरोना कुछ लोगों को धंधे करने का एक बड़ा अवसर बन गया है जो समूची मानवता के नाम पर कलंक है।

**-अमृतलाल, हजारीबाग**

### सोच बदलें

**आज** 21वीं सदी में भी दुनिया में लैंगिक असमानता है। देश की लड़कियां हर क्षेत्र में लड़कों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। वहीं दूसरी तरफ अभी भी भारत के कुछे रूढ़िवादी विचारधारा लड़कियों के प्रति संकीर्ण सोच रखे हुए हैं। भारत का सशक्तीकरण तब तक नहीं हो सकता, लड़का-लड़की के बीच भेदभाव की संकीर्ण मानसिकता नहीं त्याग देते।

**-विजय सिंह, जमशेदपुर**

## एक्स - ट्वीट

**वर्तमान** समय में आश्चर्यचकित करने वाली बीमारियां चुनौती बन रही हैं और इसका समाधान तत्काल राज्य के पास उपलब्ध नहीं हो पाता है।

लेकिन आने वाले समय में यह हम सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि राज्य में हर क्रिटिकल बीमारी का इलाज संभव हो सके, इसके लिए राज्य स्तर पर भी काम चल रहा है एवं निजी सहयोग के साथ भी हम लोग कार्य कर रहे हैं।

कई माध्यमों से हम लोगों ने स्वास्थ्य की व्यवस्था में सुधार करने की कोशिश भी की है। स्वास्थ्य के क्षेत्र में राज्य के पूर्व की स्वास्थ्य स्थिति में बहुत बदलाव आया है। हालांकि अभी बहुत कुछ करना बाकी है।

**- हेमंत सोरेन, सीएम**

# दीपावली मानवता की विजय यात्रा का प्रकाश पर्व है

**शिवानन्द उपाध्याय**

पर्व

**दीपावली** केवल प्रकाश पर्व नहीं है; यह हमारे जीवन में गहरे अर्थ और महत्वपूर्ण संदेशों का उत्सव है। यह पुरुषार्थ का पर्व है, अर्थात यह समय है अपने लक्ष्यों की ओर बढ़ने और जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का` यह आत्म-साक्षात्कार का पर्व है यह अपने भीतर की सुषुप्त चेतना को जागृत करने का पर्व है, जो हमें उद्वेलित करता है कि हम अपनी आंतरिक शक्ति और क्षमता को पहचानें और उसे बाहर लाने को प्रोत्साहित करता है यह पर्व हमें अपने चारों ओर की ऊर्जा और आभामंडल को शुद्ध करने की प्रेरणा देता है। दीप जलाने से न केवल वातावरण रोशन होता है, बल्कि यह हमारे मन और आत्मा को भी शुद्ध करता है। यह पर्यावरण की स्वच्छता के प्रति जागरूकता का पर्व है` स्वच्छता का महत्व केवल हमारे व्यक्तिगत जीवन में नहीं, बल्कि हमारे पर्यावरण में भी है।

बृहदारण्यकोपनिषद् में कहा गया है- ॐ असतो मा सद्गमय। तमसो मा ज्योतिर्गमय। मृत्योमार्मृतं गमय ॥ इस श्लोक का अर्थ है: मुझे असत्य से सत्य की ओर ले चलो, मुझे अंधकार से प्रकाश की ओर ले चलो, मुझे मृत्यु से अमरता की ओर ले चलो` प्रकृति के लिए अंधकार से प्रकाश की ओर जाना एक स्वाभाविक प्रक्रिया है, जो सृष्टि के नियम का हिस्सा है। सूर्य की पहली किरणें रात के अंधकार को समाप्त कर देती हैं, लेकिन मनुष्य के लिए यह इतना सरल नहीं होता। इंसान के भीतर जो प्रकाश और शक्ति छिपी होती है, उसे अनेक प्रकार के भ्रम और वासना ग्रस लेते हैं, और अंधकार उसके भीतर स्थायी रूप से बैठ जाता है। ऐसे में प्रकाश की ओर बढ़ने के लिए गहन साधना और प्रयास की आवश्यकता होती है। आत्मिक विकास के लिए हमें अपने भीतर के अंधकार—जैसे आसक्ति, मोह, काम, क्रोध, और अहंकार—से मुक्त होना आवश्यक है। यह कुछ वैसा ही है जैसा निराला के राम के लिए शक्ति की मौलिक आराधना करना था` तमसो मा ज्योतिर्गमय का संदेश हमें यही सिखाता है कि असली प्रकाश भीतर से ही प्राप्त होता है। जब हम इन भावनाओं के अंधकार को छोड़कर प्रकाश की ओर बढ़ते हैं, तब हमें शांति और संतोष की अनुभूति होती है। संत कवि तुलसीदास जी ने कहा है, येहु जड़ जामिन जागहिं जोगी, परमारथी प्रपंच वियोगी, जिससे यह स्पष्ट होता है कि जो व्यक्ति केवल बाहरी भौतिकता में लिप्त हैं, वे सच्चे ज्ञान और वास्तविकता से दूर हैं। दीये की यह रोशनी हमारे भीतर की अच्छाइयों और वास्तविक ज्ञान का भी प्रतीक है, जिसे हमें हर समय जलाए रखना चाहिए।

तथागत बुद्ध की अमृत वाणी अप्प दीपो भव आत्मा के लिए दीपक बनने की ही भावना है कि हमें अपने अंदर की शक्ति और ज्ञान को पहचानना चाहिए। अपने विचारों और भावनाओं का निरीक्षण करें, और अपने सच्चे स्वरूप को जानें। अपने आत्म-साक्षात्कार के माध्यम से हमें अपने जीवन में सत्य और ज्ञान के प्रकाश को जलाए रखना चाहिए, ताकि अज्ञानता और अधर्म का अंधकार दूर हो सके।

प्राकृतिक जगत में अन्धकार और प्रकाश सहज रूप से कार्य करते है, लेकिन मनुष्य जिसे ज्ञान और विवेक दोनों ही सहज रूप से प्राप्त है, वह इनका दुरुपयोग कर रहा है` इस कारण विश्व मानवता के ऊपर विनाश की विभीषिका छायी हुई है` अंधकार जीवन की एक चुनौती है, जबकि प्रकाश इसका समाधान है। जीवन को जीने के लिए हमें सहज प्रकाश की आवश्यकता होती है। प्रकाश हमारे सकारात्मक गुणों, सच्चे ज्ञान, संवेदनशीलता और करुणा, प्रेम और भाईचारे, त्याग और सहिष्णुता, सुख और शांति, समृद्धि और विकास, शुभता और लाभ, और दिव्य सिद्धियों का प्रतीक है। यह सभी गुण हमारे जीवन को आलोकित करते हैं और हमें एक बेहतर मानवता की ओर अग्रसर करते हैं। मानवता की यात्रा हमेशा प्रकाश की खोज में रही है। ज्ञान वास्तव में दुनिया का सबसे बड़ा प्रकाश दीप है। अंधकार हमारे अज्ञान, दुराचार, दुष्ट प्रवृत्तियों, आलस्य, बैर, विनाश, क्रोध, कुंठा, राग-द्वेष, हिंसा और कदाचार का प्रतीक है। जब यह अंधकार हमारे मन में व्याप्त हो जाता है, तो हम सकारात्मकता और विकास की ओर बढ़ने में असमर्थ हो जाते हैं।

जब ज्ञान का दीप जलता है, तो यह न केवल हमारे भीतर के अंधकार को दूर करता है, बल्कि हमारे चारों ओर के वातावरण को भी आलोकित करता है। ज्ञान रूपी प्रकाश दीप का महत्व केवल व्यक्तिगत स्तर पर ही नहीं, बल्कि सामूहिक स्तर पर भी है। आज हमारे समाज में कई बाहरी समस्याएँ मौजूद हैं—जैसे पर्यावरण प्रदूषण, हिंसा, आतंकवाद, और अनैतिकता। ये समस्याएँ अक्सर लोभ, आसक्ति और अज्ञानता के परिणामस्वरूप उत्पन्न होती हैं।

# वर्तमान सामाजिक संरचना में अकेलेपन से आहत जनों की पीड़ा और दिवाली



**-उषा किरण**

साहित्य

अकेलापन एक भावनात्मक स्थिति है जो दूसरों के साथ वांछित पर्याप्त सार्थक संबंध न होने से उत्पन्न होती है. अकेलापन अकेले या अलग-थलग हो जाने का दुःखद एहसास हैं। दिवाली पर उत्सव मनाते है उजाले का। यह उजाला प्रकाश पर्व हमारे व्यवहार और मन मंदिर में फैले यह आवश्यक है।

एक महफिल में कई महफिलें होती हैं शरीक, जिसको भी पास से देखोगे अकेला होगा।'- निदा फाजली का यह अशआर 'अकेलेपन' की ओर ही इशारा है। वास्तव में यह संवेदना,मानसिक स्तर की अनुभूति है, जहाँ व्यक्ति समष्टि में भी स्वयं को अकेला अनुभव करता है। वह समाज, परिवार से अपने को कटा हुआ, एकदम अकेला पाता है। अर्थात यह देश,समाज,परिवार सभी से अलगाव की स्थिति है।

यद्यपि 'अकेला व एकान्त' प्राचीन धारणा है, लेकिन 'अकेलापन' एक आधुनिक अवधारणा है, जो सामाजिक-व्याधि, मानसिक-त्रासदी के रूप मे प्रकट हुआ है। इस अकेलेपन को वेद, उपनिषदों, ऋषियों के साथ ही मनु, बुद्ध, ओशो के अकेलापन के साथ जोड़ने पर इसका एक सकारात्मक पक्ष भी उभरकर आता है। इस प्रकार अकेलेपन का नकारात्मक के साथ सकारात्मक पक्ष भी है, जो व्यक्ति को खंडित करने वाला नही अपितु सम्पूर्ण बनाने वाला है, जिसके बारे में डॉ हरिवंश राय बच्चन कहते हैं- 'अकेलापन का बल पहचान।' वही अज्ञेय जी कहते हैं- 'मैं तो डूब गया था स्वयं शून्य में......वह तो सबकुछ की तथता थी।' इस प्रकार अकेला और अकेलेपन मे भी भेद है। जहाँ अकेला होना आनंद लाता है वही अकेलापन उदासी। सहस्त्र कमलदल-सा खिला चित्त क्षण में कुम्हलाए पत्तों की भांति अधोमुख हो जाता है।

यद्यपि प्राचीन भारतीय साहित्य मे अकेलेपन की स्थिति का वर्णन मिलता है, जिसका विशेष महत्व है, परन्तु हिन्दी कथा-साहित्य में अकेलापन के बोध का बीज प्रेमचंद-युग मे अंकुरित होता है। प्रेमचंदोत्तार काल में इसकी धारा तेज होती है तथा साठोत्तरी कथा-साहित्य मे उभरता है एवं लगभग 2000 ई. के बाद विशेष रूप से परिलक्षित होता है। यह अकेलापन नई राजनीति-व्यवस्था ,नये-अर्थतंत्र,पूँजीवाद,औद्योगिकीकरण,नगरीकरण की देन है,जो व्यक्ति में अवसाद,अनास्था,निराशा,घुटन,संत्रास आदि को जन्म देता है। हिन्दी कथा-साहित्य में अकेलापन का बोध निम्नलिखित उपन्यासकरों एवं कहानीकरों की कृतियों में दिखाई देता है; यथा- राजा राधिका रमण प्रसाद सिंह ('राम रहीम' उपन्यास) भगवती चरण वर्मा, जयशंकर प्रसाद, जैनेंद्र, अज्ञेय, इलाचंद्र जोशी, रामदरश मिश्र, उपेंद्रनाथ 'अश्क', अमृतलाल नागर बूंद और समुद्र, मोहन राकेश ('अंधेरे बंद कमरे' उपन्यास) महेंद्र भल्ला ('एक पति के नोट्स' उपन्यास) डॉ देवराज उषा प्रियंवदा, नरेश मेहता, निर्मल वर्मा, राजेंद्र यादव, मन्नू भंडारी लक्ष्मीकांत वर्मा, जगदंबा प्रसाद दीक्षित, मेहरुन्निसा परवेज, सुरेंद्र वर्मा, चित्रा मुद्गल, मैत्रेई पुष्पा, अलका सरावगी, मधु कांकरिया ('पत्ता खोर') मनोहर श्याम जोशी('कसप', 'क्याप', 'हमजद' 'कौन हूं मैं'),कृष्णा सोबती ('समय सरगम') महाश्वेता देवी, संजीव ( 'रह गई दिशाएं इसी पार') मृणाल पांडे, प्राण शर्मा ('अकेलापन' कहानी) इत्यादि।

कथा-साहित्य के अंतर्गत दो प्रधान अंग हैं- कहानी और उपन्यास। 'अकेलापन' और एकाकीपन पर्याय शब्द स्वीकृत हैं। 'एकाकीपन' अंग्रेजी शब्द 'एलिएनेशन' का हिंदी अनुवाद है। एलिएनेशन के पर्याय रूप में हिंदी भाषा में कई शब्द प्रयुक्त हुए हैं- अलगाव परायापन,निर्वासन, बिलगाव,एकाकीपन,बेगानापन, वीरानापन, उखड़ापन, विदेशीपन इत्यादि।1

'अकेला' व 'एकांत' अर्थात एक के बाद अंत, किसी दूसरे की गणना नहीं। 'अकेलापन' अर्थात भीड़ में अकेले, समष्टि में व्यक्तिबोध। इस प्रकार अकेला एवं अकेलापन दोनों अलग-अलग मनःस्थितियां हैं। अकेला होना संवेदना-स्तर की आंतरिक स्थिति है। अस्तित्ववादी नीत्शे के अनुसार मनुष्य अकेला ही पूर्णता प्राप्त कर सकता है।

अकेलापन दशार्ता है- 'भीड़ है कयामत की और हम अकेले हैं...।' अर्थात समाज में निवास करते हुए भी उससे अलगाव, संबंधहीनता और स्वयं को उस समूह में अकेला महसूस करना। डॉ सुरेंद्र मोहन खोसला का विचार है- अकेलापन समाज से संपर्क विहीन होने की स्थिति है। यह सही रूप में न समझे जाने की पीड़ा से उद्धृत अलगाव संबंधी भाव है। समाज में रहता हुआ व्यक्ति स्वयं को समाज में अकेला पड़ गया अनुभव करता है अथवा अकेला रहना उसकी पसंद बन जाता है।

अकेलेपन का हमारे समाज पर नकारात्मक' प्रभाव के रूप में उद्देश्यहीनता, निरर्थकताबोध,अवसाद, मृत्युबोध, स्वच्छंद यौनाचरण, नशाखोरी इत्यादि दृष्टिगोचर होते हैं, किंतु अकेलापन केवल त्रासदी ही नहीं ? सकारात्मक भी है। अकेलेपन का अपने अंतर्निहित गुणों को बाहर लाने, विकसित करने के लिये उपयोगी अवसर के रूप में स्वागत कर इसे एक नवीन दिशा दी जा सकती है। 'हिंदी कथा-साहित्य में अकेलेपन का बोध' प्रेमचंद- युग के कथाकारों एवं उपन्यास-कारों से लेकर प्रेमचंदोत्तर काल के रचनाकारों की रचनाओं में द्रष्टव्य है। अकेलापन एक आधुनिक अवधारणा है, जो मुख्यतः औद्योगिकीकरण महानगरीकरण, पूंजीवाद, मशीनीकरण आदि परिस्थितियों से उपजा है। दिपोत्सव में हम एकांकी न होकर सभी का ख्याल रखने का संदेश देता है।

(विभागाध्यक्ष, संस्कृत विभाग, विमेंस कॉलेज रांची)

स्पीड न्यूज

## रजरप्पा में काली पूजा आज



**रजरप्पा।** सिद्धपीठ रजरप्पा स्थित छिन्नमस्तिका मंदिर तंत्र-मंत्र की साधना और सिद्धि के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है, इसीलिए कई बड़े तांत्रिक साधक यहां पहुंच गए हैं। कई खुले आसमान के नीचे तो कई पहुंचे हुए तांत्रिक श्मशान भूमि और घने जंगलों में भी गुप्तरुप से तंत्र-मंत्र सिद्धि के लिए साधना करेंगे। दक्षिणेश्वरी काली मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी से सजाया गया है। दक्षिणेश्वरी काली मंदिर के पुजारी दुर्गा दत्त पांडेय एवं वरीय पुजारी छोटू पंडा ने बताया कि दस महाविद्या में दक्षिणेश्वरी काली प्रथम रूप है। दीपावली की रात मां के दर्शन का खास महत्व है। इसी वजह से झारखंड के अलावा पश्चिम बंगाल सहित आसपास के राज्यों के लोग यहां आते हैं। तंत्र सिद्धि के लिए साधू-संतों का भी जमावड़ा लगता है। उन्होंने बताया कि छिन्नमस्तिका मंदिर परिसर में कुल 13 हवन कुंड है। इसमें कार्तिक अमावस्या की रात साधक और तांत्रिक इन हवन कुंडों में विशेष अनुष्ठान करते हैं। उन्होंने बताया कि कार्तिक अमावस्या की साधना व पूजा से सभी विघ्न बाधाएं दूर होने के अलावे न सिर्फ धन संपत्ति की प्राप्ति होती है बल्कि रोग, शोक, शक्ति व शत्रु का दमन भी होता है। वहीं तंत्र मंत्र सिद्धि करने बालों के लिए यह रात शक्ति प्रदान करती है। जो भी सच्चे मन से इस रात्रि को देवी मां काली को अराधना करता है, देवी उसके कार्यों को सिद्ध करती हैं।

## जैकलीन थ्रो में सीनम सिंह ने जीता सिल्वर



**रामगढ़।** नेशनल वेटरन चैंपियनशिप प्रतियोगिता महाराष्ट्र के नासिक में हुई, जिसमें देशभर के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में रामगढ़ जिले की सीनम सिंह ने 50 वर्ष से अधिक उम्र ग्रुप में जैकलीन थ्रो में तीसरा स्थान प्राप्त कर झारखंड एवं अपने जिला रामगढ़ का नाम रौशन किया। उनके बेहतर प्रदर्शन के लिए कांस्य पदक देकर उन्हें सम्मानित किया गया। वह फार्मासिस्ट अशोक कुमार महतो कन धर्म पत्नी हैं। सीनम सिंह का चयन अंतर्राष्ट्रीय वेटरन चैंपियनशिप के लिए हुआ है। उनकी उपलब्धि पर कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है।

## अग्रसेन स्कूल में मना फेस्टिव महोत्सव



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्री अग्रसेन स्कूल, भुरकुंडा में बुधवार को फेस्टिव महोत्सव हुआ। बच्चों ने दीपावली, चित्रगुप्त पूजा, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, लक्ष्मी पूजा, काली पूजा, छठ आदि त्योहारों की आकर्षक झांकी निकालकर पूरे माहौल को त्योहारों के रंग से सराबोर कर दिया। बच्चों ने सभी त्योहारों को मनाने के पीछे छिपे संदेश को भी बताया। महोत्सव की शुरूआत राम आएंगे.... गीत पर बच्चों की आकर्षक नृत्य प्रस्तुति के साथ हुई। वनवास के बाद प्रभु श्रीराम, लक्ष्मण और माता सीता की अयोध्या वापसी पर अयोध्या में मने भव्य उत्सव की झांकी निकाली। राम दरबार भी सजाया गया। अयोध्या वापसी से पहले प्रभु श्रीराम के हाथों रावण वध और मृत्यु से पूर्व रावण द्वारा लक्ष्मण को दी गई शिक्षा का नाट्य भी मंचन किया गया। झांकी के दौरान पारंपरिक गीत और मंत्रोच्चारण से पूरा माहौल बंधा रहा। दीपावली के मौके पर घरौंदा बनाकर उसमें दीप प्रज्जवलित किया गया। साथ ही आकर्षक रंगोली सजाई गई।

## ए ला एंगलाइज में रंगोली प्रतियोगिता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** ए ला एंगलाइज सीनियर सेकेंडरी विद्यालय बिरसा चौक भुरकुंडा में बुधवार को मतदाता जागरूकता के लिए प्रभात रैली निकाली गई। रैली की शुरूआत विद्यालय के प्राचार्य विजयंत कुमार ने हरी झंडी दिखाकर की। प्राचार्य ने माता-पिता, आस-पड़ोस सहित आमजनो को भी मतदान के लिए प्रेरित करने का आहवान किया। उन्होंने कहा कि मतदान हमारा अधिकार है और हमें इसका प्रयोग करना चाहिए। रैली के बाद विद्यालय में दिपावली पर्व के अवसर पर अंतर सदनीय रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने अपने कला का प्रर्दशन से विद्यालय परिवार का मन मोह लिया। प्रतियोगिता में पर्यावरण संरक्षण, भारतीय संस्कृति, त्योहारों का उत्सव और महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों पर आधारित रंगोली बनाई गई। प्रत्येक सदन की रंगोली में उनकी कल्पनाशक्ति और सृजनशीलता की झलक दिखी। निर्णायक की भूमिका विद्यालय के सचिव डॉ. गजाधर महतो प्रभाकर, प्राचार्य विजयंत कुमार, केजी की प्राचार्या अंजू पटेल, परीक्षा नियंत्रक जय किशोर प्रसाद महतो, निरंजन दुबे और खेल शिक्षक कंचन सोनी ने निभाया। निर्णायक मंडली ने रंगोली के रंग संयोजन, डिजाइन और संदेश पर ध्यान देते हुए विजेताओं का चयन किया। जिसमें नेताजी सदन प्रथम, अशोक सदन द्वितीय व आर्यभट्ट सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों के कलात्मकता, सृजनात्मकता और सामूहिकता का विकास करना था। प्राचार्य ने शिक्षक-शिक्षकेतर कर्मचारी और छात्र-छात्राओं को दीपावली, चित्रगुप्त पूजा, गोवर्धन पूजा, भाई दूज, लक्ष्मी पूजा, काली पूजा की शुभकामनाएं देते हुए बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# हेमंत सरकार ने वृद्धा पेंशन बंद कर दिया : हिमंता विस्वा सरमा

### बरकट्ठा में कार्यकर्ताओं से मिले असम के सीएम, जीतने का दिया मंत्र

खबर मन्त्र संवाददाता



बरकट्ठा । बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के गैंड़ा, बरकट्ठा में तीन नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जनसभा प्रस्तावित है। उनके आगमन को लेकर कार्यक्रम स्थल का जायजा लेने आसाम के सीएम और भाजपा के प्रदेश सह प्रभारी हिमंता विस्वा सरमा और पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश हेलीकॉप्टर से पहुंचे।

उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से मिले। कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने का मंत्र दिया। इसके पूर्व पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश भी मंगलवार के दोपहर में पहुंचे। उन्होंने भी सभास्थल का निरीक्षण किया। हेमंता विस्वा शर्मा ने कहा कि मोदी सरकार चावल दे रही है और हेमंत सरकार केवल झोला दे रही है। उन्होंने कहा कि वृद्धा पेंशन बंद कर दिया और मंईयां को पैसा दे रही है। इस तरह सास बहू में लड़ाई करवा दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार बनने पर गोगो दीदी योजना, पांच सौ में घरेलू सिलेंडर और खाली वेकेंसी को भरेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा की सरकार ही बनेगी। असाम के सीएम हेमंता विस्वा सरमा और दीपक प्रकाश बाई रोड रांची के लिए रवाना हुए।

### संजीव कतरियार फिर भाजपा में हुये शामिल



**बरही।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर हजारीबाग से सांसद मनीष जायसवाल और भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक मनोज यादव ने पूर्व सांसद प्रतिनिधि संजीव कतरियार से उनके आवास पर मुलाकात की। पार्टी से असंतुष्ट चल रहे कतरियार ने पार्टी में वापसी की। सांसद मनीष जायसवाल व भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव ने संजीव कतरियार का स्वागत करते हुए उन्हें पार्टी का पट्टा पहनाया। इस अवसर पर संजीव कतरियार को भाजपा प्रत्याशी मनोज यादव की जीत सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई। इस मौके पर जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, भाजपा मंडल अध्यक्ष भगवान केशरी, आकाश जायसवाल, प्रमोद सिंह समेत अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# भाजपा प्रत्याशी ने कटकमसांडी का किया दौरा



### हजारीबाग सदर प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद का ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत

खबर मन्त्र संवाददाता

**हजारीबाग।** सदर से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने प्रखंड कटकमसांडी के छह पंचायतों के अन्तर्गत 25 गांवों का जनसंपर्क के तहत आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ किया ।भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने जनसेवा और क्षेत्र के विकास से संबंधित कार्यों में निरंतर जुटे हुए रहते हैं। बुधवार को हजारीबाग सदर से भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने कटकमसांडी प्रखंड क्षेत्र के छह पंचायत के अंतर्गत पच्चीस गांवों का दौरा किया ।प्रदीप प्रसाद का कटकमसांडी क्षेत्र वासियों ने ढोल-ताशे और गाजे- बाजे के साथ पारंपरिक अंदाज में थिरकते और गाते-झूमते हुए फूल माला पहनाकर अभूतपूर्व स्वागत किया। भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने प्रखंड क्षेत्र के रेबर, आराभुसाई, ढौठवा,शाहपुर , डांटो खुर्द, और बाझा,इन पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत कई गांवों के लोगों की समस्याओं से भी रूबरू हुए और हर संभव सुख दुख में साथ देने का भरोसा दिए। आज का आशीर्वाद यात्रा के दौरान भाजपा प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद ने कहा कि इस बार आपार समर्थन मिल रहा है। लोग इस बार सरकार बदलने के लिए लालियत है। मौके पर कटकमसांडी विधायक प्रतिनिधि किशीरी राणा, जिला मंत्री रीतलाल यादव कटकमसांडी पश्चिमी भाजपा मंडल अध्यक्ष कैलाश यादव,पूर्वी मंडल अध्यक्ष पवन गिरी,सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने दारू प्रखंड में मांगा वोट



**दारू।** हजारीबाग सदर विधानसभा सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी मुन्ना सिंह ने बुधवार को दारू प्रखंड के विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। सैकड़ों कार्यकर्ताओं और समर्थकों के साथ उन्होंने प्रात: जिनगा, कोय, जोहनिया,कवालू,रामदेव खरिका,हरली, पेटो, बासोबार,भटबीघा, बक्सीडीह, ईरगा, जबरा,दारूडीह,सुल्तानी, बड़वार और पिपचो का दौरा किया और स्थानीय निवासियों से चुनाव मे उनसे समर्थन की अपील कि। जनसंपर्क अभियान के दौरान मुन्ना सिंह ने जिनगा के निवासियों के साथ मोटरसाइकिल में सवार समर्थक के साथ गांव का दौरा किया एवं उनसे बातचीत की। मुन्ना सिंह ने ग्रामीणों को मेनिफेस्टो की जानकारी दी। लोगों का मानना है कि चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन मुन्ना सिंह के नेतृत्व में शानदार रहेगा।मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष शशि मोहन सिंह, बीस सूत्री उपाध्यक्ष कैलाश पति देव,प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण प्रसाद प्रमुख कुमारी श्वेता,नारायण दास,दारू मुखिया सुनील कुमार,प्रभात सिंह, रिंकू

# मांडू की जनता 40 वर्षों से बेहाल: तिवारी महतो

खबर मन्त्र संवाददाता



विष्णुगढ़। विष्णुगढ़ में बुधवार को एनडीए की बैठक हुई। बैठक में एनडीए के आजसू प्रत्याशी निर्मल कुमार महतो उर्फ तिवारी महतो मौजूद थे। इसकी अध्यक्षता आजसू के प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार मंडल ने तथा संचालन भाजपा के पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल ने किया। तिवारी महतो ने कहा कि मांडू में एक ही परिवार के 40 वर्षो के कार्यकाल में जनता बेहाल है,प्रवासी मजदूरों के शव तक समय पर नही आ पाते इसका जवाब कौन देगा? विस्थापन का दंश आज भी कोनार विस्थापित झेल रहे 40 वर्षो तक इसका समाधान नही हो इसका जवाब कौन देगा? इन सभी प्रश्नों के साथ मैं चुनाव मैदान में हूँ, और मेरी जीत के बाद इसका समाधान पूरी प्राथमिकता से करूँगा। वर्तमान विधायक पिछले 12 वर्षो से माण्डू विधानसभा का प्रतिनिधित्व कर रहे है,सभी प्रखंडों में भ्रष्टाचार चरम पर है,आम जनता की कोई सुनवाई नही की जाती,विधायक इन मामलों में चुप्पी साध लेते है,इसका क्या कारण है? मैं एक मजदूर का बेटा हूँ,प्रवासी मजदूरों की तकलीफ समझ सकता हूँ,एक बैठक के दौरान माताओं एवं बहनों ने अपना दर्द बयाँ करते हुए किसी ने कहा कि मेरे पति अभी दुबई में है,तो मुम्बई में,तो कोई अफ्रीका में सालों अपने पति,बेटों की राह ताकते रहती है। इस मौके पर मधुसूदन प्रसाद, डोमन प्रसाद गुप्ता, महादेव महतो,संतोष कुमार महतो,रीना बर्मन,अंजू देवी,सुनील कुमार मिश्रा,निर्मल कुमार,अशोक कुमार,प्रभु गंझू,प्रभु प्रसाद विश्वकर्मा,गौतम भारती,राजेश सोनी,जीवन सोनी,राजेश साव,नीतीश कुमार बर्णवाल,संदीप कुमार कसेरा, सुखदेव मंडल,बंटी कुमार श्रीवास्तव, राजेन्द्र मंडल, गौतम वर्मा,दीपू अकेला,सुनील अकेला,हेमन्त कुमार आर्या, मंजीत सिंह, सुधीर कुमार समेत सैकड़ों कार्यकर्ता बैठक में उपस्थित थे।

### महुआ के पेड़ में आग को अग्निशमन टीम ने बुझाया

दारू। गोपलों एवं रामदेव खरिका खेल मैदान के सीमा पर स्थित एक महुआ का पेड़ में बुधवार को सुबह करीब 5:00 बजे अचानक आग लग गई। ग्रामीणों ने अथक प्रयास किया आग पर काबू पाने का लेकिन असमर्थ रहे। जिसके बाद इसकी सूचना पड़ोस के लोगों ने दारू थाना एवं अग्निशमन विभाग को दी। घटनास्थल के समीप रहने वाले नंदकिशोर प्रसाद के पुत्र ने बताया कि यह पेड़ सैकड़ों वर्ष पुरानी है इसके अंदर का पूरा भाग खोखला है जिसके कारण मधुमक्खियां यहां अपने छत्ता बन चुकी हैं। सुबह देखा गया पेड़ में आग लग गया है उसके बाद हम लोगों ने आग बुझाने की पूरी कोशिश की परंतु नाकाम रहे इसके बाद इसकी जानकारी अग्निशमन और थाना को दिया गया। अग्निशमन की टीम ने इस आग पर काबू पा लिया। यदि पेड़ नहीं काटा गया तो मधुमक्खियां खोखले भागों में छते लगाएंगी।

# मताधिकार का प्रयोग जरूर करें : डीसी

▸▸ विधानसभा चुनाव को लेकर जिला प्रशासन ने भुरकुंडा में निकाली मतदाता जागरूकता रैली

खबर मन्त्र संवाददाता



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान को ले रामगढ़ जिला प्रशासन ने बुधवार को भुरकुंडा में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। रैली में मुख्य रूप से रामगढ़ डीसी चंदन कुमार, एसपी अजय कुमार, सामान्य प्रेक्षक पी सरवना, डीडीसी रोबिन टोप्पो, एलआरडीसी दीप्ति प्रियंका कुजूर, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता सहित कई पदाधिकारी शामिल थें। रामगढ़ उपायुक्त चंदन कुमार के नेतृत्व में आयोजित मतदाता जागरूकता रैली की शुरूआत भुरकुंडा थाना मैदान से हुई। जो भुरकुंडा बाजार, बिरसा चौक, पेट्रोल पंप होते हुए पटेलनगर स्थित श्री अग्रसेन स्कूल पहुंची। यहां मतदाता शपथ समारोह हुआ। डीसी चंदन कुमार ने पहले मतदान फिर जलपान का नारा बुलंद करते हुए खुद तो मतदान करें ही दूसरों को प्रेरित करने का संदेश दिया। साथ ही निष्पक्ष रूप से मतदान करने का सामुहिक शपथ दिलाया। इस दौरान किन्नर समाज ने भी खुद के साथ-साथ औरों को वोट करने के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। इसके पूर्व रैली में शामिल विद्यार्थी हाथों में जागरूकता भरा संदेश लिखा हुआ तख्तियां लिए मजबुत लोकतंत्र के लिए वोट जरूरी, मेरा वोट मेरा अधिकार, आपका वोट मेरा भविष्य के नारे लगाते हुए लोगों को वोटिंग के प्रेरित किया। साथ ही लोगों को जागरूकता भरा परची देकर और नुक्कड़ नाटक के माध्यम से भी शत प्रतिशत वोटिंग के लिए मतदाताओं को प्रेरित किया। इसके बाद जिला प्रशासन ने कई मतदान केन्द्रों का जायजा लेते हुए निरीक्षण किया। डीसी चंदन कुमार ने अपने अधिकार का प्रयोग करते हुए मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस-प्रशासन की ओर से चुनाव में सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम रहेगा। रैली में पुलिस प्रेक्षक देवव्रत दास, एसडीपीओ पवन कुमार, एसडीपीओ चंदन कुमार दास, डीडब्लूओ सिद्धार्थ कुमार, पतरातू बीडीओ मनोज कुमार गुप्ता, सीओ मनोज कुमार चौरसिया, पतरातू इंस्पेक्टर योगेंद्र सिंह, भदानीनगर ओपी प्रभारी संजय कुमार रजक, बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार, शिवलाल कुमार गुप्ता, उमाशंकर वर्मा, अभिनाश कुमार, भुरकुंडा ओपी प्रभारी निर्भय कुमार व अन्य उपस्थित थे।

एक नजर में

## बरही का होगा चहुमुंखी विकास : अरुण साहू



**बरही।** जनसंपर्क अभियान के दौरान मंगलवार रात्रि कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू बरही प्रखंड के रसोईया धमना पहुंचे, जहां दर्जनों उत्साहित युवाओं और ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान रसोईया धमना महावीर स्थान के पास आयोजित कार्यक्रम में दर्जनों युवाओं व प्रबुद्धजनों ने कांग्रेस का दामन थामा। कांग्रेस में शामिल होने वालो में पूर्व उपमुखिया नरेश साहू, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि संतोष साहू, बीरेंद्र साहू, रंजीत साहू, तापेश्वर साहू, खेमलाल साहू, उदय साहू, अनिल रविदास, राजन साहू, यमुना राणा, काली राणा, कपिल साव, अनिल रविदास, गंगाधर रविदास, यमुना साव, रूपेश साहू, कृष्णा साहू, प्रभु साहू, लक्ष्मण साहू, राजन साहू, दीपक साहू, विकास साहू, परमेश्वर साहू, बिश्नुधारी साहू, बासुदेव साहू, प्रीतम साहू, चंदन साहू, करण साहू, विशाल शर्मा, सतीश कुमार, विशाल साहू, रामजी शर्मा, जितेश कुमार, भरत साहू, महेश साहू, जयंत साहू सहित दर्जनों लोग शामिल है। इस दौरान सभी लोगों ने एक स्वर में इस बार अरुण साहू को अपना समर्थन देने का नारा लगाया। कांग्रेस प्रत्याशी अरुण साहू ने सभी का आभार करते हुए समस्त बरही विधानसभा के जनता को आश्वस्त किया कि इस बार बरही विधानसभा में आप सब के सहयोग से बदलाव होगा, आपका बेटा चुनाव जीतेगा और क्षेत्र का विकास करेगा।

## एआइएमआइएम प्रत्याशी ने किया जनसंपर्क



**केरेडारी।** बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम प्रत्याशी समीम मियां ने बुधवार को बड़कागांव प्रखण्ड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चलाया। वे अपने काफिले के साथ बड़कागांव क्षेत्र के विभिन्न गांवों में भ्रमण किया । स्थानीय निवासियों से ओवैसी की पार्टी एआईएमआईएम के पक्ष में मतदान की अपील की। समीम मियां ने कहा कि जनसंपर्क के दौरान लोगों का उत्साह दिख रहा है। जबकि स्थानीय लोगों में स्थानीय विधायक के प्रति काफी आक्रोश दिख रहा है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा को लेकर लगातार बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र में काम करते रहें है। जनसंपर्क अभियान में सोनू इराकी मो इब्राहिम मो बरकत मो नौशाद मो साबिर पूर्व मुखिया रब्बानी मियां मो रियाज मो रफीक रफीक अंसारी मोहम्मद बरकत अंसारी मुख्तार अंसारी राजा खान मुन्ना खान रेहान खान साबिर हुसैन युसूफ अंसारी कुर्बान अंसारी गुड्डू मलिक एवं सैकड़ों लोग अभियान में उपस्थित थे ।

## पवन मेमोरियल स्कूल में रंगोली प्रतियोगिता

विष्णुगढ़। पवन मेमोरियल पब्लिक स्कूल में दीपावली के पूर्व संध्या पर रंगोली प्रतियोगिता हुआ। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 5 तक के छात्र और छात्राओं ने मनमोहक रंगोलियों के जरिए अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर शिक्षकों अभिभावकों एवं सहपाठियों का दिल लुभालिया। ऐसे प्रदर्शन से स्कूल में खास उत्साह और गहमा-गहमी का माहौल बना रहा घरेलू और प्राकृतिक संसाधनों का अद्भुत उपयोग कर रंगोली प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विभिन्न आकर्षक रंगोलियां बनाई। इनमें नौसीखिया फुल तथा अन्य सांस्कृतिक प्रतीकों ने विशेष आकर्षण बिखेरा। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों ने परंपरा और सांस्कृतिक चेतना को जीवंत किया। इस दौरान रंगोली बनाने को लेकर छात्र और छात्राओं में काफी उत्साह देखने को मिला। रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्रों को स्कूल प्रिंसिपल ने सम्मानित किया, जिससे उनकी हौसला अफजाई हुई। स्कूल प्रिंसिपल के अवलोकन के बाद प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए गए। उपस्थित शिक्षक निशांत सर ने कहा, ₹छात्रों के व्यक्तित्व विकास और सृजनात्मक कल्पनाशीलता को विकसित करने के उद्देश्य से,ऐसे कार्यक्रम विद्यालय में आयोजित किए जाते हैं, ताकि बच्चों की प्रतिभाओं का और बेहतर विकास हो सके। रंगोली प्रतियोगिता के खास कार्यक्रम में विद्यालय प्रिंसिपल विकाश कु .पाण्डेय,शिक्षक निशांत सर,शबीना मिस,सोनू सर,ममता मिस,मधु मिस,प्रकाश सर उपस्थित थे।

## मानव सेवा समिति के ऑफिस का उद्घाटन

**बड़कागांव।** प्रखंड के हरली विश्वकर्मा मंदिर के पास मानव सेवा समिति का कार्यालय का उद्घाटन बुधवार को समिति के अध्यक्ष उमेश कुमार दांगी सहित सभी सदस्यों ने फीता काटकर किया। मौके पर मानव सेवा समिति के अध्यक्ष उमेश दांगी ने कहा कि यह समिति का निर्माण मानव कल्याण के लिए खोला गया है। मौके पर मुख्य रूप से समिति के सचिव प्रेम कुमार भारती, कोषाध्यक्ष संजय कुमार दांगी,सुनील कुमार राणा, अनुज कुमार, अमर महतो, शक्ति कुमार,पंकज व्यास ,अरुण कुमार दांगी, मनोज कुमार कुशवाहा,पिंटू कुशवाहा, चुरामन महतो ,सोनू कुमार, खिरोधर कुमार, नंदकिशोर कुमार ,राजेश दांगी,सिकंदर महतो, रामसुंदर मेहता, कुलदीप कुमार, देवेंद्र कुमार, मनेश्वर महतो, धनेश्वर महतो ,सहित समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।

## आईलेक्स पब्लिक स्कूल में दीपावली उत्सव

बरही। पंचमाधव स्थित आईलेक्स पब्लिक स्कूल और इसकी सभी शाखाओं गोरियाकरमा, बड़कागांव, बरकठा, पाण्डेयबारा और गिरीडीह में दीपावली के उपलक्ष्य में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्कूल को ज्ञान का मंदिर मानते हुए बच्चों ने उत्साहपूर्वक अपनी रुचि और कल्पनाशक्ति का प्रदर्शन रंगोली के माध्यम से किया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 1 से लेकर कक्षा 10 तक के बच्चों ने हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मकता का बखूबी प्रदर्शन किया। रंगोली में बच्चों ने एक से बढ़कर एक आकृतियां बनाईं कहीं भगवान श्री राम की छवि सजीव दिखाई दी, कहीं मोर नाचता हुआ नजर आया, कहीं दीयों की रोशनी फैली हुई दिखी, तो कहीं इंद्रधनुषी रंगों का अद्भुत मिश्रण था। छोटे बच्चों ने भी अपनी क्षमता के अनुसार सुंदर रंगोलियां बनाई, जिन्हें देखकर शिक्षक भी मंत्रमुग्ध हो गए। सभी बच्चों की कोशिश और उत्साह को देखकर सर्वश्रेष्ठ रंगोली का चुनाव करना कठिन हो गया था। विद्यालय के निदेशक शैलेश कुमार ने इस अवसर पर सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं।

## बीएम मेमोरियल स्कूल में अर्धवार्षिक रिजल्ट जारी

बड़कागांव।प्रखंड के हजारीबाग रोड स्थित अंग्रेजी माध्यम से संचालित विद्यालय बी.एम. मेमोरियल स्कूल में अर्धवार्षिक परीक्षाफल 2024-25 घोषित किया गया। विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा। जूनियर सेक्शन में कक्षा नर्सरी की छात्र मनीषा कुमारी में 99 .14 प्रतिशत अंक प्राप्त करके विद्यालय टॉपर बनी वहीं दूसरे नंबर पर जिया कुमारी 98फीसदी तीसरे स्थान पर एंजेल कुमारी 98फीसदी अंक प्राप्त की। कक्षा पांचवीं में पढ़ने वाले दीपक विश्वकर्मा के पुत्री खुशी कुमारी ने 95 फीसदी लाकर विद्यालय का प्रथम टॉपर बनी दूसरे स्थान पर कक्षा 1 छात्र प्रवीण कुमार 94 .79 फीसदी एंव तीसरे स्थान पर कक्षा नवमीं के छात्र नवीन कुमार 94 .40 फीसदी लाकर विद्यालय और परिवार वालों का नाम रोशन किया।

# भाजपा को लाना है घुसपैठियों को भगाना है: हेमंता विश्व सरमा

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिमरिया (चतरा)।** असम के मुख्यमंत्री और भाजपा के स्टार प्रचारक सह झारखंड चुनाव प्रभारी हेमंता विश्व शर्मा ने बुधवार को हेलीकॉप्टर से सिमरिया का दौरा किया। वे प्रखंड मुख्यालय पहुंचे और भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार बनाना है और घुसपैठियों को भगाना है। उन्होंने कहा कि झामुमो की सरकार को उखाड़ फेंकना है। उन्होंने कहा संथाल में 6 से 7 सीट पर घुसपैठिया बैठे है। 81 सीट पूरा झारखंड में है 43 सीट लाकर भाजपा की सरकार बनाना है। उन्होंने कहा भाजपा की सरकार बनती है तो हर वर्ग समाज के लोग प्रतिनिधि होते है। उन्होंने कहा कि झारखंड में हर साल लाखों घुसपैठिया कांग्रेस झामुमो में शामिल हो जाते है। हमें इक्कठा होकर रहना होगा और घुसपैठियों को भगाना होगा। झारखंड को क्लीन करना है।



उन्होंने कहा कि झारखंड में भाजपा की सरकार इस बार नहीं बनी तो अगले बार बनना मुश्किल हो जाएगा। इसलिए भाजपा की सरकार बनाने के लिए अभी से ही कमर कस ले। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता महाशक्ति है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सिमरिया से उज्जवल दास और चतरा से जनार्दन पासवान को जिताना है। दोनो सीट भाजपा का ही होगा। श्री हेमंता ने कहा कि 3 नवम्बर को केंद्रीय गृह मंत्री का कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम में दोनों विधानसभा से 50 हजार लोगो को शामिल करने का निर्देश दिया। राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि दोनों सीट एनडीए जीतेगी। उन्होंने कार्यकर्ताओं को संकल्प दिलाया और गृह मंत्री के कार्यक्रम को सफल बनाने का आवाहन किया। मौके पर केंद्रीय मंत्री तोखन साहू,सांसद काली चरण सिंह, अमित कुमार साहू, रामदेव सिंह भोक्ता, दामोदर गोप , कुमार शुभम, अंकित सिंह अनामिका देवी, नवीन जायसवाल, दयानिधि सिंह, उपेंद्र सिंह, अश्वमेघ सिंह, दामोदर गोप, मृत्युंजय सिंह, बिरेंद्र सिंह, बंशी साव, मंजू ,मिनु मिता, महेन्द्र सिंह परमेश्वर यादव, रविशंकर सिंह, सुधांशु सुमन सहित पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## एक नजर में

भाव भिन्नी नमः आंखों से पत्रकारों ने दी श्रद्धांजलि

## दिवंगत पत्रकार चंदन आज भले नहीं है परंतु उनकी यादें हैं मौजूदः चतरा प्रेस क्लब

खबर मन्त्र संवाददाता



**चतरा।** दिवंगत पत्रकार चंदन तिवारी को उनके पैतृक आवास पत्थलगड़ा में उनके प्रतिमा पर भाव भिन्नी पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। यह श्रद्धांजलि प्रेस क्लब चतरा और महागठबंधन के प्रत्याशी मनोज चंद्रा और उनके समर्थकों ने संयुक्त रूप से दिया। पुष्प अर्पित के पूर्व दिवंगत चंदन तिवारी के मृत आत्मा को शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। तत्पश्चात पत्रकारों और उनके माता पिता तथा मनोज चंद्रा और उनके समर्थकों ने उनके प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किया और उनके कार्यकाल को याद किया गया। पत्रकारों ने कहा कि आज चंदन तिवारी हमारे बीच भले नहीं हैं परंतु उनके यादें हमारे साथ मौजूद है और रहेगा। प्रेस क्लब के अध्यक्ष सुनील कश्यप ने कहा कि आने वाला प्रत्येक वर्ष 30 अक्टूबर को उनका श्रद्धांजलि समारोह मनाया जाएगा। आपको बता दें कि दिवंगत पत्रकार चंदन तिवारी की हत्या हत्यारों ने सोची समझी पलान के तहत की गई थी बस चंदन की कुसूर यही था कि मनरेगा कार्य में हुए घोटाले को प्रमुखता से अपने अखबार में जगह दिया था।

## स्पीड न्यूज

### क्रिकेट और फुटबॉल मैच के जरिये दिया गया नैतिक मतदान का संदेश

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव में आमलोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा शतप्रतिशत मतदान करवाने के उद्देश्य को लेकर स्वीप कार्यक्रम के तहत झुमरीतिलैया स्थित सीएच प्लस टू उच्च विद्यालय मैदान में युवा मतदाताओं और फ्यूचर मतदाताओं के बीच फुटबॉल मैच का आयोजन किया गया। वहीं पत्रकार एलेवन बनाम डीसी एलेवन के बीच क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच का उद्घाटन स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह डीडीसी ऋतुराज ने किया।

### महागठबंधन के प्रत्याशी ने कई गांवों में किया जनसंपर्क

**चतरा।** सिमरिया विधानसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी मनोज चंद्रा ने बुधवार को पत्थलगडा प्रखंड का दौरा किया। उन्होंन झामुमो, कांग्रेस और राजद कार्यकताओं के साथ डमौल, नावाडीह, बाजोबार, चौथा, बेलहर, कुब्बा, बरवाडीह, सिंघानी, पत्थलगडा, लेंबोईया, तेतरिया, नोनगांव में जनसंपर्क किया।

### दर्जनों लोगों ने भाजपा छोड़ थांमा राजद का दामन

**कोडरमा।** राजद का कारवां लगातार बढ़ता जा रहा है। बताते चलें कि बुधवार को राजद प्रधान कार्यालय में उतरी बेकोबार के उप मुखिया लक्ष्मण यादव के नेतृत्व में दर्जनों भाजपा समर्थकों ने राजद का दामन थाम लिया।

### अधिवक्ता ईश्वरी राणा ने नामांकन वापस लिया

**कोडरमा।** निर्दलीय प्रत्याशी अधिवक्ता ईश्वरी राणा ने बुधवार को अपना नामांकन वापस ले लिया। वहीं ईश्वरी राणा ने नामांकन वापसी के बाद राजद प्रधान कार्यालय में इंडिया गठबंधन समर्थित राजद प्रत्याशी सुभाष प्रसाद यादव को समर्थन देने का ऐलान किया। वहीं उन्होंने कहा कि उनका मकसद भाजपा को हराना है और कोडरमा में राजद ही भाजपा को हराने में सक्षम है। वहीं उन्होंने कहा कि उनकी विचारधारा राजद से मिलती जुलती है, इसलिए भाजपा के खिलाफ लड़ाई में वे राजद और जनता के साथ खड़े है।

### नाम वापसी के बाद चुनाव चिह्न का आवंटन

**सिमरिया।** सिमरिया विधानसभा के 11 प्रत्याशियों के नाम वापसी के बाद उनके क्रमवार और चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिए गए हैं। 381442 मतदाता 13 नवंबर को इन प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला करेंगे। शांति और सुरक्षित मतदान के लिए सिमरिया और टंडवा प्रखंड के कुछ क्षेत्रों में मतदान की समय सीमा में परिवर्तन किया गया है। सुदूर क्षेत्रों में शाम 4:00 बजे तक और अन्य क्षेत्रों में शाम 5:00 बजे तक मतदान होगा। दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं को उनके अनुरोध पर घर पर ही मतदान करने की सुविधा दी गई है।

### चतरा के गांधी चौक पत्थलगडा में 40 वर्षों से हो रही काली पूजा

**चतरा।** गांधी चौक पत्थलगडा में पिछले 40 वर्षों से काली पूजा का आयोजन हो रहा है। इस बार भी पूजा को लेकर समिति की ओर से तैयारियां जोरों पर है। प्रखंड मुख्यालय के गांधी चौक में भव्य पूजा पंडाल का निर्माण किया गया है। प्रखंड में सर्वप्रथम शांति क्लब की ओर से ही काली पूजा का आयोजन की शुरूआत की गई थी।

# दीपावली पर ताश खेलते दिखें संभ्रांत लोग, पुलिस मौन

## जुआ का अड्डा सुरक्षा में लगा रहा सेंध, कभी भी घट सकती है अप्रिय घटना

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** दीपावली करीब आते ही मरकच्चो व नवलशाही थाना क्षेत्र के ग्रामीण इलाको में जगह-जगह जुए की महफिल सज गई है। पेशेवर जुआरी लाखों रुपये दांव पर लगा रहे हैं। वहीं दीपावली पर शौकीन लोग भी ताश के पत्ते फेंट रहे हैं। इससे जुआ के अड्डे गुलजार हैं। दोपहर होते ही जुआरियों का अड्डा जमा हो जाता है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के दरदाही स्थित पंदना जंगल, डुमरडीहा का चांदनी मैदान, कादोडीह रोड स्थित मां चोलखो पहाड़ी, नवलशाही थाना क्षेत्र के देवीपुर, खेशमी, मारुति चौक के आस पास सहित कई जगहों पर जुआ खेलने का अड्डा लगा रहता है। दरदाही स्थित पंदना जंगल व मां चोलखो पहाड़ी में चल रहे जुआ अड्डा सुरक्षा की



दृष्टिकोण से सही नहीं है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जुआ खेलने को लेकर लोग यहां काफी रकम लेकर आते हैं ऐसे में उन जगहों पर अप्रिय घटना घटने से भी इंकार नहीं किया जा सकता। जुआड़ियों की खुफिया तंत्र इतनी मजबूत होती है कि पुलिस की छापेमारी से पहले उसे पता भी चल जाता है। दिलचस्प बात यह है कि जुआ अड्डा पर जुआरियों के लिए खाने पीने की भी तमाम सुविधा संचालकों द्वारा मुहैया की जाती है। वहीं लजीज व्यंजन, शराब, पानी, खैनी, गुटखा, सिगरेट आदि की भी व्यवस्था किया जाता है। वहीं गली-मुहल्लों में जहां हजार-दो हजार के तो होटलों और बाजार में लाखों के दांव लगाए जा रहे हैं। कुछ लोगों ने बताया कि जुआड़ियों के द्वारा तकरीबन उक्त जगहों पर 5-10 लाख रुपए के दांव लगाए जा रहे हैं, जो घने जंगलों के बीच में बैठकर 52 पत्ते का खेल खेला व खेलाया जा रहा है, जहां कभी भी जंगली जानवरों द्वारा हमला भी किया जा सकता है। वहीं लोगों ने बताया कि दरदाही स्थित पन्दना जंगल तथा डुमरडीह के चांदनी मैदान में जुआ खेलाने वालों के नियम सख्त हैं। पन्दना जंगल व डुमरडीह के चांदनी मैदान में जुआ के अड्डों के लिए नियम तय किए गए हैं, ताकि जंगल के अंदर का पूरा खेल बाहर कोई न जान पाए। बाहरी लोगों की इंट्री तभी होती है, जब सिंडिकेट का सदस्य उस पर हामी भरता है। क्षेत्र में हर वर्ष दीपावली से पहले जुआ माफियाओं के खिलाफ पुलिस कार्रवाई करती थी, मगर इस बार पुलिस ने अभी तक कोई बड़ी कार्रवाई नहीं की है।

## अवैध जुआ खेलते एक गिरफ्तार, आठ मोटरसाइकिल, चार मोबाइल व नगदी जप्त

**डोमचांच (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक अनुदीप सिंह द्वारा अवैध जुआ गतिविधियों पर लगाम लगाने को लेकर कार्यवाई की जा रही है। इसी दौरान एसपी को गुप्त सूचना मिली कि मसनोडीह में 8 से 10 व्यक्तियों की संख्या में तालाब से सटे टांड़ में जुआ खेला जा रहा है। सूचना के आलोक में डोमचांच थाना प्रभारी प्रेम कुमार के नेतृत्व में एक टीम गठित कर थाना क्षेत्र अंतर्गत मसनोडीह गांव के मसनोडीह टांड़ के समीप बुधवार को छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान अंधेरे एवं तालाब का फायदा उठाते हुए कुछ व्यक्ति भागने में सफल रहे एवं एक युवक को पुलिस ने खदेड़कर पकड़ लिया। वहीं गिरफ्तार युवक की पहचान 44 वर्षीय प्रदीप महतो पिता इन्द्रनारायण महतो मसनोडीह निवासी के रूप में की गई।

## डीपीएस पितीज में दीपावली के शुभ अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** दिल्ली पब्लिक स्कूल पितीज में दीपावली के शुभ अवसर पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस आयोजन में क्राफ्ट व रंगोली बच्चों के द्वारा बनाया गया। कक्षा प्रथम से दसवीं तक के बच्चों ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। विद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में विद्यालय के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। बच्चों के द्वारा अंगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में मतदान को प्रेरित करने वाले रंगोली को भी बनाया गया। इसका उद्देश्य मतदान के संबंध में जन जागरूक फैलाने में लोगों को कर्तव्य निर्वहन के लिए प्रेरित करना था। उक्त कार्यक्रम के संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्याचार्य उन्नीकृष्णण ने बताया कि इससे बच्चों के बौद्धिक क्षमता का विकास होगा। श्री कृष्णन ने बताया कि यह एक संवैधानिक अधिकार है। मताधिकार का प्रयोग कर हम सब देश के विकास में सहयोग कर सकते हैं।

# विकास कार्यो के बदले मैं मांग रही हूं आपसे वोट : डॉ.नीरा यादव

## रिकॉर्ड मत से जीत का मिल रहा रुझान



खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधायक डॉ. नीरा यादव ने बुधवार को डोमचांच प्रखंड अंतर्गत कई गांवों में जन संपर्क अभियान चलाया और अपने पक्ष में वोट करने का आशीर्वाद मांगा। वहीं जनसंपर्क अभियान में भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ स्थानीय ग्रामीणों की भागीदारी देखी गई। वहीं डॉ.नीरा यादव ने बंगाई, कारखूंट, बगड़ो, बगरीडीह, धुआंडीह, मसमोहना, असनाबाद, कटाही, निमाडीह, कुंडीधनवार, बच्छेडीह, खरखार, धरगांव, फुलवरिया समेत कई क्षेत्रों का दौरा किया। इस दौरान ग्रामीणों ने डॉ. नीरा यादव के कार्यो को सराहा और कुछ आवश्यक जनहित योजनाओं को जीत के बाद आगे कार्यकाल में प्राथमिकता के आधार पर उन्हें करने को कहा। वहीं डॉ. नीरा यादव द्वारा अनुशंसित पुल, पुलिया, कॉलेज, बड़े-बड़े सड़कें, कोल्ड स्टोरेज को देखते हुए हर गांवों में एकतरफा समर्थन डॉ.नीरा यादव के तरफ मिलते हुए देखा गया। जन संपर्क अभियान में डोमचांच प्रमुख, मुकेश कुमार, परमेश्वर यादव, संजीव यादव, नरेश ठाकुर, शिवलाल सिंह, प्रिंस सिंह, सुनील पंडित, कुलदीप राम, बैजनाथ यादव, सुरेंद्र यादव, राजकुमार यादव, सौरभ कुमार, सचिन यादव, शिशिर सिंह, संजय प्रसाद, कारू सिंह, कैलाश यादव, अर्जुन यादव, सरयू दास, मुंशी पासवान, भीम ठाकुर, नकुल कुमार शर्मा, परमेश्वर शर्मा, निरंजन सिंह, हेरिल राम, मनोज कुमार, भोला राम, प्रकाश यादव, शिवशंकर यादव, गंगाधर गोप, महेंद्र मोदी, किशोर यादव, शंकर सोनी, गोपाल यादव, अशोक यादव आदि सैंकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

# राज्य का विकास डबल इंजन की सरकार ही कर सकती है : अन्नपूर्णा

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** भारतीय जनता पार्टी की कोडरमा विधानसभा कोर कमेटी एवं चुनाव समिति की एक बैठक वसुंधरा गार्डन में हुई। जिसमें सांसद सह केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, कोडरमा प्रत्याशी डॉ. नीरा यादव उपस्थित हुए। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अनूप जोशी व संचालन महामंत्री शिवेन्द्र नारायण सिन्हा ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि झारखंड में डबल इंजन की सरकार बननी है। बूथ अध्यक्ष सबसे पहले बूथ समिति एवं पन्ना प्रमुख कुछ बूथों में छूटे हुए हैं, उसे दुरुस्त कर अपने काम पर लग जाएं। उन्होंने कहा इस बार झारखंड में हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकना है। वहीं मनोज सिंह ने कहा कि कोर कमेटी एवं संचालन समिति अपने-अपने कामों में लग जाएं और झारखंड में



भ्रष्टाचार में लिप्त हेमंत सरकार को उखाड़ फेंकें। डबल इंजन की सरकार बनानी है तो गांव से शहर तक हमारे कार्यकर्ता मतदाता के पास जाएं। वहीं सांसद जनार्दन सिग्रीवाल ने कहा कि भाजपा समाज के हर वर्ग के विकास के लिए संकल्पित है और इस बार राज्य में एनडीए की सरकार बनाने के लिए मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। वहीं विधायक डॉ.नीरा यादव ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार राज्य में कई विकास के कार्य किए हैं और आने वाले दिनों में भाजपा और एनडीए सरकार प्रदेश के साथ-साथ कोडरमा के विकास के लिए संकल्पित है। वहीं जिलाध्यक्ष अनूप जोशी ने कहा कि भाजपा विकास के मुद्दे पर इस बार चुनाव लड़ रही है। मौके पर रवि मोदी, अशोक आर्या, विजय साव, विजय यादव, नवीन केसरी, जितेंद्र पासवान, राजकुमार यादव, राजेश सिंह, चन्द्रशेखर जोशी, मानिकचंद सेठ, गोपाल कुमार गुप्ता, प्रभाकर लाल रावत, बासुदेव यादव, रामचन्द्र राम, प्रो. राजेश सिंह, सुनिती सेठ, महेंद्र राय, अजय पाण्डेय, सुनील पंडित, मुकेश राम, सुरेन्द्र यादव, महेश वर्मा, सुनील यादव, बालमुकुंद सिंह, सुधीर सेठ, विजय राम, राजकिशोर प्रसाद, दीपनारायण सिंह, पंकज बर्णवाल, ईश्वर मोदी, नवीन लाल आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## छात्रों ने बिरहोरों एवं वृद्धा आश्रम में दिवाली सामग्री का किया वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्रों का रोटरी क्लब कोडरमा के इंटरैक्ट क्लब के तत्वाधान में बिरहोरों एवं वृद्धाश्रम में दिवाली सामग्री का वितरण किया गया। वहीं छात्रों ने बिरहोरों के गांव में जाकर उपस्थित गांव वालों को दिवाली के दीपक, मिठाई, कपड़े, कॉपी, पेंसिल एवं कलम का वितरण किया। वहीं झुमरीतिलैया स्थित वृद्धाश्रम के सदस्यों को दीपक, मिठाई एवं कपड़े का वितरण किया एवं सभी बुजुर्गों से आशीर्वाद लेते हुए उन्हें दिवाली की शुभकामनाएं दी।

## इंटर हाउस रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**कोडरमा।** विवेकानंद कॉन्वेंट स्कूल में दिवाली के शुभ अवसर पर इंटर हाउस रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें भगत सिंह, राजगुरु व सुखदेव हाउस के सभी बच्चों ने भाग लिया। वहीं भगत सिंह हाउस के बच्चों ने मतदाता जागरूकता से संबंधित रंगोली बनाकर जिलेवासियों को शत प्रतिशत मतदान करने का संदेश दिया। वहीं सुखदेव हाउस ने प्रभु श्री राम के चित्र को रंगोली में उकेरकर सभी को उनके आदर्शों को आत्मसात करने के लिए प्रेरित किया। वहीं निदेशक अनिल कुमार ने कहा कि दिवाली के अवसर पर रंगोली बनाना हमारे संस्कृति का अभिन्न अंग है।

# जानकी प्रसाद यादव ने चलाया जन संपर्क अभियान

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवारा (कोडरमा)।** चुनावी शंखनाद के बाद बुधवार को पूर्व विधायक ने कई गांवों का सघन जनसंपर्क अभियान चला कर जेएमएम के पक्ष में वोट मांगा। वहीं झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव ने कहा कि आपके वोट से जब मैं वर्ष 2014 में विधायक बना तो जयनगर प्रखंड का खासकर शिक्षा के क्षेत्र में एक अलग पहचान दिलाने का काम किया। गोहाल में राजकीय पॉलिटेक्निक इंजीनियरिंग कॉलेज लगभग 100 करोड़ की लागत से बनवाया, जिसमें आज पढ़ाई शुरू है। मौके पर श्यामदेव यादव, मोहन यादव, बासुदेव यादव, दामोदर यादव, मुकेश मंडल समेत दर्जनों जेएमएम कार्यकर्ता एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## रात्रि चौपाल का आयोजन



खबर मन्त्र संवाददाता

**चतरा।** जिले के हंटरगंज प्रखंड हंटरगंज के ग्राम गेरुआ बूथ नंबर -28, 29, 30 में रात्रि चौपाल लगाते हुए मतदाता जागरूकता रस्एएस कार्यक्रम के माध्यम से प्रखंड विकास पदाधिकारी-सह-प्रखंड निर्वाचन पदाधिकारी हंटरगंज निखिल गौरव कमान कच्छप एवं अंचल अधिकारी हंटरगंज अरुण कुमार मुंडा और प्रखंड पंचायती-राज पदाधिकारी योगेश कुमार शर्मा के द्वारा मतदाताओं को मतदान सत प्रतिशत करने हेतु प्रेरित किया गया। आगामी विधानसभा आम चुनाव- 2024 को देखते हुए 13 नवंबर 2024 अपने संबंधित मतदान केन्द्र पर जाकर अपना मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और आसपास के लोगों को प्रेरित करें कि इस महापर्व में बढ़ चढ़कर भाग ले।

## सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ तीन दिवसीय पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव सम्पन्न

# 13 नवम्बर को घरों से मतदान केंद्र के लिए निकले और वोट की चोट से लोकतंत्र को मजबूत करें : उपायुक्त

खबर मन्त्र संवाददाता

**कोडरमा।** विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने तथा शतप्रतिशत मतदान करवाने को लेकर जिला प्रशासन द्वारा स्वीप कोषांग के तहत झुमरीतिलैया ब्लॉक मैदान में आयोजित तीन दिवसीय पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव का समापन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ हुआ। समापन समारोह को सम्बोधित करते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए आपका वोट करना बहुत जरूरी है, 13 नवम्बर को कोडरमा विधानसभा का मतदान है, ऐसे में जिलेवासियों से अपील है कि 13



नवम्बर को अपने-अपने घरों से निकलकर मतदान केंद्र पहुंचे और वोट की चोट से लोकतंत्र को मजबूत करने में अपनी सहभागिता निभाएं। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय कार्यक्रम में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से हजारों की संख्या में जिले के हर वर्ग के लोगों ने पुस्तक मेले सह निर्वाचन उत्सव में शामिल होकर कार्यक्रमों का आनन्द लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोकतंत्र के महापर्व से आमजनों को जोड़ना। उपायुक्त ने कहा कि चलने फिरने से असमर्थ बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए होम वोटिंग की सुविधा उपलब्ध कराया गया है। इसके पूर्व समापन समारोह में विभिन्न स्कूलों के छात्र छात्राओं के द्वारा निर्वाचन थीम पर एक से बढ़कर एक नृत्य, गीत व नाटक प्रस्तुत कर दर्शकों को 13 नवम्बर को वोट करेगा कोडरमा का संदेश दिया। इस दौरान तीन दिवसीय पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव में बेहतर प्रदर्शन करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर व्यय प्रेक्षक सुरेंद्र कुमार मीणा, डीएफओ सौमित्र शुक्ला, डीडीसी ऋतुराज, अपर समाहर्ता पूनम कुजूर आदि मौजूद थे। तीन दिवसीय पुस्तक मेला सह निर्वाचन उत्सव में कैरियर काउंसिलिंग, डिबेट प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, पजल, लेखक सम्मेलन, क्रिएटिव राइटिंग व पेंटिंग प्रतियोगिता, सांस्कृतिक कार्यक्रम, नाटक, कवि सम्मेलन आदि का आयोजन किया गया।

## तीन निर्दलीय प्रत्याशियों ने लिया नाम वापस : एसडीओ

**कोडरमा।** निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ रिया सिंह ने बुधवार को आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर नाम वापसी के दिन 3 प्रत्याशियों के द्वारा अपना नामांकन वापस लिया गया, जिसमे निर्दलीय प्रत्याशी गोपाल यादव, ईश्वरी राणा और महेंद्र प्रसाद के नाम शामिल है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव को लेकर नामांकन प्रक्रिया के दौरान 19 प्रत्याशियों के द्वारा नामांकन प्रपत्र दाखिल किया गया था, स्क्रूटनी के दौरान विभिन्न कारणों से 3 प्रत्याशियों के नामांकन रद्द किया गया था, जिसके बाद प्रत्याशियों की संख्या 16 था, बुधवार को 3 अन्य प्रत्याशियों के द्वारा नाम वापस लिए जाने के बाद कोडरमा विधानसभा चुनाव में अब 13 प्रत्याशी है, उन्होंने कहा कि 13 नवम्बर को मतदान तथा 23 नवम्बर को मतों की गिनती होगी।

## दीपावली के अवसर पर रंगोली बनाकर बच्चों ने उकेरी आकर्षक कलाकृतियां

**कोडरमा।** आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय मधवाटांड में दीपावली के शुभ अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने आकर्षक रंगोली बनाए जो मनमोहक नजर आए। वहीं दीपावली की पूर्व संध्या आयोजित रंगोली कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य पुनीत यादव ने कहा कि जिस तरह दीपक जलकर अंधकार को मिटाकर रोशनी को भर देता है, उसी तरह यह दीपोत्सव आपके जीवन से बुराइयों को दूरकर अच्छाइयों को भर दें। रंगोली कार्यक्रम में बतौर जज की भूमिका में उप प्राचार्य अर्जुन चन्द्र यादव, रवींद्र कुमार रवि एवं महेन्द्र कुमार पांडेय थे।

## स्पीड न्यूज

### चुनाव को लेकर जिले के राशन डीलर्स जलसहिया, कृषक मित्र के साथ बैठक



गुमला। जिला प्रशासन गुमला द्वारा स्वीप (सिस्टमेटिक वोटर्स एजुकेशन एंड इलेक्टोरल पार्टिसिपेशन) अभियान के तहत जिले में व्यापक चुनाव जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। विभिन्न प्रखंडों में सभी पीडीएस डीलरों, जलसहिया और कृषक मित्रों के साथ स्वीप नोडल पदाधिकारी एवं कर्मियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया के प्रति सभी नागरिकों में जागरूकता बढ़ाना और अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करना था। बैठक में सभी उपस्थित लोगों को मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई तथा उन्हें निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं निर्भीक मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। सभी मतदाताओं से अपील की गई है कि वे अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें।

### दीपावली पर घाघरा के विभिन्न विद्यालयों में रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



घाघरा। दीपावली पर्व को लेकर घाघरा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को किया गया। इस दौरान चिल्ड्रेन एकेडमी प्लस टू स्कूल, विवेकानंद ज्ञान भारती स्कूल, सॉलिटेयर एजुकेशन एकेडमी, गोपाल साहू पब्लिक स्कूल ,मोंटेसरी पैराडाइज एकेडमी स्कूल घाघरा सहित कई विद्यालयों में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के बच्चों के द्वारा आकर्षक रंगोली बनाई गई। बेहतर रंगोली बनाने वाले टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। चिल्ड्रेन एकेडमी के निर्देशक विजय साहू ने कहा बच्चों का मन कोमल मिट्टी की तरह होता है। उसे जैसा भी ढ़ालना चाहे वह ढल जाएंगे। इसी बात को ध्यान में रखकर समय-समय पर इस तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर भवानी प्रसाद राय, चंद्रकांत पाठक, विजय साहू, संजय भगत, राजेश महतो, नीरज साहू ने भी दीपावली पर बच्चों को जानकारी दिया।

### गुमला विधान सभा क्षेत्र के नगर मंडल का चुनावी कार्यालय का हुआ उदघाटन



गुमला। गुमला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत गुमला नगर मंडल का चुनावी कार्यालय का उदघाटन बुधवार को जशपुर रोड में हुआ। भाजपा नगर क्षेत्र के सभी कार्यकर्ताओं के द्वारा दीपावली मिलन समारोह भी मनाया गया। दीपावली की नगर वासियों को शुभकामना दी गई। इस अवसर पर गुमला नगर मंडल अध्यक्ष बबलू वर्मा, कोषाध्यक्ष निर्मल गोयल, भगवान साबु, महामंत्री यसवंत सिंह, अजय विश्वकर्मा, भगवान साबू, गायत्री शर्मा, बद्री गुलशन, शशि प्रिय बंटी, रामेश्वरी देवी, संतोष सिंह, राजेश सिंह, शम्भू सिंह, अजित विश्वकर्मा, गोपाल निधि, रवि श्रीवास्तव, ललिता देवी, पायल तिवारी, सोनी गुप्ता, पुष्पा देवी कौशलेन्द्र जमुआर, अंजनी सिंह, अभय तिवारी, बिपिन सिंह, भिखेस्वर नागमणि, सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### बीडीओ ने चुनाव को लेकर जलसहिया डीलर व पंचायत कर्मी के साथ की बैठक



घाघरा। घाघरा प्रखंड कार्यालय परिसर के सभागार में बीडीओ ने चुनाव को लेकर जलसहिया, डीलर और पंचायत कर्मी के साथ बैठक किया। बैठक में 13 नवंबर को बूथ केंद्रो में पहुंच कर बीएलओ कर्मी का सहयोग करें। दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान केंद्र तक पहुंचने में सहयोग करें। वही सभी जलसहिया और कर्मी को ईमानदारी पूर्वक चुनाव में सहयोग करने की शपथ भी दिलाया। मौके पर बीडीओ दिनेश कुमार ने कहा कि आप ईमानदारी पूर्वक अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें व मतदान में सहयोगी बने। मौके पर बीपीआरओ शंकर खेरवार, ज्योति लाल महतो, निमाज खान सहित कर्मी उपस्थित थे।

### तेंदार, देवरागानी और भवरागानी में पुलिस ने चलाया सर्च अभियान



गुमला। पुलिस अधीक्षक गुमला को गुप्त सूचना मिली कि झांगुर गुट के सुप्रीमो रामदेव उरांव एवं उसके दस्ता के सक्रिय सदस्य दशहत फैलाने के उद्देश्य से हाथियारों के साथ विशुनपुर थाना क्षेत्र के तेन्दार नवाटोली, भवरागनी, देवरागनी के आस-पास के क्षेत्र में घूम रहे हैं। इस आशय का सन्हा दर्ज कराते हुए सूचना का सत्यापन एवं अग्रेतर कार्रवाई हेतु गुमला पुलिस, झारखण्ड जगुवार एवं एसएसबी 32 बटालियन गुमला के साथ संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया। छापामारी के दौरान देवरागनी जंगल में पुलिस बल को देख कर कुछ लोग भागने लगे। काफी प्रयास के बाद भी पुलिस बल के द्वारा भागने वाले लोगों को नहीं पकड़ा जा सका। छापामारी के क्रम में देवरागनी जंगल से अपराधियों के द्वारा दैनिक उपयोग में लाये जाने वाले सामग्री यथा कम्बल, तिरपाल व अन्य आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया है।

### हथियार व गोली के साथ युवक गिरफ्तार

गुमला। गुमला पुलिस ने हथियार व गोली के साथ लक्ष्मण नगर निवासी विष्णु नायक को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दिया। गिरफ्तार युवक के पास से एक देशी कट्टा व एक जिंदा गोली बरामद किया गया है। बुधवार को थाना प्रभारी सुरेंद्र सिंह ने जानकारी दी कि पुलिस अधीक्षक को गुप्त सूचना मिली की लक्ष्मण नगर लिपटस बगीचा में एक युवक अपराध की नीयत से खड़ा है। पुलिस को देखते ही एक युवक भागने लगा। जिसे खदेडकर पकड़ा गया। पूछताछ में युवक ने बताया कि धनतेरस के अवसर पर हथियार के बल पर लूटपाट हेतु खड़ा था। छापामारी दल में पुअनि अंकित राज, पुअनि अमर शुक्ला, पुअनि राजेंद्र कुमार व सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# गुमलाः दीपावली की तैयारी पूरी, लोगों ने जमकर की खरीदारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

गुमला। प्रकाश का पर्व दीपावली की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई। साथ ही मां लक्ष्मी व मां काली की पूजा की तैयारी भी पूरी कर ली गई है। दीपावली को लेकर अंतिम दिन जमकर लोगों ने समानों की खरीदारी की। सजावट के समानों की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ लगी हुई थी।

घरों को आकर्षक ढंग से सजाने के लिए लोगों ने कई तरह के आकर्षक सामग्रियों की खरीदारी की। वहीं लक्ष्मी- गणेश की प्रतिमा की भी जमकर बिक्री हुई। बाजार में पचास रूपये से लेकर चार सौ रूपये तक के लक्ष्मी-गणेश की प्रतिमा बिक रही थी।

पटाखों के दुकानों में भी ग्राहकों की भीड़ उमड़ी थी। लोग अपने सामर्थ्य के अनुसार पटाखों की खरीददारी करते देखे गये। करंज तेल की भी जमकर ब्रिकी हुई।

बाजार में 130 रूपये लीटर करंज तेल बेची जा रही है। घरों को भी सजाने में लोग कोई कसर नहीं छोड़ रहे थे। दीपावली का पर्व लोगों को अपने अंदर छुपे बुराई को त्यागने का संदेश देते ही। क्योंकि यह उजाले का पर्व है।

## मिठाईयों की खूब हुई बिक्री



मिट्टी के दीया व खिलौनों की खरीदारी करते लोग।

दीपावली त्योहार को लेकर शहर के कई मिष्ठान दुकानों में आकर्षक स्टॉल लगाकर मिठाईयों की बिक्री की जा रही है। पालकोट रोड स्थित हिंदुस्तान मिष्ठान भंडार, सुरैश कैंटीन, विनोद होटल, मेन रोड में होटल राज, लोहरदगा रोड में फन फुड, सिसई रोड में प्रकाश होटल सहित अन्य मिष्ठान भंडारो में मिठाई खरीदने के लोगों की भीड़ लगी रही। लड्डु 400 से 700 रूपये प्रति किलो, काजू बर्फी एक हजार रूपये किलो, जबकि अन्य विभिन्न आकर्षक मिठाईयों का दर 250 से लेकर एक हजार रूपये प्रति किलो तक बिक्री की जा रही है। मिठाई दुकानदारों अपने दुकान के बाहर आकर्षक मिठाईयों का स्टॉल लगाकर ग्राहकों को आकर्षित किया जा रहा है। वहीं सुखे मेवों की भी खरीदारी जम कर की जा रही है। पर्व को लेकर घर सज्जा के सामान, देवी देवताओं से संबंधित मूर्ति एवं भगवानों से संबंधित आकर्षक पोस्टर, पूजा सामग्री की भी बिक्री स्टॉल लगाकर किया गया। जहां महिला पुरूष एवं बच्चों की भीड़ लगी रही।

# सरकार के कार्यो से खुश है जनता: डॉ रामेश्वर उरांव

**खबर मंत्र संवाददाता**



लोहरदगा। जिले के राजेंद्र भवन कांग्रेस कार्यालय में युवा कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विशाल डुंगडुंग के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस उम्मीदवार डॉ रामेश्वर उरांव की जीत सुनिश्चित करने के लिए बैठक आयोजित की गई। जिसमे मुख्य रूप से वित मंत्री सह लोहरदगा से कांग्रेस उम्मीदवार डॉ रामेश्वर उरांव शामिल हुए। बैठक में युवा कांग्रेस के बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक के कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए साथ ही कार्यक्रम में कई लोगों ने कांग्रेस का दामन थामा जिन्हें डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा कांग्रेस पार्टी का पट्टा पहनाकर स्वागत किया गया। इस मौके पर लोहरदगा विधानसभा से कांग्रेस पार्टी के जीत सुनिश्चित करने के लिए कई रणनीति बनाई गई साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को सरकार के कार्यों को जनता तक पहुंचाने का निर्देश दिया गया। इस मौके पर विशाल डुंगडुंग ने कहा लोहरदगा से फिर एक बार कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रामेश्वर उरांव की जीत पक्की है। सभी कार्यकर्ता जनता तक जाकर कार्यों को बताने का कार्य करेंगे। वही कांग्रेस उम्मीदवार डॉ रामेश्वर उरांव ने लोहरदगा विधानसभा सीट से जीत दर्ज करने का दावा कर कहा इस बार जनता का भरपूर समर्थन मिल रहा है। सरकार के जनकल्याणकारी योजनाएं मईया सम्मान योजना, सर्वजन पेंशन योजना, अबुवा आवास, बिजली बिल माफी और कृषि ऋण माफी योजना से जनता खुश हैं और इंडिया गठबंधन के पक्ष में वोट करेंगे।

# गुमला विधानसभा से 4, सिसई से 3 व विशुनपुर से एक ने लिया नाम वापस

**नाम वापसी प्रक्रिया के बाद उम्मीदवारों के बीच चुनाव चिह्न का किया गया आवंटन, अब सिंबल के साथ मैदान में उतरेंगे प्रत्याशी**

**खबर मंत्र संवाददाता**

गुमला। विधानसभा चुनाव के नामवापसी प्रक्रिया के तहत नामांकित 8 उम्मीदवारों ने अपना नाम वापस ले लिया है।

जिसमें गुमला विधान सभा से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल करने वाले सीता राम उरांव, अमित एक्का, मरियानुस तिग्गा व लेयनार्ड खलखो ने अपना नाम वापस लिया है। अब गुमला विधान से 15 उम्मीदवार मैदान में हैं। जिनमें झामुमो के भूषण तिर्की, भाजपा के सुदर्शन भगत, पीपुल्स पार्टी ऑफ इंडिया के कुलदीप मिंज, झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के निशा भगत, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के मंगल इंदवार, निर्दलीय चंदर टोप्पो, निर्दलीय चापा उरांव, निर्दलीय धरमा मुंडा, निर्दलीय प्रदीप उरांव, निर्दलीय बोनीफास कुजूर, निर्दलीय महेश्वर बैगा, निर्दलीय मिशिर कुजूर, निर्दलीय रोज मधु तिर्की, निर्दलीय विनय भूषण टोप्पो, निर्दलीय सुधीराम किसान के नाम हैं।

वहीं विशुनपुर विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी राम प्रसाद बड़ाईक ने अपना नाम वापस ले लिया। अब विशुनपुर से 14 उम्मीदवार मैदान में हैं। वहीं सिसई विधानसभा सीट से नामांकन दाखिल करने वाले तीन उम्मीदवार रोशन बरवा, भैरव सिंह व जोहन एक्का ने अपना नाम वापस ले लिया। सिसई से अब 15 उम्मीदवार मैदान में हैं। नाम वापसी प्रक्रिया के बाद प्रत्याशियों के बीच निर्वाची पदाधिकारी के द्वारा चुनाव चिह्न आवंटित किया गया। अब प्रत्याशी खुलकर चुनावी मैदान में उतरेंगे और अपने मिले सिंबल के साथ प्रचार-प्रसार करेंगे।

# मुझे लाट साहब नहीं, जनता का सेवक चाहिएं : सुदेश महतो

**एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत की जीत को लेकर भाजपा जिला कार्य समिति की बैठक आयोजित**

**खबर मंत्र संवाददाता**



लोहरदगा। जिले के बक्सीडीपा स्थित भाजपा कार्यालय में भाजपा जिला कार्यसमिति की बृहद बैठक जिलाध्यक्ष मनीर उरांव की अध्यक्षता में की गई। बैठक में एनडीए प्रत्याशी नीरू शांति भगत की जीत सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। बैठक में आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो, भाजपा के प्रदेश मंत्री गणेश मिश्रा, एनडीए उम्मीदवार नीरू शांति भगत, पूर्व विधान पार्षद प्रवीण कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, श्रीचंद प्रजापति, राजकिशोर महतो, ब्रजबिहारी प्रसाद, मदन मोहन पाठक, राकेश प्रसाद, लाल नवल किशोर नाथ शाहदेव विशेष रूप से मौजूद थे। मौके पर सुदेश महतो ने कहा कि इस बार झारखंड प्रदेश में एनडीए की सरकार बनेगी। लोहरदगा की जनता अब परिवर्तन चाहती है। हमें एकजुट होकर एनडीए उम्मीदवार नीरू शांति भगत को लोहरदगा विधानसभा सीट से जीत दिलाना है। उन्होंने लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव पर कटाछ करते हुए कहा कि वे न अच्छा विधायक बने और न बेहतर मंत्री बने। लोहरदगा के जनता अब ऐसे विधायक को सबक सिखाना चाहती है। और कहती है मुझे लाट साहब नहीं चाहिए, हमें सेवक चाहिए। गणेश मिश्रा ने कहा कि झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी। संचालन जिला महामंत्री पशुपति नाथ पारस तथा धन्यवाद ज्ञापन उपाध्यक्ष नवीन कुमार टिंकू ने की। बैठक में जिला महामंत्री संजय कुमार, अजय पंकज, अनिल उरांव, मिथुन तमेड़ा, सजल कुमार कैलाश महतो, विवेक चौहान, विश्वजीत भारती, राजकुमार मुंडा, राजेंद्र महतो, सचिन सिंघानिया, सरिता देवी, मीना बाखला, भारती सिन्हा, सामेला भगत, बुद्धन देवी, बिंदिया देवी, सरस्वती देवी, सूरज दसोंधी, लखन उरांव, सुदामा प्रसाद, अमरेश भारती, बाल्मीकि कुमार, मनीष शिखर, प्रकाश नायक, बजरंग उरांव, लक्ष्मी नारायण भगत, विनोद राय, विश्वजीत शाहदेव, नजीर आलम, टीपू खान व कार्यकर्ता मौजूद थे।

# चैनपुर के केडेंग में हुई हत्या का हुआ खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**खबर मंत्र संवाददाता**



चैनपुर। चैनपुर थाना क्षेत्र के जनावल पंचायत अंतर्गत केडेंग में बीते दिनों पुलिस ने गांव के अधेड़ व्यक्ति सुनील टोप्पो का शव बरामद किया था। जिसकी हत्या टांगी से मार कर की गई थी। पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए हत्या के आरोपी केडेंग निवासी विजय बड़ा को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी कुंदन चौधरी ने बताया कि चैनपुर थाना में अपने पति की हत्या का मामला उसकी पत्नी ने दर्ज कराया था। पुलिस ने एक की भूमिका संदिग्ध लगने पर उससे कड़ी पूछताछ करने पर विजय बड़ा ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। वहीं उसकी निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त टांगी बरामद किया गया। उन्होंने कहा कि हत्या से पूर्व में मामूली विवाद के कारण कुछ दिन पहले मृतक और आरोपी का आपस में कहासुनी हुआ था। छापामारी दल में चैनपुर एसडीपीओ ललीत मीणा, पुलिस निरीक्षक महेंद्र कुमार करमाली, थाना प्रभारी कुंदन चौधरी, एसआई दिनेश कुमार, अशोक कुमार, एएसआई नंद किशोर कुमार व जवान शामिल थे।

# गुमला : विभिन्न स्थानों में किया जा रहा है पूजा पंडालों का निर्माण

**मां लक्ष्मी, काली व गणेश की प्रतिमा स्थापित कर की जाती है पूजा**

**खबर मंत्र संवाददाता**



गुमला। शहर के विभिन्न स्थानों पर पंडाल निर्माण कर व प्रतिमा स्थापित कर मां लक्ष्मी, भगवान गणेश व मां काली की पूजा अर्चना की जाती है। पूजा को लेकर पंडालों का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। शहर के शक्ति संघ मंदिर, महावीर चौक, डीएसपी रोड संघ व लोहरदगा रोड स्थित मां भवानी संघ में मां काली की प्रतिमा स्थापित कर पूजा की जाती है। वहीं पालकोट रोड लक्ष्मी मंदिर व देवीगुड़ी मंदिर में मां लक्ष्मी की प्रतिमा स्थापित कर लोग पूजा अर्चना करते हैं। पूजा समितियों द्वारा मां के दर्शन के लिए पहुंचने वाले भक्तों के लिए विशेष प्रसाद की भी व्यवस्था की जाती है। सभी स्थानों में पंडालों को अंतिम रूप देने का कार्य पूरा किया जा रहा है। वहीं घरों में भी लक्ष्मी गणेश की प्रतिमा स्थापित कर भक्तों द्वारा विशेष पूजा अर्चना की जाती है।

### हेलीकॉप्टर से लोहरदगा पहुंचे सुदेश महतो एनडीए कार्यकर्ताओ के साथ की बैठक



लोहरदगा। पूर्व उप मुख्यमंत्री सह आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो बुधवार को हेलीकॉप्टर से लोहरदगा पहुंचे। जहां आजसू प्रत्याशी नीरू शांति भगत और कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया। सुदेश महतो लोहरदगा पहुंचकर आजसू और बीजेपी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से बैठक कर लोहरदगा विधानसभा सीट से आजसू को जिताने के लिए रणनीति तैयार किया। बीजेपी जिला कार्यालय और आजसू प्रधान कार्यालय में सुदेश महतो बैठक कर कार्यकर्ताओं को चुनाव में आजसू प्रत्याशी नीरू शांति भगत को विजय बनाने के लिए रणनीति तैयार कर कई दिशा निर्देश दिया। सुदेश ने कहा कि लोहरदगा इस बार परिवर्तन मांग रही है यहां के वर्तमान विधायक सरकार में मंत्री रहने के बाद भी विकास का काम नहीं कर पाए। इसलिए इस बार आजसू उम्मीदवार की जीत तय है। झारखंड में एनडीए की सरकार बन रही है। मौके पर आजसू कार्यकर्ता मौजूद थे।

### सर्पदंश की शिकार महिला की मौत

सेन्हा-लोहरदगा। सर्पदंश के उपरान्त महिला को परिजनों द्वारा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज हेतु चिकित्सकों ने रिम्स रेफर कर दिया। वही इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई। विदित हो कि सेन्हा थाना क्षेत्र के बाजार डांडू स्थित महुरांग टोली में सोमवार को जहरीला सांप ने डस लिया। मृत महिला का पहचान बाजार डांडू महुरांग टोली निवासी परमेश्वर नायक की 26 वर्षीय पत्नी पायल देवी के रूप में किया गया है।

### बीमारी से परेशान युवती ने की आत्महत्या

भंडरा। भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत डुमरी गांव की युवती प्रमिला उरांव उम्र 18 वर्ष पिता बंधना उरांव अपने घर में अपने दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इस संबंध में प्रमिला के पिता बंधना उराव ने भंडरा थाना को लिखित बयान देते हुए बताया है कि मेरी बेटी हमेशा बीमार रहती थी और बीमारी के कारण डिप्रेशन में रहती थी। डिप्रेशन के कारण मेरी बेटी आत्महत्या कर ली।

### भ्रष्ट सरकार को उखाड़ फेंकना है: राजेश सिंह

गुमला। भारतीय जनता युवा मोर्चा गुमला के जिला महामंत्री राजेश सिंह ने कहा कि आने वाले चुनाव में झारखंड से भ्रष्टाचार को जड़ से उखाड़ फेंकना है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में पूरे राज्य में उदाहरण के तौर पर हम कह सकते हैं रांची और गुमला जिले के चैनपुर, बिशुनपुर और बहुत सारे जगहों में महिलाओं के साथ उत्पीड़न और बलात्कार की घटनाएं घटी है। युवाओं के रोजगार को 25 लाख में बेचा गया। ग्रामीण क्षेत्रों के गरीब, किसान, मजदूर, दलित, पिछड़ा, अति पिछड़ा कह सकते हैं, कोई सुरक्षित नहीं है। इसलिए इस सरकार को हर संभव उखाड़ फेंकना है और एक लोकप्रिय सरकार बनाने में अपनी सभागिता निभाना है।

# लोहरदगा विधानसभा में कुल 17 उम्मीदवार चुनाव मैदान में

**खबर मंत्र संवाददाता**



लोहरदगा। लोहरदगा विधानसभा में नामांकन वापसी की तिथि संपन्न होने के बाद कुल 17 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए है। निवार्ची पदाधिकारी, 72-लोहरदगा (एसटी) विधानसभा क्षेत्र-सह-अनुमण्डल पदाधिकारी अमित कुमार ने बुधवार को बताया की विधानसभा आम निर्वाचन, 2024 अंतर्गत अभ्यर्थियों द्वारा नाम वापसी का बुधवार को अंतिम दिन रहा जिसमें किसी भी अभ्यर्थी द्वारा नाम वापस नहीं लिया गया। निर्वाचन में अभ्यर्थी के रूप में शामिल होने के लिए कुल 18 लोगों ने नामांकन दाखिल किया था जिसमें एक अभ्यर्थी का नामांकन अधूरा भरे जाने के कारण स्क्रूटनी के पश्चात अस्वीकृत हो गया था। इस प्रकार अब अभ्यर्थी के रूप कुल 17 प्रत्याशी इस निर्वाचन में शामिल हो सकेंगे। ये जानकारी निवार्ची पदाधिकारी अमित कुमार ने प्रेस ब्रीफिंग के माध्यम से दी गई। अनुमण्डल पदाधिकारी ने बताया कि प्रत्याशी निर्वाचन की तिथि 13 नवंबर से 48 घंटे पूर्व तक अपना प्रचार-प्रसार लाउडस्पीकर के माध्यम से कर सकते हैं। रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक लाउडस्पीकर के माध्यम से प्रचार-प्रसार अभ्यर्थी नहीं कर सकेंगे। सभी 17 अभ्यर्थियों के बीच बुधवार को चुनाव प्रतीक चिन्ह आवंटित कर दिया गया है। इनमें राष्ट्रीय और राज्यस्तरीय राजनैतिक दलों के 03, रजिस्ट्रीकृत राजनैतिक दलों के 06 और अन्य अभ्यर्थियों की संख्या 08 है।

**अभ्यर्थी व उनको आवंटित प्रतीक चिन्ह**

| | |
|---|---|
| 01. नीरू शांति भगत, आजसू पार्टी-केला | 12. रमेश उरांव - एयरकंडीशनर |
| 02. यशपाल भगत, बहुजन समाज पार्टी- हाथी | 13. राजेश लोहरा - बल्लेबाज |
| 03. रामेश्वर उरांव, कांग्रेस- हाथ | 14. रामेश्वर लोहरा - अंगूठी |
| 04. अनिल कुमार भगत- हान्डी | 15. संतोष भगत - बैटरी टार्च |
| 05. अवधेश उरांव - हॉकी और बॉल | 16. सनीया उरांव - ऑटो-रिक्शॉ |
| 06. किशोर उरांव - कैंची | 17. सोमा उरांव - फुटबॉल खिलाड़ी |
| 07. पवन तिग्गा - सेब | |
| 08. बिहारी भगत - फलों से युक्त टोकरी | |
| 09. राजपति देवी - अलमारी | |
| 10. बिरेन्द्र उरांव - बल्ला | |
| 11. बृज मोहन उरांव - हारमोनियम | |

प्रेस वार्ता मे सहायक निवार्ची पदाधिकारी, 72-लोहरदगा विधानसभा क्षेत्र-सह-सीओ किस्को अजय कुमार, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाईक समेत अन्य उपस्थित थे।

# डीएवी में एक दीया सजायें प्रतियोगिता का आयोजन

**खबर मंत्र संवाददाता**



गुमला। दीपावली के स्वागत में डीएवी पब्लिक स्कूल गुमला में कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। प्रधानाचार्य डॉ रमाकान्त साहु ने सभी को दीपपर्व की बधाई देते हुए कहा कि आप सभी के जीवन में ज्ञान, विवेक और समृद्धि आए। विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत छठ गीत ने पूरा परिसर को भक्तिमय कर दिया। दीपावली के अवसर पर आयोजित प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। एक दीया सजाएं प्रतियोगिता में नर्सरी में उज्ज्वल कुमार सिंह, निवांशी डे, शिवम नवीन, कक्षा एलकेजी में पार्थ, अनुराग, वर्तिका, कक्षा यूकेजी ए में सूर्यांश कुमार सोनी, समीशा अग्रवाल, आरव कुमार साहू, यूकेजी बी में जिया कुमारी,सोनम लकड़ा, शाज्या तहसीन ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया( पेपर लैंप निर्माण प्रतियोगिता में प्रथम ए की अविका प्रिया,अनुषा शानवी, मितानसे राज और रेयांश मंत्री, प्रथम बी की अलीजा नाज, यशवी साबू, आराध्या गुप्ता, द्वितीय ए के लाल अपूर्व नाथ,शनि सिंह, कैरा लकड़ा, द्वितीय बी के दक्षित उरांव, प्रभय सिंह, नव्या नवीन व दिशांत किंडो, भाषण में चाहत चितलांगिया, ऋषिका गुप्ता, विद्या एवं अद्वेता अहना मैती और अनन्या प्रिया, दीया सजावट प्रतियोगिता में सानवी सिंह, श्रेया, आकृति, चतुर्थ में आइजा इवा, साक्षी, पार्थ केशरी, चतुर्थ बी में आयुषी, सगुण वीसी विवेकानन्द, मेघा, पॉट सजावट प्रतियोगिता में छठी से बैभव, शिवांगी जमुआर, अंकिता, सप्तम में प्राप्ति, दिशा, परिधि अग्रवाल, अष्टम की सोनाली, कोमल तिग्गा, साक्षी प्रिया में रंगोली बनाओ प्रतियोगिता छठी से आठवीं में दयानंद हाउस (शिवांगी, अनन्या, हिमानी, दिशा), दयानंद (दर्शन, परिधि, शिवानी, नबाविया), श्रद्धानंद (त्विशा, वैष्णवी, अहं, पल्लवी), नवम से द्वादश में दयानंद (माही, अदिति, अनिता, आकृति), विवेकानन्द (खुशी कुमारी, आध्या कुमारी, निकी, हर्ष आनंद), विवेकानन्द (प्रतीक्षा प्रियम, दीपशिखा साहू, सौरभ, प्रिंस), श्रद्धानंद (प्रीति, अक्षरा, माही, जाहन्वी) ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। गायन प्रतियोगिता आठवीं से बारहवीं में खुशी बड़ाईक ने प्रथम, प्रतीक्षा प्रियम, दीपशिखा साहू, श्रद्धा उरांव, खुशी, निक्की ने द्वितीय व ताशा झा तथा जाहन्वी लाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# दीपावली को लेकर सजी पटाखों की दुकान

**खरीदारी के लिए उमड़ रही है लोगो की भीड़**

**खबर मंत्र संवाददाता**



लोहरदगा। दीपावली को लेकर जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों में पटाखों की स्थायी और अस्थायी बाजार सज गई है। दीपावली के त्योहार को लेकर इन दुकानों में खरीदारी को लेकर लोगो में उत्साह देखने को मिल रहा है।

शहरी क्षेत्र के एमजी रोड, महावीर चौक, बरवाटोली, मिशन चौक, सोमार बाजार, रेलवे साइडिंग, पतराटोली समेत अन्य इलाकों में पटाखों की दुकान सजी है। पटाखों के थोक दुकानदार फिरोज शाह ने बताया की पटाखों की मांग के चलते उन्होंने विभिन्न प्रकार के पटाखे उपलब्ध कराए हैं। जिनमें बच्चों के लिए छोटे पटाखे, महिलाएं और बुजुर्गों के लिए सुरक्षित फुलझड़ी और चकरी शामिल हैं। वहीं, बड़े बजट के ग्राहक भी अपनी पसंद के अनुसार फैंसी पटाखों की खरीदारी कर रहे हैं। जो दीपावली की रात को आसमान को रंगीन बना देते हैं। उन्होंने बताया कि हमारे दुकान में पटाखों की कीमतें 5 रूपये से शुरू होकर हजारों रुपए तक की रेंज में हैं, जिससे हर वर्ग के लोग अपनी पसंद और बजट के अनुसार खरीदारी कर सकते हैं। इस बार बाजार में फैंसी पटाखों की भी काफी मांग देखने को मिल रही है। फैंसी पटाखे आकाश में रंग-बिरंगे आकार और अद्भुत दृश्य बनाते हैं, जो बच्चों से लेकर बड़ों तक को आकर्षित करते हैं। दुकानदारों ने बताया कि यहां कम कीमत में विभिन्न प्रकार के पटाखे आसानी से उपलब्ध हैं। यहां लोगों को किफायती और उच्च गुणवत्ता वाले पटाखे मिलता है। आसपास के गांवों से भी ग्राहक यहां खरीदारी के लिए आते हैं, क्योंकि यह पटाखे उन्हें अच्छी क्वालिटी के साथ कम कीमत में मिल जाते हैं। दुकानदारों का कहना है कि इस बार ग्रीन पटाखों की सबसे अधिक बिक्री हो रही है। इन पटाखों की खास बात यह है कि ये पर्यावरण के प्रति जागरूक ग्राहकों को भी आकर्षित कर रहे हैं, क्योंकि लोग प्रदूषण को कम करने के लिए इस तरह के पटाखों का इस्तेमाल करना पसंद कर रहे हैं। दीपावली के दौरान बढ़ते प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए ग्रीन पटाखों की मांग तेजी से बढ़ी है। पटाखा दुकानों के लिए जिला प्रशासन ने सभी दुकानदारों को गाइडलाइंस का पालन करने का निर्देश दिया है।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
स्वामित्व वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### सीईसी की अध्यक्षता में वालेन्टियर्स के साथ वीसी का हुआ आयोजन

**बारियातु।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय सभागार परिसर प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीत कुमार पासवान तथा अंचलाधिकारी नंद कुमार राम के उपस्थिति व मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के रवि की अध्यक्षता में सभी मतदान केदो में प्रति नियुक्त वॉलिंटियर्स के साथ व वीसी (विडियो कांन्फ्रेंस) आयोजित की गई। इस वीसी में बरियातू प्रखण्ड अंतर्गत 50 मतदान केंद्रों हेतु 200 वॉलिंटियर्स उपस्थित हुए। वीसी के माध्यम से सभी वॉलंटियर को मतदान दिवस के दिन उनके दायित्वों का निर्वहन करने हेतु निर्देशित किया गया। वीसी के पश्चात सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह बीडीओ अमित कुमार पासवान व सीओ नंद कुमार राम ने सभी वोलेन्टियरो के साथ बैठक किए इस दौरान सभी वोलेन्टियरो को मतदान प्रक्रिया से संबंधित कईमहत्वपूर्ण जानकारी दी। वोलेन्टियरो ने भी पदाधिकारीयों से सवाल कर कई बातो को जानना चाहा, वोलेन्टियरो के सवालो का सटिक जबाब देकर बीडीओ व सीओ ने उन्हे उचित मार्गदर्शन दिया।

### स्वीप के तहत बैज वितरण कार्यक्रम का किया गया आयोजन



**लातेहार।** विधानसभा आम निर्वाचन में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन के नेतृत्व में स्वीप मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय, सरयू में बैज वितरण कार्यक्रम किया गया। विद्यालय में स्वीप नोडल पदाधिकारी के द्वारा फर्स्ट टाइम वोटरस को लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने एवं अपने परिवार के अन्य मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने को कहा गया। इस दौरान छात्र छात्राओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी, सरयू, विद्यालय के शिक्षक, छात्र-छात्राएं एवं स्वीप टीम के कर्मी उपस्थित थे।

### मनिका प्रखंड में निर्दलीय प्रत्याशी के कोर कमेटी का बैठक हुआ संपन्न



बैठक में उपस्थित लोग।

**मनिका।** मनिका विधानसभा क्षेत्र के निर्दलीय प्रत्याशी मुनेश्वर उरांव को फुल बहुमत से विजय दिलाने को लेकर दिन बुधवार को एसबीआई रोड स्थित छोटेलाल प्रसाद के आवास पर राजकिशोर सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड कोर कमेटी का बैठक किया गया। वहीं बैठक में उपस्थित सभी लोगों ने निर्णय लिया कि 24 घंटे के अंदर पूरे क्षेत्र में सभी बूथों पर 10-10 लोगों का कमेटी बनाया जाए और मुनेश्वर उरांव को मनिका विधानसभा क्षेत्र से भारी मतों से विजय दिलाया जाए। मौके पर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष सुरेंद्र पासवान, पप्पू पासवान, छोटेलाल प्रसाद, उस्मान अंसारी, कलाम अंसारी, नसीम अंसारी, इसराफिल अंसारी, सगीर अंसारी, जफर आलम,कौसर अंसारी, मोहन ठाकुर,मन्नालाल उरांव,रंजीत कुमार रवी, गुड्डू सिंह,नंदकिशोर यादव,समेत कई लोग उपस्थित थे।

### बीडीओ व सीओ ने सभी बीएलओ के साथ पोल डे मैनेजमेंट हेतु किया बैठक



बैठक करते अधिकारी।

**बारियातु।** प्रखंड कार्यालय सभागार परिसर मे सहायक निर्वाचन निबंधन पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अमीत कुमार पासवान एवं अंचलाधिकारी नंद कुमार राम के संयुक्त अध्यक्षता में सभी बीएलओ के साथ पोल डे मैनेजमेंट हेतु बैठक किया गया इस बैठक में सभी बीएलओ को पीडीएमएस ऐप से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई।सभी बीएलओ को बताया गया कि इसके माध्यम से मतदान के दिन मतदान के लिए कतार मे खड़े लोगो की बिस्तृत जानकारी हेतु एन्ट्री किया जाना है। साथ ही मतदाता सुचना पर्ची के वितरण के संबन्ध में सभी बीएलओ से जानकारी ली गयी तथा उन्हे आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। साथ ही उन्हे अपने कार्य मे तेजी लाने व निर्धारित समय सीमा के अंदर कार्य को संपन्न करने को कहा गया।

## महुआडांड थाना के हाजत में बंद आरोपी ने की आत्महत्या

# परिजन ने लगाया आरोप, ये आत्महत्या नहीं हत्या है

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड।** लातेहार जिला के महुआडाड थाना के लॉकअप में बंद हत्या के आरोपी संजय कुमार यादव उम्र 28 वर्ष पिता पलटु गोप ने बुधवार को अहले सुबह लगभग 3:30 बजे अपने ट्राउजर के माध्यम से थाना हाजत के गेट में लटक कर आत्महत्या कर लिया। मृतक संजय कुमार यादव गुमला जिला के सिसई प्रखंड स्थित ग्राम असरो का रहने वाला था। ये कुल तीन भाई बहन थे। मृतक की माँ का मौत पूर्व में ही हो चुका था। वहीं पिताजी विकलांग हैं। सो तीनो भाई बहन में सबसे बड़े होने के कारण घर की पूरी जिम्मेवारी मृतक पर ही थी। मृतक वर्तमान में गुमला जिला अंतर्गत घाघरा में जेसीबी चलाने का कार्य करता था। इस संबंध में महुआडांड थाना प्रभारी अवनीश कुमार ने बताया कि विगत रविवार को प्रेम प्रसंग में नेतरहाट थाना क्षेत्र स्थित सिरसी करमखांड़ के रहने वाले संचिदर महत्तो की कुरो कला ग्राम में हत्या कर दी गई थी। इसी हत्या के अनुसंधान में संजय कुमार यादव को आरोपी पाते हुए बुधवार को गिरफ्तार किया गया था। इस मामले में पुलिस ने संजय यादव और लिव इन रीलेशन में रह रही रीमा यादव को सिसई थाना क्षेत्र के असरो पाहनटोली से गिरफ्तार कर लाई थी। मंगलवार की रात को दोनों आरोपियों को पुलिस ने दो अलग-अलग हाजत में बंद कर दिया, एक हाजत में अकेले बंद आरोपी संजय यादव ने लॉकअप के रॉड में अपने ट्राउजर का फंदा बनाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस अधिकारियों ने तत्काल आरोपी को हाजत से निकाला लेकिन तब तक युवक की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने मामले की सूचना वरीय पदाधिकारी को देने के साथ ही मृतक के परिजनों को दिया। वहीं वरीय पदाधिकारी के निदेर्शानुसार महुआडांड़ अंचल अधिकारी को दंडाधिकारी नियुक्त करते हुए शव का वीडियोग्राफी किया गया साथ ही पोस्टमार्टम हेतु लातेहार भेज दिया। वहीं दंडाधिकारी और परिजनों की मौजूदगी में थाना में लगे सीसीटीवी की जांच की गई जिसमें युवक को सुबह के तीन और चार बजे के बीच फांसी लगाते हुए देखा गया। वहीं मामले को लेकर पुलिस ने यूडी कांड संख्या 13/24 के तहत मामला दर्ज कर मामले को जांच कर रही है।



जानकारी देते परिजन।

### क्या कहते हैं मृतक के परिजन?

मृतक संजय कुमार यादव के चाचाजी जगेश्वर गोप ने बताया कि ये आत्महत्या नही है ये साजिश के तहत हत्या किया गया है। मंगलवार की शाम लगभग 4:30 बजे महुआडांड एवं सिसई थाना पुलिस के द्वारा सिसई थाना स्थित ग्राम असरो स्थित उसके घर से मृतक संजय कुमार यादव एवं उसके साथ रहने वाली एक लड़की को लगभग शाम 4:30 बजे सिसई थाने में ले जाकर पूछताछ करने की बात कहकर घर से ले जाया गया। दूसरे दिन हमे मृतक संजय कुमार यादव का कपड़ा पहुँचाने के लिए महुआडांड जाने को कहा गया। तो हम पति-पत्नी महुआडांड आये तो सर्वप्रथम तो हमे थाने के बाहर ही लगभग एक घंटा बैठा दिया गया। फिर बाद में अंदर ले जाया गया तो हमे डेडबॉडी दिखाया गया। जगेश्वर गोप ने आगे बताया कि पुलिस द्वारा हमे विडियो भी दिखाया गया जिसमें मृतक खड़ा भी नही हो पा रहा था। पुलिस उसके साथ बेरहमी से मारपीट की है अन्यथा 28 वर्ष का अच्छा खासा युवक 4-5 घंटे में ही खड़ा नही हो पायेगा। मृतक का पोस्टमार्टम कराने के लिए भी साथ नही ले जाने का आरोप लगाते हुए जगेश्वर गोप ने कहा कि हमे आशंका है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट भी ये बदलवा देंगे।

### शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया

इस संबंध में लातेहार एसपी कुमार गौरव ने बताया कि हाजत में एक आरोपी की मौत हुई है। आरोपी के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। पुलिस हर पहलू को ध्यान में रखकर मामले की जांच आरंभ कर दी है। इसके साथ ही मृतक के परिजनों को भी इस घटना की जानकारी दे दी गई है।

## ग्रीन फील्ड समेत कई विद्यालयों में दीप सजाओ व रंगोली प्रतियोगिता

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा में शहर से लेकर गांव तक दीपों का त्यौहार दीपावली को लेकर हर ओर उत्साह व उमंग देखा जा रहा है। बुधवार को सभी विद्यालयों में दीपावली की छुट्टी दे दी गई है। ग्रीन फील्ड, बालिका उच्च विद्यालय, लक्ष्य द गोल एकेडमी समेत कई विद्यालयों में दीपोत्सव को लेकर दीप सजाओ एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। स्थानीय ग्रीन फील्ड एकेडमी में जूनियर बच्चों के लिए दीप सजाओ प्रतियोगिता आयोजित की गई थी। बच्चों ने बेहतर तरीकों से दीपों को आकर्षक तरीके से सजाया था। वहीं सीनियर बच्चों के लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रंगोली में वर्ग 7-8-9 एवं 10 वीं की बच्चियों ने बेहतर प्रतिभा दिखाई। रंगोली के माध्यम से जागरूकता का संदेश भी दिया गया। किसी ने वाटर रंगोली बनाई तो किसी ने दीप रंगोली बनाई थी, किसी ने बेहतरीन रंगों का प्रयोग कर रंगोली भरी तो किसी ने फूलों का उपयोग भी किया था। शिक्षकों ने सभी रंगोली का निरीक्षण किया। उत्कृष्ट रंगोली को पुरस्कृत करने की बात कही गयी। तमाम बच्चों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। विद्यालय के निदेशक अरविंद कुमार सिंह ने कहा कि बेहतर रंगोली प्रतियोगिता से बच्चों में एक अलग तरह का उमंग देखने को मिला। उनकी प्रतिभा का विकास भी होता है। उन्होंने तमाम लोगों को दीपावली की बधाई भी दी है। इसके अलावे अन्य सरकारी व गैर सरकारी विद्यालयों में दीपोत्सव व रंगोली कार्यक्रम मनाया गया।



बच्चों ने बनाया आकर्षक रंगोली।

## एक नजर में

### रंगोली प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, साक्षी कुमारी ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन




**बारियातु।** प्रखंड मुख्यालय स्थित परियोजना प्लस टू उच्च विद्यालय बारियातू मे प्रधानाचार्य श्रवन मिश्रा के अध्यक्षता में दिपावली पर्व, पुर्व संध्या का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे स्वर्ण रेखा हाउस ग्रुप के कक्षा नवम की छात्रा साक्षी कुमारी प्रथम आयी। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य श्रवन मिश्रा ने बताया कि दिपावली पर्व के अवसर पर विद्यालय मे रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमे विद्यालय के चार हाउस ग्रुप सामील हुए। सभी हाउस ग्रुप के छात्राओ ने एक से बढकर एक मनमोहक रंगोली बनाए। जिसमे स्वर्ण रेखा हाउस ग्रुप के साक्षी कुमारी ने महिला हत्या से संबंधित रंगोली बनाकर अपने हाउस ग्रुप को प्रथम स्थान दिलायी,द्वितीय स्थान पर दामोदर हाउस व तीसरे स्थान पर कोयल हाउस रहा। इस रंगोली प्रतियोगिता में प्रत्येक हाउस ग्रुप मे 10 से 15 छात्राए शामिल थे।

### छठ महापर्व को लेकर हो रही है मुख्य छठ घाट की सफाई



**बरवाडीह।** बरवाडीह लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा में महज कुछ ही दिन का समय शेष रहा गया है। पर्व की शुरूआत पांच नवंबर दिन मंगलवार को नहाय खाए से हो जाएगी। छठ पर स्वच्छता और पवित्रता का काफी महत्व होता है। पर्व को लेकर श्रद्धालुओं की आस्था को बनाए रखने के लिए आदर्श नगर स्थित प्रमुख छठ घाट की सफाई युद्धस्तर पर कराई जा रही है। आदर्श नगर छठ पूजा समिति के अध्यक्ष सह पूर्व उप प्रमुख पंकज गुप्ता व समिति के अन्य सदस्य लगातार साफ-सफाई कार्य का जायजा लें रहें है। छठ नदी व घाटों की सफाई के लिए एक दर्जन से अधिक सफाई कर्मियों के साथ-साथ जेसीबी और ट्रैक्टरों की भी मदद ली जा रही है। समिति के अध्यक्ष पंकज गुप्ता ने बताया कि छठ घाटों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था हो इसके लिए जनरेटर के साथ- साथ छठव्रतियों के लिए चेंजिग रूम व अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही हैं। इसके अलावा श्रद्धालुओं को घाट तक आने जाने में किसी प्रकार की कठिनाई नहीं उठानी पड़े। इसके लिए साफ- सफाई और बेहतरीन लाइटिंग की व्यवस्था पूजा समिति के द्वारा की जा रही है। बता दें कि महापर्व की शुरूआत मंगलवार को नहाय-खाय के साथ होगा। लेकिन आस्था के इस महापर्व को लेकर अभी से ही वातावरण भक्तिमय होने लगा है। त्यौहार को लेकर बाजार की रौनक बढ़ गई है।

## मानवता का परिचय देते हुए भाजपा प्रत्याशी ने घायलों को पहुंचाया अस्पताल



ईलाज करवाते भापजा प्रत्याशी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**बालूमाथ।** बालूमाथ-चतरा मुख्य मार्ग एनएच 22 पर बरियातू थाना क्षेत्र के गिद्दी मोड़ के समीप मोटरसाइकिल से गिरकर तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद वहां से गुजर रहे लातेहार भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक प्रकाश राम ने मानवता का परिचय देते हुए सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। घटना के संबंध में मिली की जानकारी के अनुसार सिकंदर गंझु 22 वर्ष पिता कारू गंझु,गुडडू गंझु 21 वर्ष पिता स्वर्गीय लेदा गंझु, निर्मल गंझु 27 वर्ष पिता संजय गंझु ग्राम चुम्बा थाना बारियातु निवासी बगरा बाजार से वापस अपने घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान मोटरसायकिल से अनियंत्रित होकर गिद्दी मोड़ के समीप गिर गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद घायल सड़क पर पड़े हुए थे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे भाजपा प्रत्याशी सह पूर्व विधायक प्रकाश राम की नजर उन पर पड़ी तो उन्होंने सभी घायलों को इलाज के लिए बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया। जहां डॉक्टर संजय सिद्धार्थ के द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद सकेंद्र गंझु की गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर किया गया।

## चंदवा के जमीरा में शनिवार को मंत्री दीपिका पांडेय के साथ कल्पना करेंगी जनसभा



जायजा लेते कार्यकर्ता।

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** विधानसभा चुनाव को लेकर स्कूटनी और नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी भी तेज हो गई है। स्थानीय नेताओं के धुआंधार जनसंपर्क के बाद अब राज्य के बड़े नेताओं के चुनावी सभा को लेकर तैयारियां शुरू हो गयी है। इंडी गठबंधन समर्थित झामुमो प्रत्याशी मंत्री वैद्यनाथ राम के समर्थन में शनिवार 2 नवंबर को स्टार प्रचारक गांडेय विधायक सह सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन चंदवा के जमीरा पंचायत में चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगी। कल्पना के साथ मंत्री सह कांग्रेस विधायक दीपिका पांडेय सिंह भी मौजूद रहेंगी। कार्यक्रम के निमित तैयारियां को पूर्ण करने को लेकर झामुमो कार्यकर्ता पूरी तरह से जुट गए हैं। बुधवार को तैयारियों को लेकर 20 सूत्री जिला उपाध्यक्ष अरुण दुबे, झामुमो जिला उपाध्यक्ष सितमोहन मुंडा, युवा जिलाध्यक्ष रंजीत उरांव की अगुवाई में कार्यकताओं ने कार्यक्रम स्थल का जायजा भी लिया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुरेश गंझू, मनोज चौधरी, मो. इजहार, पप्पन खान, रामपाल उरांव, डब्लू प्रजापति, युवा प्रखंड अध्यक्ष ब्रह्मदेव प्रजापति समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## लातेहार और मनिका विधानसभा सीट से तीन प्रत्याशियों के नामांकन पत्र रद्द

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** बुधवार को समाहरणालय सभागार में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने प्रेस वार्ता किया। इस दौरान डीडीसी सुरजित कुमार सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास उपस्थित रहे। श्री गुप्ता ने वार्ता के दौरान बताया कि लातेहार विधानसभा व मनिका विधानसभा से चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों का नाम स्पष्ट हो गया है। आज नाम वापस लेने का अंतिम दिन था। जिसमें मनिका विधानसभा से कमेश सिंह निर्दलीय एवं पोलीकार्प खाखा निर्दलीय ने नाम वापस लिया है। वहीं गोपाल परहिया निर्दलीय एवं बैद्यनाथ सिंह निर्दलीय का नामांकन अस्वीकृत किया गया। वहीं लातेहार विधानसभा से संजय कुमार रवि निर्दलीय एवं धीरेन्द्र कुमार निर्दलीय के द्वारा नाम वापस लिया गया है। वहीं उपेन्द्र भुईंया निर्दलीय का नामांकन अस्वीकृत किया गया। अब चुनावी मैदान में लातेहार विधानसभा से 11 प्रत्याशी और मनिका विधानसभा से नौ प्रत्याशी मैदान में।




जानकारी देते डीसी।

# नाम वापसी के अंतिम दिन दो प्रत्याशियों ने लिया अपना नाम वापस

- निवार्ची पदाधिकारी सह महुआडांड एसडीएम बिपिन कुमार दुबे ने बचे सभी नौ विधी मान्य प्रत्याशियों को किया चुनाव चिन्ह आवंटित
- नाम वापसी के अंतिम दिन दो प्रत्याशियों ने लिया अपना नाम वापस



जानकारी देते निर्वाची पदाधिकारी।

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड।** मनिका विधानसभा क्षेत्र से नाम वापसी के अंतिम तिथि 30 अक्टूबर को अंतिम दिन निर्दलीय प्रत्याशी पोलिकार्प खाखा एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के कमेश सिंह ने ऑब्जर्वर के रूप में उपस्थित आईएस कृष्ण कुमार की उपस्थिति में निवार्ची पदाधिकारी सह महुआडांड एसडीएम बिपिन कुमार दुबे के समक्ष प्ररूप- 5 पपत्र भरकर अपना नाम वापस ले लिया। इसकी जानकारी देते हुए मनिका विधानसभा क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी सह महुआडांड एसडीएम बिपिन कुमार दुबे ने बताया कि दो प्रत्याशी के द्वारा नाम वापस ले लेने के कारण अब मनिका विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए कुल 9 प्रत्याशी मैदान में हैं। नाम वापसी की समयावधि पुरी हो जाने के उपरांत निवार्ची पदाधिकारी सह महुआडांड एसडीएम बिपिन कुमार दुबे ने सभी विधी मान्य प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया। इससे पूर्व ऑब्जर्वर के रूप में उपस्थित आईएस कृष्ण कुमार एवं निवार्ची पदाधिकारी सह महुआडांड एसडीएम बिपिन कुमार दुबे ने मनिका विधानसभा चुनाव लड़ने वाले सभी जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की एवं विधान सभा चुनाव से संबंधित कई विषयों पर खुल कर चर्चा किये एवं कई दिशा-निर्देश भी जारी किये।

### मनिका विधानसभा क्षेत्र से इन प्रत्याशियों को ये चुनाव चिन्ह किया गया आवंटित

जिसमें रामचंद्र सिंह - कांग्रेस - हाथ
हरिकृष्ण सिंह - भाजपा - कमल फुल
अतुल कुमार सिंह - हिन्दुस्तानी अवाम पार्टी
कड़ाही, बलवन्त सिंह - जेएलकेएम - कैंची
रघुपाल सिंह- समाजवादी पार्टी - साइकिल
प्रभुदास मिंज - निर्दलीय - चप्पलें
बिजय सिंह - निर्दलीय - कटहल
मुनेश्वर उरांव-निर्दलीय-बल्लेबाज
राकेश कुमार सिंह - निर्दलीय - गुब्बारा
चुनाव चिन्ह दिया गया है।

## लातेहार विधानसभा क्षेत्र से 11 व मनिका से 9 प्रत्याशी मैदान में

- लातेहार विधानसभा क्षेत्र से 14 में से दो अभ्यर्थियों ने की नाम वापसी, एक का नामांकन अस्वीकृत
- मनिका विधानसभा क्षेत्र से 13 में से दो अभ्यर्थियों ने की नाम वापसी, दो का नामांकन अस्वीकृत

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** राज्य में विधानसभा चुनाव पहले चरण में स्कूटनी व नाम वापसी की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद बुधवार को प्रत्याशियों को प्रतीक चिन्ह का आवंटन कर दिया गया। लातेहार विधानसभा क्षेत्र से कुल 14 में से दो निर्दलीय अभ्यर्थी संजय कुमार रवि व धीरेंद्र कुमार ने अपना नाम वापस ले लिया, जबकि एक अभ्यर्थी उपेंद्र भुइयां का नामांकन अस्वीकृत हुआ। वही मनिका विधानसभा क्षेत्र से कुल 13 अभ्यर्थियों में से दो अभ्यर्थी गोपाल परहिया व वैद्यनाथ सिंह का नामांकन अस्वीकृत हो गया जबकि दो अभ्यर्थी कमलेश सिंह व पॉलीकार्प खाखा द्वारा अपना नाम वापस ले लिया गया।

| लातेहार विधान सभा-74 से इन अभ्यर्थियों को आवंटित हुआ चिन्ह |
|---|
| 1 प्रकाश कुमार रविः- बहुजन समाज पार्टी |
| 2 प्रकाश रामः- भारतीय जनता पार्टी |
| 3 बैजनाथ रामः- झारखंड मुक्ति मोर्चा |
| 4 ब्रह्मदेव रामः- अंबेडकराईट्स पार्टी ऑफ इंडिया |
| 5 ललसू रामः- भारत आदिवासी पार्टी |
| 6 शिवनाथ रजकः- नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी |
| 7 संतोष पासवानः- झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा |
| 8 वीरेंद्र कुमारः-निर्दलीय |
| 9 रवि कुमार पासवानः- निर्दलीय |
| 10 राकेश पासवानः- निर्दलीय |
| 11 नंबर सरवन पासवानः- निर्दलीय |

| मनिका विधानसभा क्षेत्र-73 |
|---|
| 1 रामचंद्र सिंहः- इंडियन नेशनल कांग्रेस |
| 2 हरेकृष्ण सिंहः- भारतीय जनता पार्टी |
| 3 अतुल कुमार सिंहः- हिंदुस्तानी आवाम मंच (यूनाइटेड) |
| 4 बलवंत सिंहः- झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा |
| 5 रघुपाल सिंहः- समाजवादी पार्टी |
| 6 प्रभु दास मिंजः- निर्दलीय |
| 7 विजय सिंहः-निर्दलीय |
| 8 मुनेश्वर उरांवः-निर्दलीय |
| 9 राकेश कुमार सिंहः- निर्दलीय |

# भंडरिया में अबुआ आवास निर्माण में भारी अनियमितता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भंडरिया।** प्रखंड के करचाली पंचायत में अबुआ आवास निर्माण में भारी अनियमितता बरती गई है। पंचायत के मुखिया मोनिका खलखो ने नियमावली को दरकिनार कर अपने चहेते लोगों को यह आवास आवंटित कर दिया है। ग्रामीणों ने मुखिया के इस कार्य प्रणाली के विरुद्ध लिखित शिकायत भंडरिया बीडीओ से की है। साथ ही पंचायत में हो रहे आवास निर्माण सहित अन्य कार्यों की जांच कर कार्रवाई करने की मांग किया है।


आवेदन देते ग्रामीण।

करचाली गांव के ग्रामीणों ने कहा कि अबुआ आवास के चयन के लिए पंचायत भवन में ग्राम सभा का आयोजन किया गया था। ग्राम सभा में जिन लोगों को अबुआ आवास चयन हुआ, उन सभी लाभुक का नाम मुखिया द्वारा काट दिया गया। मुखिया के इस मनमानी से लोगों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि मुखिया को जब अपने चहेते लोगों को ही अबुआ आवास देना था तो ग्राम सभा कराने की क्या जरूरत थी। ग्रामीणों ने बीडीओ के नाम प्रखंड कार्यालय के सहायक को आवेदन पत्र सौंपा है। दिए आवेदन पत्र में मुखिया की कार्यकाल में की गई अबुआ आवास, मनरेगा एवं 15वीं वित्त सहित अन्य योजनाओं की जांच कर कार्यवाई मांग की है। लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि 15वें वित्त की कई योजना ऐसी हैं जो सिर्फ कागज पर बनाकर राशि की निकासी कर ली गई है। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया है कि मनरेगा योजना में पुराने तालाब को ही नया डोभा दिखा कर राशि की निकासी कर लिया गया है।

# मुख्यमंत्री ने 38 राजमार्ग गश्ती वाहनों का किया लोकार्पण

**एजेंसी**

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज सड़क सुरक्षा एवं निर्बाध यातायात व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु 38 राजमार्ग गश्ती वाहनों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने 38 राजमार्ग गश्ती वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



मुख्यमंत्री ने राजमार्ग गश्ती वाहनों के लोकार्पण के पूर्व उसका निरीक्षण किया और उसकी कार्य प्रणाली के संबंध में अधिकारियों से जानकारी ली। इन राष्ट्रीय राजमार्ग गश्ती वाहनों को इमरजेंसी रिस्पांस स्पोर्ट सिस्टम के डायल-112 के सम्बद्ध किया गया है ताकि आपातकालीन परिस्थिति में इन वाहनों को घटनास्थल पर अविलम्ब भेजा जा सके। साथ ही प्रभावी कार्रवाई हेतु इस पर लगे उपकरणों के माध्यम से वाहन अथवा नियंत्रण कक्ष से केन्द्रीकृत समाधान का प्रावधान किया गया है। कार्यक्रम की शुरूआत में पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने मुख्यमंत्री को हरित पौधा भेंटकर स्वागत किया।

इस अवसर पर जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, विकास आयुक्त प्रत्यय अमृत, पुलिस महानिदेशक आलोक राज सहित अन्य वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

## स्पीड न्यूज

### आरके पब्लिक में रंगोली प्रतियोगिता

**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र स्थित आरके पब्लिक स्कूल उंचरी में दीपावली पर्व से एक दिन पूर्व बुधवार को रंगोली प्रतियोगिता आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए प्राचार्य राजेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि कक्षा-01 से कक्षा-10 के सभी छात्र-छात्राओं द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन कराया गया। जिसमें बच्चों ने कलाकृति को प्रदर्शित करते हुए एक से बढ़कर एक रंगोली बनाया। वहीं छात्र-छात्राओं ने रंगोली से कलाकृति करते हुए शुभ दीपावली एवं देश में महिलाओं के ऊपर हो रहे उत्पीड़न के बारे में स्लोगन के साथ अन्य स्लोगन को लिखा। इस कलाकृति में मुख्य रूप से गीतांजलि देव सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाओं ने कलाकृति में सहयोग किया।

### झारखंड में भाजपा सरकार बनाना आवश्यक: सतेंद्र ठाकुर



**केतार।** भाजपा की ओर से मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद की अध्यक्षता में बुधवार को मंडल कार्यालय में प्रेस वार्ता का आयोजन की गई। इस अवसर पर भाजपा महामंत्री सतेंद्र ठाकुर ने कहा कि मां, बहन, बेटी की रक्षा भारतीय जनता पार्टी से ही संभव है। वर्तमान सरकार में अपराध चरम पर है। अपराधियों की बोलबाला बढ़ गई है। इससे निजात पाने के लिए झारखंड में भाजपा का मजबूत सरकार बनाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मूल मंत्र है सबका साथ सबका विकास, इसी का अनुसरण करते हुए विधायक भानु प्रताप शाही विकास कार्य में लगे रहते हैं। हम सब क्षेत्र में विकास करने वाले जनप्रतिनिधि के साथ हैं। इस बार जनता विकास के नाम पर वोट करेगी, वही मंडल अध्यक्ष कन्हाई प्रसाद ने प्रखंड क्षेत्र के सभी ग्रामीण जनता को दीपावली एवं छठ पूजा की अग्रिम बधाई देते हुए कहा वर्तमान सरकार को उखाड़ फेंकना है। भानु प्रताप शाही को रिकॉर्ड मतों से जीताना है। मौके पर भाजपा नेता ज्वाला प्रसाद, हेमंत पाठक, अनिल कुमार पासवान, त्रिपुरारी सिंह, विक्रम सिंह, राजू सिंह, विनोद सिंह, विमलेश पासवान, सत्येंद्र ठाकुर, राजकुमार पासवान, मनोज फौजी आदि उपस्थित थे।

# चुनाव में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने कहा है कि विधानसभा चुनाव 2024 के कार्य निष्पादन एवं दायित्व से अनुपस्थित रहने संबंधी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अन्तर्राज्यीय चेकनाका पर अपने कार्य दायित्व से अनुपस्थित छह कर्मियों को स्पष्टीकरण किया है। डीसी ने भंडरिया प्रखंड के कनीय अभियंता सह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 76-डालटनगंज, पार्ट के भंडरिया थाना के बड़गड़ चेकपोस्ट पर कार्यरत धर्मेंद्र कुमार यादव, रंका प्रखंड के कनीय अभियंता सह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 80-गढ़वा के रंका थाना अंतर्गत गोदरमाना चेकनाका पर कार्यरत जितेंद्र कुमार, नगर ऊंटारी प्रखंड के कनीय अभियंता सह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 81-भवनाथपुर के नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के विलासपुर चेकनाका पर कार्यरत जितेन्द्र कुमार, भवनाथपुर प्रखंड के कनीय अभियंता सह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 81-भवनाथपुर क्षेत्र के खरौंधी थाना क्षेत्र के खोखा चेकनाका पर कार्यरत चन्दन कुमार, कांडी प्रखंड के मनरेगा के कनीय अभियंता सह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 81-भवनाथपुर के हरिहरपुर ओपी के श्रीनगर घाट चेकनाका पर कार्यरत यशवंत कुमार एवं केतार प्रखंड के मनरेगा के सहायक अभियंता सह विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 81-भवनाथपुर के खरौंधी थाना अंतर्गत बजरमरवा चेकनाका पर कार्यरत अमरेंद्र कुमार सिंह को स्पष्टीकरण किया है।


जानकारी देते डीसी।

### अनुपस्थित छह कर्मियों को स्पष्टीकरण

डीसी श्री जमुआर ने कहा कि अन्तर्राज्यीय राज्य चेकनाका, गढ़वा के नोडल पदाधिकारी द्वारा सूचित किया गया कि 29 अक्टूबर को पूर्वाह्न 6:00 बजे से 7:45 तक वेव कास्टिंग एवं दूरभाष के माध्यम से पर्यवेक्षण किया गया। पर्यवेक्षण के क्रम में विभिन्न चेकपोस्ट पर कार्यरत छह कर्मी निर्वाचन कार्य दायित्व से अनुपस्थित पाए गए हैं, जो भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देश के प्रतिकूल है। यह कृत्य सरकारी आदेश की अवहेलना, मनमानेपन एवं घोर अनुशासनहीनता का परिचायक है। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी ने 24 घंटे के अंदर अपना स्पष्टीकरण उपलब्ध करने का सख्त निर्देश दिया है। इन छह कर्मियों का अगले आदेश तक मानदेय या वेतन भी स्थागित किया गया है। डीसी ने निर्वाचन कार्य में लगाये गये सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों को ईमानदारी पूर्वक व समयबद्धता के साथ कार्य निष्पादन का निर्देश दिया है।

## खबर एक नजर में

### विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन


मंचासीन सेवानिवृत शिक्षक।

**धुरकी।** प्रखंड स्थित रा.कृत प्लस टू उच्च विद्यालय के सेवानिवृत शिक्षक दिनेश पाठक को एक समारोह आयोजित कर विदाई दी गई। विदाई सह सम्मान समारोह में स्कूली बच्चियों ने स्वागत गान एवं विदाई गीत प्रस्तुत किया। लोग फूल माला पहनाकर उनके 36 वर्ष के कार्यकाल की प्रशंसा की। मौके पर दामोदर जायसवाल ने कहा कि शिक्षक और सड़क दोनों एक ही होते हैं। जैसे भटके हुए राहगीर को जिस प्रकार सड़क अपने मंजिल तक पहुंचाता है ठीक उसी प्रकार शिक्षक ज्ञान का प्रकाश दिखाकर अपने शिष्य को उसके मंजिल तक पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय शिक्षा, संस्कार व एकता का पाठ पढ़ाने का संस्था है। कन्या मध्य विद्यालय धुरकी के प्रधानाध्यापक गणेश ठाकुर ने कहा कि जिस तरह किसी फैक्ट्री व संस्था में किसी भी सामान की उत्पादन होती है, वैसे ही विद्यालय के शिक्षक छात्र-छात्राओं को शिक्षा में निपुण बनाते हैं। धुरकी सदर पंचायत मुखिया महबूब अंसारी ने कहा कि सरकारी विद्यालय से भी बच्चे अपना भविष्य तय करते हैं। सरकारी विद्यालय से भी आईपीएस आईएएस बनने की बच्चों में क्षमता होती है। बशर्ते उसे निखारने की जरूरत है। इसके पूर्व सेवानिवृत शिक्षक विद्यालय का प्रभार सरफराज अहमद को सौंपा। शिक्षक मुन्ना भारती ने कहा कि 36 वर्ष के इस यादगार पल को कभी भुलाया नहीं जा सकता। सेवानिवृत षिक्षक दिनेश पाठक ने कहा कि मैं अपने कार्यकाल में सुदूरवर्ती गांव के अभिभावकों के साथ समन्वय स्थापित कर विद्यालय का पठन-पाठन शांति एवं सुचारू रूप से करते रहा। उन्होंने विद्यालय के शिक्षक व छात्र-छात्राओं एवं अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी। मंच संचालन सहायक शिक्षक केदार रजक ने किया। मौके पर अनिल कुमार, शिक्षक अनिल कुमार सिंह, विंध्यवासिनी देवी, सत्येंद्र प्रसाद सिंह, जनेश्वर राम, दिनेश पाठक, अनिल कुमार यादव, पंकज, पवन, यमुना प्रसाद, सुशील कुमार वर्मा, धर्मेंद्र सिंह, ममता टोपनो सहित काफी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष ने दिया इस्तीफा, कहा पार्टी में रह कर गठबंधन का नहीं कर सकते विरोध


सैयद अंसारी।

मझिआंव। झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के मझिआंव प्रखंड अध्यक्ष सैयद अंसारी ने बुधवार को प्रेस वार्ता कर अपने पार्टी तथा पार्टी से मिले सभी पदों से इस्तीफा देने की जानकारी दी। सैयद ने कहा कि मैं पिछले कई सालों से उन्होंने अपने पार्टी में निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करता रहा। लेकिन पार्टी से उचित सम्मान नहीं मिलने से दुखी हूं, जिसके कारण मैं पार्टी से इस्तीफा देते हुए पार्टी के जिला सचिव को इसकी लिखित सूचना दे दिया हूं। सैयद ने बताया कि बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के रूप में राजद को टिकट मिला। इसके बाद कांग्रेस द्वारा भी अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया गया। जिसके बाद मैं पूरी तरह से कंफ्यूज हो गया हूं। गठबंधन टूटने से व्यक्तिगत रूप से दु:खी भी हूं। उन्होंने कहा कि पार्टी छोड़ने के बाद भी उनका हेमंत सोरेन से पूरा लगाव है और कभी भी झामुमो का अहित नहीं चाहूंगा। साथ उनसे पूछा गया तो उन्होंने बताया कि अभी मैं किसी पार्टी और किसी विधायक प्रत्याशी के समर्थन में नहीं हूं। मैं सही विद्यायक प्रत्याशी उम्मीदवार को चयन कर आगे का निर्णय लूंगा।

# बीडी प्रसाद की पत्नी रजनी ने चलाया जनसंपर्क अभियान


जनसंपर्क करती रजनी देवी।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** बिश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी ब्रह्मदेव प्रसाद की पत्नी रजनी देवी ने विभिन्न गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस अभियान के तहत रजनी ने बरडीहा, कांडी और लमारी कला प्रखंड के अनेकों ग्रामीण क्षेत्रों का दौरा किया और ग्रामीणों से संवाद स्थापित किया। अभियान के दौरान रजनी ने ग्रामीणों से उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को समझने का प्रयास किया। उन्होंने खासतौर पर महिलाओं के मुद्दों पर ध्यान केंद्रित किया और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया। ग्रामीणों ने भी इस पहल का स्वागत किया और अपनी अपेक्षाओं को साझा किया। रजनी देवी का कहना है कि उनका उद्देश्य न केवल ग्रामीणों की समस्याओं को जानना है, बल्कि उन तक मदद पहुंचाने के लिए आवश्यक कदम उठाना भी है।

## मंत्री ने रक्तदान कर बचायी महिला की जान

# रक्तदान महादान है : मंत्री मिथिलेश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गढ़वा।** गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद व युवा कार्य विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर का सेवा कार्य हमेशा चर्चित रहता है। वे लोगों की हर प्रकार से सेवा करने के लिए हमेशा तत्पर रहते हैं। इसी कड़ी में मंत्री श्री ठाकुर ने एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बुधवार को सदर अस्पताल में स्वयं रक्तदान कर एक गर्भवती महिला की जान बचायी। उन्होंने गढ़वा प्रखंड के बेलहरा गांव निवासी प्रवेश कुमार की पत्नी मीना देवी के लिए रक्तदान किया।


रक्तदान करते मंत्री मिथिलेश ठाकुर।

उक्त महिला प्रसव पीड़ा के कारण अस्पताल में भर्ती थीं। उसे ए-निगेटिव ब्लड की आवश्यकता थी। यह ब्लड ग्रुप स्थानीय स्तर पर तत्काल उपलब्ध नहीं हो पा रहा था। महिला की स्थिति गंभीर होने के कारण उनके परिवार के लोग काफी चिंतित थे। अस्पताल में उपलब्ध रक्त से भी उनकी आवश्यकता पूरी नहीं हो रही थी। मंत्री श्री ठाकुर मेराल में आयोजित कार्यक्रम में व्यस्त थे। जैसे ही मंत्री को इस बात की जानकारी मिली। वे अपने कार्यक्रम को बीच में ही छोड़कर तुरंत गढ़वा सदर अस्पताल पहुंच गये। यहां मंत्री ने तत्काल ए-निगेटिव रक्तदान कर महिला की जान बचाई। इस दौरान मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि रक्तदान एक महादान है। और यह न केवल जरूरतमंदों की जान बचाता है, बल्कि स्वयं के स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। रक्तदान करने से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता भी बेहतर होती है और छोटी-मोटी बीमारियों से बचाव में मदद मिलती है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग जरूरतमंदों की सहायता के लिए आगे आएं और नियमित रक्तदान करें।

# दरभंगा से दिल्ली के लिए शुरू होगी उड़ान

**एजेंसी**

**पटना।** देश की राजधानी दिल्ली और आर्थिक राजधानी मुंबई के लिए दरभंगा से हवाई जहाज की सुविधा में विस्तार होने वाला है। दरअसल, इंडिगो ने दरभंगा से इन दोनों जगहों के लिए हवाई सेवा देने का निर्णय लिया है। दरभंगा से मुंबई के लिए मंगलवार से इंडिगो के विमान के लिए बुकिंग शुरू हो गयी है। बुधवार से दिल्ली के लिए भी बुकिंग शुरू हो जाएगी। इसके बाद उत्तर बिहार के लोगों के लिए दिल्ली और मुंबई जाना आसान हो जाएगा।

**इंडिगो के डायरेक्टर से मिले थे संजय झा:** इससे पहले 26 अक्टूबर को भी संजय झा ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा था कि 23 सितंबर 2024 को दिल्ली में मेरे आवास पर इंडिगो के स्पेशल डायरेक्टर के साथ मुलाकात में दरभंगा एयरपोर्ट से कंपनी की उड़ान सेवा शुरू करने के मुद्दे पर विस्तार से चर्चा हुई थी।

### संजय झा ने एक्स पर दी जानकारी


जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद संजय झा ने दरभंगा से दिल्ली के लिए टिकट बुकिंग शुरू होने की जानकारी सोशल मीडिया एक्स पर साझा करते हुए लिखा है, हमें खुशी है कि दरभंगा से दिल्ली के बीच इंडिगो की प्रतिदिन की उड़ान के लिए आज शाम से बुकिंग शुरू हो जाएगी। पहली उड़ान 12 दिसंबर को होगी। इससे पहले दरभंगा से मुंबई के बीच इंडिगो के उड़ान की बुकिंग शुरू हो चुकी है।

### मिथिला को होगा विकास

मिली जानकारी के अनुसार दरभंगा से मुंबई के लिए इंडिगो का विमान एक दिसंबर से उड़ेगा। वहीं दिल्ली के लिए इंडिगो की पहली फ्लाइट 12 दिसंबर से उड़ान भरेगी। इससे पहले दरभंगा एयरपोर्ट से सिर्फ स्पाइसजेट की फ्लाइट ही उड़ान भर रही थी। इस वजह से फ्लाइट का किराया भी काफी ज्यादा रहता था। संजय झा ने कहा कि दरभंगा से दिल्ली और मुंबई के बीच हवाई यात्रा सुलभ होने से उत्तर बिहार के लाखों लोगों को लाभ होगा। मिथिला के विकास को बल मिलेगा।

# छठ घाट का तारकिशोर प्रसाद ने किया निरीक्षण

**एजेंसी**



**कटिहार।** बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और सदर विधायक तारकिशोर प्रसाद ने बुधवार को कोशी छठ घाट का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने घाट की बेहतर साफ-सफाई, बेरीकेटिंग, लाइटिंग, चेंजिंग रूम और श्रद्धालुओं के लिए बेहतर सुविधा को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छठ घाट पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने बिजली विभाग को भी छठ घाट पर लाइन की बेहतर व्यवस्था और पीसीसी पोल लगाने का निर्देश दिया। इस अवसर पर भाजपा के जिला महामंत्री वीरेंद्र यादव, जिला महामंत्री सौरभ कुमार मालाकार, निगम पार्षद निक्कू सिंह, बिट्टू घोष, प्रमोद महतो, बब्बन झा, ओम प्रकाश यादव, धृतराष्ट्र सिंह, शंभू चौधरी, रिंकू यादव, दिलीप सिंह, जितेंद्र शाह, भोला प्रसाद, परिमल झा और नगर निगम के कार्यपालक अभियंता अमर झा सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

### एआरडी पब्लिक में हैंड क्राफ्ट व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन


रंगोली बनाती छात्राएं।

**गढ़वा।** शहर के नहर रोड स्थित अवध राज देवी ट्रस्ट द्वारा संचालित एआरडी पब्लिक स्कूल मे बुधवार को हैंड क्राफ्ट व रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के चारों हाउस रेड हाउस, ब्लू हाउस, ग्रीन हाउस व येलो हाउस के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता को लेकर बच्चों मे काफी उत्साह देखा गया। वहीं प्रतिभागियों द्वारा एक से बढ़कर एक मनमोहक हैंड क्राफ्ट व रंगोली बनाई गई। मौके पर विद्यालय की प्राचार्या आणिमा पाण्डेय ने कहा कि विद्यालय मे पढ़ाई के साथ साथ इस तरह के क्रिएटिव कार्यक्रम हमेशा होते रहता है, जिससे छात्रों मे आपसी प्रतिस्पर्धा बना रहे। उन्होंने कहा कि विद्यालय के छात्र-छात्राओं को अलग अलग चार समूहों मे बांटकर यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता मे बच्चों ने अपनी कला कृतियों के माध्यम से भारतीय संस्कृति के साथ-साथ अपनी प्रतिभा को भी उकेरने का काम किया है। उन्होंने कहा की रंगोली व हैंड क्राफ्ट हमारी भारतीय सभ्यता संस्कृति का प्रतिक है। आयोजित इस रंगोली प्रतियोगिता मे येलो हाउस की संध्या, खुशबू एंड ग्रुप ने प्रथम स्थान प्राप्त कर अपना परचम लहराया जबकि रेड हाउस की संजना, दीक्षा एंड ग्रुप को द्वितीय स्थान मिला। वहीं ब्लू हाउस की जागृति, सुधा एंड ग्रुप को तृतीय स्थान से ही संतोष करना पड़ा। छात्रों द्वारा बनाया गया हैंड क्राफ्ट प्रतियोगिता मे ग्रीन हाउस के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि येलो हाउस को द्वितीय स्थान मिला। वहीं रेड हाउस के छात्रों को तृतीय स्थान से ही सब्र करना पड़ा। विजेता प्रतिभागियों को झारखण्ड स्थापना दिवस के अवसर पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### हथियार के साथ एक व्यक्ति गिरफ्तार

**बेतिया।** बिहार में पश्चिम चंपारण जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र से अपराध की योजना बना रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) रजनीश कांत प्रियदर्शी ने बुधवार को यहां बताया कि मंगलवार की देर रात जगदीशपुर थानाध्यक्ष को सूचना प्राप्त हुयी थी कि एक व्यक्ति जमुनिया मठ के पास हथियार के साथ घूम रहा है तथा किसी आपराधिक वारदात को अंजाम दे सकता है। सूचना के आलोक में वरीय पदाधिकारी को सूचित करते हुए जगदीशपुर थानाध्यक्ष उक्त स्थान पर पहुंचे। पुलिस को देखकर वह व्यक्ति भागने लगा, जिसे सहयोगी पुलिसकर्मियों के सहयोग से पकड़ा गया।


# खेलो झारखंड प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने जीती राज्य स्तरीय प्रतियोगिता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**मझिआंव।** झारखंड सरकार के द्वारा खेलो झारखंड प्रतियोगिता कार्यक्रम का आयोजन स्कूल, पंचायत, प्रखंड स्तरीय से लेकर जिला स्तरीय राज्य स्तरीय किया गया था। जिसके बाद रांची के खेल गांव में राज्य स्तरीय फाइनल मुकाबला खेला गया। जिसमें प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत हाई स्कूल मोरबे के छात्र-छात्राओं के द्वारा कबड्डी प्रतियोगिता में रांची में हुए खेल प्रतियोगिता में भाग लिया गया। जिसमें प्रतियोगिता में विजयी हुए। जिसमें 14 वर्ष के अंदर के सभी बच्चों ने खेल प्रतियोगिता टीम के कप्तान चांदनी कुमारी, उप कप्तान रजनी कुमारी, सीमा कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, प्रीति कुमारी, ज्योति कुमारी, नंदनी कुमारी, चांदनी कुमारी, पूजा कुमारी के द्वारा फाइनल गेम छात्र के साथ खेल जो 36-21 के अंतर से हराकर जीत प्राप्त किया,तथा खिताब पर कब्जा किया। इस टीम में प्लेयर ऑफ द टूनार्मेंट कप्तान चांदनी कुमारी को मेडल देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावे 14 से 17 वर्ष के खेल प्रतियोगिता के खिलाड़ीः कप्तान खुशी कुमारी, उप कप्तान रूपांजली कुमारी जूही कुमारी नेहा कुमारी सहित अन्य खिलाड़ी का नाम शामिल है, जिसमें रांची के खिलाड़ियों के साथ खेलकर 30-32 के स्कोर से दूसरा स्थान प्राप्त किया। मौके पर टीम के कोच शारीरिक शिक्षक संतोष कुमार मौर्य के द्वारा इस खेल प्रतियोगिता में यहां तक पहुंचाने का मुख्य भूमिका रही, इस खेल प्रतियोगिता की खुशी के मौके पर स्कूल के शिक्षकों को नहीं बताया कि खेल प्रतिभागियों की कमी नहीं है एक से बढ़कर एक खेल प्रतिभागी हमारे विद्यालय में है जिन्हें तरसते का आवश्यकता है अभी बताया कि संसाधनों की कमी के कारण खेल प्रतिभागियों को अपने-अपने खेल प्रतियोगिता दिखने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है अगर संसाधन रहे तो यहां भी एक से बढ़कर एक प्रतिभागी हैं। मौके पर जितेंद्र कुमार, राजकिशोर मेहता, तौसीफ रजा, राम समर शुक्ला, राजेश कुमार तिवारी, कृष्णा राम, दिनेश राम, मनोज ठाकुर, दिनेश ठाकुर, रंजीत प्रसाद स्कूल के छात्राएं शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।


विजेता प्रतिभागी।

## फिल्म जानू आई लव यू का फर्स्ट लुक रिलीज



**मुंबई।** अभिनेत्री अक्षरा सिंह और विक्रांत सिंह राजपूत की नई फिल्म जानू आई लव यू का फर्स्ट लुक रिलीज हुआ। फिल्म जानू आई लव यू को वर्ल्डवाइड रिकॉर्ड्स और जीतेन्द्र गुलाटी ने प्रस्तुत किया है, जबकि निर्माता रत्नाकर कुमार हैं।

## सलमान खान को फिर मिली धमकी

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान से कथित तौर पर दो करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई है और न देने पर उन्हें मार डालने की धमकी दी गई है जिसके बाद मुंबई पुलिस ने एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है।

# अयोध्या में पुष्पक विमान से उतरे राम, योगी ने खींचा रथ

**अयोध्या।** अपने लला के आगमन की खुशी में अयोध्या नगरी झूम रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के पहले पर्यटन विभाग द्वारा लगाई गई झांकी का अवलोकन किया। इसके बाद भगवान राम, माता सीता और लक्ष्मण की अगुआनी की। इसके बाद भगवान राम, माता सीता व लक्ष्मण लक्ष्मण को रथ पर बैठाकर कार्यक्रम स्थल तक मुख्यमंत्री योगी समेत सरकार के मंत्रियों ने खींचा। अयोध्या में भव्य राम मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद यह पहला दीपोत्सव है। पूरी अयोध्या नगरी का दुल्हन की तरह श्रृंगार किया गया है। रामलला की मौजूदगी में यह पहला और योगी सरकार का आठवां दीपोत्सव है।





# महाकालेश्वर मंदिर में मशीन से मिलेगा प्रसाद

## क्यू आर कोड स्कैन कर श्रद्धालु ले सकेंगे प्रसाद

एजेंसी



**भोपाल।** मध्य प्रदेश का उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर मंदिर ऐसा मंदिर बनने जा रहा है, जहां स्वचालित वेंडिंग मशीन से श्रद्धालुओं को प्रसाद की सुविधा उपलब्ध होगी। भगवान महाकाल की लड्डू प्रसादी अब श्रद्धालुओं को 24 घंटे मिल सकेगी। इसके लिए महाकाल मंदिर में एटीएम जैसी मशीन लगाई जा रही है, जिसमें क्यूआर कोड स्कैन करते ही या नकद पैसे डालते ही लड्डू प्रसादी का पैकेट मशीन से बाहर निकलेगा। इस तरह महाकाल मंदिर देश का ऐसा पहला मंदिर बनेगा, जहां इस तरह की सुविधा श्रद्धालुओं को मिलेगी। महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष एवं कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने बुधवार को जानकारी देते हुए बताया कि भक्तों द्वारा क्यूआर कोड स्कैन कर पेमेंट करने के बाद प्रसाद के कूप से लड्डू का पैकेट मशीन से बाहर निकलेगा। इसके लिए मंदिर समिति ने कोयंबटूर की 5जी टेक्नोलॉजी नामक कंपनी को ऑटोमेटिक मशीन का ऑर्डर दिया है। मशीन से 100 ग्राम 200 ग्राम और 500 ग्राम लड्डू के पैकेट श्रद्धालु प्राप्त कर सकेंगे। श्रद्धालुओं को 100 ग्राम का पैकेट 50 रुपये, 200 ग्राम का पैकेट 100 रुपये में, 500 ग्राम का पैकेट 200 रुपये और एक किलो का पैकेट 400 रुपये में मिलेगा। उन्होंने बताया कि विश्व प्रसिद्ध बारह ज्योतिर्लिंगों में से एकमात्र दक्षिणमुखी भगवान महाकालेश्वर मन्दिर में प्रबंध समिति द्वारा लड्डू प्रसाद निर्माण इकाई एवं निःशुल्क अन्नक्षेत्र संचालित किया जा रहा है। कोविड-19 के दौरान भी गाइड लाइन का पालन करते हुए दर्शनार्थियों को सुलभ दर्शन कराने के साथ-साथ हाईजेनिक लड्डू प्रसाद एवं अन्नक्षेत्र में निःशुल्क भोजन प्रसादी की उच्च उत्कृष्टता स्तर का फाइव स्टार रेटिंग में शामिल किया गया। इस संबंध में भारत सरकार के एफएसएसएआई द्वारा प्रमाण-पत्र जारी किया जा चुका है। सिंह ने बताया कि वर्ष 2021 में सम्पूर्ण भारत में महाकालेश्वर मन्दिर प्रबंध समिति द्वारा लड्डू प्रसाद के क्षेत्र में हाईजेनिक उत्कृष्टता में 5 स्टार रेटिंग प्राप्त करने वाला सम्भवतः प्रथम धार्मिक संस्थान है।

## नयी दिल्ली से पटना और रांची के लिए तीन जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलेगी

**नयी दिल्ली।** त्योहारी सीजन के दौरान अतिरिक्त भीड़ को कम करने के लिए रेलवे ने रांची जंक्शन-आनंद विहार टर्मिनल और नई दिल्ली-पटना जंक्शन-प्रयागराज जंक्शन के बीच तीन जोड़ी विशेष ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया है। ट्रेन संख्या 02877 रांची जंक्शन-आनंद विहार टर्मिनल त्योहार साप्ताहिक एसी स्पेशल 1 से 15 नवंबर तक प्रत्येक शुक्रवार को चलेगी। ट्रेन रांची से 23.55 बजे रवाना होगी और अगले दिन 3 बजे आनंद विहार पहुंचेगी।

## अफगानिस्तान में सोने की खदान ढहने से तीन की मौत

**फैजाबाद ।** उत्तरी अफगानिस्तान के बदख्शां प्रांत में एक सोने की खदान ढहने से कम से कम तीन खनिकों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह दुर्घटना प्रांत के अर्घंचख्वा जिले के पहाड़ी इलाके में हुई। बदख्शां में सोने और लापीस लाजुली की खदानें, जिनमें से कुछ का खनन बिना किसी आधुनिक सुविधा या उपकरण के किया जाता है।

## डिजिटल अरेस्ट और साइबर फ्रॉड मामले में हाई लेवल कमेटी गठित

**नयी दिल्ली ।** देश में बढ़ते साइबर अपराध और डिजिटल अरेस्ट के मामलों को लेकर गृह मंत्रालय ने बुधवार को एक हाई लेवल कमेटी गठित की है। बताया जा रहा है कि गृह मंत्रालय के आंतरिक सुरक्षा सचिव इस कमेटी को मॉनिटर कर रहे हैं। पीएम मोदी ने मन की बात' के 115वें एपिसोड में देशवासियों को डिजिटल अरेस्ट को लेकर सजग रहने की नसीहत दी थी। साथ ही उन्होंने साइबर फ्रॉड से बचने के लिए 'रुको-सोचो-एक्शन लो' का मंत्र भी दिया था।







